श्रावण कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 29 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 253, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत को हराकर श्रीलंका बना चैंपियन 15
ठिठुरती ठंड में तमन्ना ने शूट किया था स्त्री 2 का गाना 16

# विधानमंडल का सत्र आज से सरकार को घेरने की तैयारी

## दोनों सदनों में गूंजेंगे कानून-व्यवस्था, जाति जनगणना, बेरोजगारी समेत कई मुद्दे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार 29 जुलाई से शुरू होगा। विपक्ष ने कानून-व्यवस्था समेत कई मुद्दो पर सरकार को घेरने की तैयारी की है। ऐसे में दोनों सदन विधानसभा व विधान परिषद के हंगामेदार होने की संभावना है।

लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश विधानमंडल का पहला सत्र शुरू हो रहा है। इस सत्र में सरकार करीब 25 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाने के साथ ही कई विधेयक पारित कराने की तैयारी में है।

इस बार विधानसभा का सदन कुछ बदला हुआ दिखेगा, क्योंकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष के तौर पर नहीं होंगे, पर मुख्य विपक्षी दल सपा के साथ ही कांग्रेस व बसपा ने सरकार को घेरने की रणनीति तैयार कर ली है। पूरे विपक्ष ने कानून-व्यवस्था, जाति जनगणना, बिजली, बेरोजगारी, महंगाई, बाढ़, कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानदारों के लिए नेम प्लेट लगाने, बस्तियों पर बुलडोजर चलाने जैसे मुद्दे उठाने की तैयारी कर ली है।

**30 जुलाई को पेश होगा अनुपूरक बजट :** राज्य सरकार विधानमंडल में 30 जुलाई को अनुपूरक बजट पेश करेगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे। बजट के जरिए राज्य सरकार प्रयागराज में प्रस्तावित कुंभ मेला, प्रदेश की औद्योगिक व विकास परियोजनाओं, नए बिजली उत्पादन घरों के निर्माण व विस्तार, पर्यटन विभाग की योजनाओं को गति देने के लिए अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था करेगी।



विधानमंडल का सत्र शुरू होने से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक में भाग लेते विधायकगण। ● अमृत विचार

### सर्वदलीय बैठक में महाना ने दी सलाह-शालीनता व संसदीय मर्यादा में करें बहस

मानसून सत्र को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सदस्य शालीनता व संसदीय मर्यादा में रहकर बहस करें। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा करने व जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने की अपील की। उन्होंने सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों के नेताओं से सहयोग का अनुरोध किया। इस दौरान विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रदेश में सूखा, बाढ़ की विभीषका और अघोषित बिजली कटौती समेत जनता से जुड़े मुद्दों पर सदन मे चर्चा कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने उठाए गए मुद्दों पर उचित कार्यवाही करने को कहा। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आश्वस्त किया कि सरकार सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है।

### कमाल अख्तर बनाए गए सपा के मुख्य सचेतक



मुरादाबाद में कांठ सीट से विधायक पूर्व मंत्री कमाल अख्तर को विधानसभा में पार्टी का मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बड़े वर्ग को साथ रखने का संदेश दिया है। सपा में कमाल अख्तर की कद्दावर नेताओं में गिनती है, वे सपा सरकार में दो बार मंत्री रह चुके हैं, साथ ही 2004 में राज्यसभा सदस्य भी रह चुके हैं। हालांकि 2017 में हसनपुर सीट से विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। 2014 की मोदी लहर में अमरोहा सीट पर कमाल अख्तर की पत्नी हुमेरा अख्तर 3 .70 लाख मत प्राप्त कर दूसरे नंबर रही थीं। इसके अलावा विधायक महबूब अली व ओम प्रकाश सिंह को अधिष्ठाता मंडल में शामिल किया गया है।

### विधानसभा में माता प्रसाद पांडेय बने नेता प्रतिपक्ष



सपा विधायक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए गए हैं। मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी की ओर से माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का पत्र भेजे जाने के बाद विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर दी। माता प्रसाद सिद्धार्थनगर की इटवा सीट से विधायक हैं। वह प्रदेश विधानसभा के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सपा विधायक दल की बैठक में सदन में विभिन्न जिम्मेदारी निभाने वाले नेताओं के नामों पर सहमति दी। इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष थे। कन्नौज से सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

# मनु ने रचा इतिहास, जीता कांस्य



**शेटराउ (फ्रांस)।** स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 12 साल के इंतजार को खत्म किया और पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोला। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज भी बनीं। कांस्य पदक जीतने के बाद मनु भाकर ने कहा, टोक्यो ओलंपिक के बाद मैं बहुत निराश थी और मुझे इससे उबरने में बहुत लंबा समय लगा। सच कहूं तो मैं यह नहीं बता सकती कि आज मैं कितना अच्छा महसूस कर रही हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पहला पदक जीतने के लिए मनु भाकर को बधाई। यह सफलता इसलिए और भी खास है क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। कमाल की उपलब्धि। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, भारत ने अपने ओलंपिक अभियान की शुरुआत सुयोग्य पदक के साथ की है। महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर को हमारी बधाई। उन्होंने कहा, आपकी उपलब्धि आपके असाधारण कौशल और दृढ़ता का प्रमाण है। हमें आप पर बेहद गर्व है।

**10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल**

**ओलंपिक में खुला भारत का खाता**

- प्रधानमंत्री मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने जीत पर बधाई दी

## सीयूईटी-यूजी का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम रविवार को घोषित कर दिए, जिससे स्नातक दाखिला प्रक्रिया शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

दाखिला प्रक्रिया में इस वर्ष विलंब हो गया है। एनटीए ने सात जुलाई को सीयूईटी-यूजी 2024 की उत्तर कुंजी जारी कर दी थी, जिससे नतीजों की घोषणा का रास्ता साफ हो गया है। लगभग एक हजार अभ्यर्थियों की शिकायत सही पाये जाने पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को आयोजित की गई थी। नीट-यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर विवाद के बीच सीयूईटी-यूजी के नतीजों में देरी हुई।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव 2027 में विजयश्री का सौंपा गया लक्ष्य

# योगी के नेतृत्व को हाईकमान की हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में मोदी ने की तारीफ, अर्थव्यवस्था सुशासन पर फोकस
- प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में प्रयासों की सराहना की



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद अपनों के निशाने पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नई दिल्ली में मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के बाद और मजबूत होकर उभरे हैं। हाईकमान ने योगी के नेतृत्व को प्रदेश के लिए उपयोगी मानते हुए दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव के साथ वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की बागडोर भी सौंपी है।

दिल्ली रवाना होने से पहले प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक से मतभेद को लेकर तमाम राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन, ईमानदार व कुशल प्रशासक की पहचान बना चुके मुख्यमंत्री योगी ने अपनी साख बनाये रखी। उनकी स्वच्छ व पारदर्शी कार्यशैली को हाईकमान का पूरा साथ मिला है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने भाजपा मुख्यालय में रविवार को भी मुख्यमंत्री के साथ मिलकर दोनों उप मुख्यमंत्रियों को एकजुटता दिखाने का संदेश दिया। इस बात पर भी जोर दिया गया कि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सम्मान किया जाए। मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में मुख्यमंत्री योगी के समग्र प्रयासों की सराहना की। विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ सुशासन को लेकर मिशन मोड में काम करने वाले योगी को ऊर्जावान भी बताया।










# सैनिक सम्मान के साथ बलिदानी मोहित राठौर को दी अंतिम विदाई

संवाददाता, इस्लामनगर (बदायूं)

- डीएम और एसएसपी के साथ ही सांसद, विधायक ने दी श्रद्धांजलि
- इस्लामनगर के सभानगर में शव आते ही नम हुई सबकी आंखें

**अमृत विचार :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सर्च आपरेशन के दौरान शनिवार को बलिदान हुए 17 राजपुताना राइफल यूनिट में तैनात मोहित कुमार राठौर का शव रविवार को उनके पैतृक गांव इस्लामनगर के सभानगर पहुंचा। सैन्य वाहन से वीर सपूत का पार्थिव शरीर उतारते ही पत्नी रुचि के साथ परिवार के अन्य लोगों की आंखें छलक पड़ीं।

बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। नम आंखों से हजारों लोगों ने बलिदानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सैनिक सम्मान के साथ बलिदानी को अंतिम विदाई देकर अंत्येष्टि की गई। पिता नत्थू सिंह ने बलिदानी बेटे को मुखाग्नि दी। इस दौरान जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव, एसएसपी डा. बृजेश कुमार सिंह, सांसद आदित्य यादव, विधायक आशुतोष मौर्य के अलावा भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे। सेना की गाड़ी से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर जैसे ही उतारा गया तो लोगों ने सेल्यूट किया और तिरंगा लेकर साथ चल पड़े। जब तक सूरज चांद रहेगा, मोहित सिंह राठौर का नाम रहेगा। मोहित सिंह अमर रहें, भारत माता की जय, वंदे मातरम के अलावा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।



अंत्येष्टि से पहले सेना ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर। ● अमृत विचार

## चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पंबेई) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। चारों पर गोलीबारी और नागरिकों पर हमला करने के आरोप हैं।

**कवायद** वर्ष 2024-25 के लिए सभी जिलों से मांगे प्रस्ताव, बिजली, आरओ, ईसीसीई व एलईडी से होंगे लैस

# हाईटेक होंगे आंगनबाड़ी केंद्र, एलईडी से क्लास

अमृत विचार विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र हाईटेक बनेंगे। इसके लिए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग बिजली, पानी, किचन, शौचालय की व्यवस्था बेहतर करेगा। केंद्रों पर आरओ, रेनवाटर, पोषण वाटिका, हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएंगी।

पोषाहार, अन्नप्रासन के अलावा विभागीय कार्यक्रम संबंधित गतिविधियां महिला, धात्री, किशोरी और उनके अभिभावकों को एलईडी पर दिखाई और समझाई जाएंगी। बच्चों की क्लास भी एलईडी से लगेगी। इससे बच्चे पढ़ाई-लिखाई और अन्य चीजें आसानी से समझ सकेंगे। ईसीसीई यानी बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराकर बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास किया जाएगा। निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने वर्ष 2024-25 के लिए जिलाधिकारी से केंद्रों के प्रस्ताव मांगे हैं।

### यह दरें निर्धारित

- पोषण वाटिका पर 10 हजार रुपये, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर 16 हजार रुपये
- आरओ यूनिट पर 10 हजार, एलईडी पर 25 हजार, ईसीसीई सामग्री पर 39 हजार रुपये

### 2022-23 में 2,349 और 2023-24 में 17,845 केंद्र

पहले चरण 2022-23 में प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जिलों के 2349 केंद्र चयनित हुए थे। दूसरे चरण 2023-24 में 72 जिलों के 17,845 केंद्र चयनित किए गए। केंद्र सरकार ने 2024-25 में सभी जिलों के केंद्र सक्षम बनाने के निर्देश दिए हैं। 2024-25 के प्रस्ताव में पूर्व में चयनित केंद्रों का चयन नहीं किया जाएगा। इसका सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएंगे।

### 17,845 केंद्र भी होंगे सक्षम

वर्ष 2023-24 में चयनित 17,845 केंद्रों को सक्षम बनाने के लिए बजट की मांग की गई है। बजट मिलते ही इसी वर्ष केंद्रों को विकसित किया जाएगा। पहले चरण के कुछ चयनित केंद्र मानकों के फंसे हैं। इन्हें भी विकसित करने की प्रक्रिया की जा रही है। इन कार्यों के लिए एक लाख रुपये बजट निर्धारित किया गया है।

एक नजर

## रास्ता बंद करने का आरोप, तहरीर दी

शाहजहांपुर। कांट थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर के मजरा कोठा निवासी अशोक ने कोतवाली कांट में दी तहरीर में बताता कि उसके घर जाने के लिए खड़ंजा पड़ा हुआ था। लेकिन गांव के ही दो लोगों ने खड़ंजा उखाड़कर नींव भरना शुरू कर दिया। जिससे घर का रास्ता बंद हो गया। पीड़ित ने जब उक्त लोगों को मना किया तो गाली गलौज करते हुए जान करने की धमकी दी। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने रास्ता खुलवाने एवं दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## रंजिशन युवक को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती रेती निवासी अश्वनी कुमार ने बताया कि 25 जुलाई को सुबह आठ बजे अपने खेत पर दवा छिड़क रहा था। गांव के श्रीनिवास उसके खेत पर आया, जो पुरानी रंजिश मानता है। आरोपी ने उसे गालियां दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया। उसने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उसे जान माल का खतरा बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि आरोपी श्रीनिवास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# भोले के रंग में रंगने लगा वातावरण... हर हर, बम बम के गूंजे घोष

## सावन का दूसरा सोमवार आज, छोटी काशी सहित अन्य शिवालयों में महादेव का अभिषेक करेंगे कांवड़िए


महानगर से निकलता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार


महानगर में कांवड़ ले जाते शिवभक्त। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वाहनों पर केसरिया झंडे लगा मस्ती करते भक्त कर रहे कूच
- घटियाघाट से गंगाजल लेकर पैदल जा रहे बाबा के भक्त
- सुभाष चौराहे पर कांवड़ियों के लिए लगाया गया पंडाल

**अमृत विचार :** पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार को छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ मंदिर में अपने आराध्य का गंगाजल से अभिषेक करने के लिए कांवड़िया उमड़ने लगे हैं। एक दिन पहले यानि रविवार को जनपद के आसपास क्षेत्रों के युवा कांवड़ लेकर हर-हर, बम-बम, जय भोले के घोष करते हुए दिनभर निकलते रहे। कांवड़ियों के जयघोष से महानगर का वातावरण शिवमय होता दिखा।

आदिदेव महादेव की आराधना के पुनीत मास सावन में गंगाजल से भोले बाबा का अभिषेक करने को बहुत फलदायी माना जाता है। भोले बाबा के भक्त पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद स्थित घटियाघाट से गंगाजल लेकर कांवड़ के रूप में पैदल ही यात्रा करते हैं। साथी लोग वाहनों से चलते हैं, जो पहले से निर्धारित स्थान पर कांवड़ लेकर आ रहे अपने साथी की प्रतीक्षा करते हैं। बाद में कांवड़ लेकर वह आगे बढ़ते हैं, यह सिलसिला गोला गोकर्णनाथ तक जारी रहता है। चूंकि अभी सावन शुरू ही हुआ है, इसलिए कांवड़ियों की उतनी संख्या दिखाई नहीं दे रही। हालांकि धीरे-धीरे संख्या में इजाफा होता रहेगा।

शहर में गर्रा क्रासिंग स्थित चौकी राजघाट से महानगर होते हुए पुत्तूलाल चौराहा से रेती मार्ग होते हुए कांवड़िए सुभाष चौराहे (हथौड़ा चौराहं) पर विश्राम करते हैं। सुभाष चौराहे पर कांवड़ियों के लिए पंडाल लगाया गया है। शाम को यहां वाहनों पर लगे म्यूजिक सिस्टम पर भगवान भोलेनाथ के भजन बजाकर लोग मनोरंजन भी करते हैं। सुभाष चौराहा को बिजली की झालरों से सजाया गया है। यहां कांवड़ियों की सुरक्षा में पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं। यातायात पुलिस भी व्यवस्था संभालने को लगाई गई है। लोग तिरंगा झंडे और केसरिया झंडे वाहनों पर लगाकर मस्ती करते हुए गोला गोकर्णनाथ के लिए कूच कर रहे हैं।



केसरिया ध्वज और कांवड़ के साथ सुभाष चौराहा से गोला जा रहे भोले के भक्त।

## एक अगस्त से होगी शिवमहापुराण कथा, तैयारियां शुरू



- आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान खिरनीबाग मैदान में कराएगा कथा
- वृंदावन धाम के संत अतुल कृष्ण भारद्वाज श्रवण कराएंगे शिव महिमा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के बैनर तले पहली अगस्त से खिरनीबाग जीआईसी मैदान में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। इस संबंध में आयोजक मंडल ने प्रेसवार्ता कर तैयारियों से संबंधित जानकारी दी। मुख्य आयोजक हरिशरण वाजपेयी ने बताया कि सावन के महीने में शिवपुराण कथा सुनने का बहुत महत्व है। यह संस्था का 10वां आयोजन है, जिसमें भगवान भोलेनाथ के भक्तों को श्री शिवमहापुराण कथा सुनने के साथ ही रुद्राभिषेक करने का भी सौभाग्य प्राप्त होगा। खिरनीबाग मैदान में एक अगस्त से नौ अगस्त तक प्रतिदिन अपरान्ह चार से रात आठ बजे तक आदिदेव महादेव की कथा श्रवण कराई जाएगी। इस बार वृंदावन धाम के संत अतुल कृष्ण भारद्वाज शिवपुराण कथा श्रवण कराएंगे। मुख्य संयोजक डॉ. विजय पाठक ने बताया कि भगवान भोले नाथ की शिवमहापुराण कथा के पहली दिन यानि एक अगस्त को अपरान्ह दो बजे से बाबा विश्वनाथ मंदिर से भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। समिति अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि 10 अगस्त को शिवपुराण कथा का समापन दोपहर 12 बजे से आयोजन स्थल पर ही 1108 पार्थिक शिवलिंगों का रुद्राभिषेक किया जाएगा। रुद्राभिषेक की समस्त पूजन सामग्री समिति द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। अंतिम दिन 11 अगस्त को भंडारा होगा। कथा के लिए वाटरप्रूफ विशाल पंडाल लगना शुरू हो चुका है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ तिवारी, प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र, अशोक कुमार गुप्ता, मुनेश्वर सिंह, अभिषेक वाजपेयी आदि मौजूद रहे।

# प्रेरक दिवस के रूप में मना योग संस्था के संस्थापक का निर्वाण दिवस



योग विज्ञान संस्थान के संस्थापक ऋषिराम शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करते जिला प्रधान।


संस्थापक ऋषिराम शर्मा को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आर्य महिला महाविद्यालय में योग विज्ञान संस्थान का आयोजन

**अमृत विचार :** योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में संस्थान के संस्थापक ऋषिराम शर्मा का निर्वाण दिवस सामूहिक योग साधना के साथ प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने संगीतमय प्रस्तुति देकर ऋषिराम शर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

आर्य महिला डिग्री कॉलेज योग साधना केंद्र पर रविवार को हुए आयोजन में साधकों ने जीवन जीने का कला और समग्रता के विज्ञान योग को निस्वार्थ भाव से जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जिला प्रधान डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी के साथ साधकों ने संस्थापक ऋषिराम शर्मा के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी कड़ी में जिला प्रधान डॉ. त्रिपाठी, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, उप प्रधान ज्ञानेश चंद्र मिश्र, महिला योग प्रमुख ज्योति गुप्ता, नरेश चंद्र त्यागी, आलोक दुबे, ललित मोहन आदि ने ऋषिराम शर्मा के व्यक्तिव और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रेनू सक्सेना, गीता पांडेय, अर्चना जौहरी, राजवीर सिंह यादव, मिथिलेश त्यागी, संध्या गुप्ता, राजेश कुमार, बृजेश सक्सेना, ऊषा कश्यप, मधु सक्सेना, सतवंत कौर, सुनीता सिंह, राजकुमारी, जवाहर लाल आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं ने दी संगीतमय श्रद्धांजलि, सामूहिक योगाभ्यास हुआ

आर्य महिला डिग्री कॉलेज की खुशी गोटिया, स्नेहिल चंद्र, अंजलि वर्मा, ज्योत्ना वर्मा, श्रद्धांजलि सिंह, शीतल गुप्ता, साक्षी ने संस्थान का प्रेरणा गीत समेत अन्य गीत प्रस्तुत किए। वरिष्ठ रंगकर्मी शालू यादव ने भी गीत सुनाया। इससे पहले केंद्र प्रमुख राजेश दीक्षित, सौरभ गोयल, विपिन रस्तोगी, अनामिका अवस्थी, अर्चना दीक्षित, तराना जमाल, डॉ. सारिका अग्रवाल, प्रवीण मिश्रा, तेजवीर गुप्ता, सरोज कश्यप आदि ने आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया।

## नरौरा बैराज से गंगा नदी में 134584 क्यूसेक पानी छोड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** गंगा नदी में नरौरा बैराज से 134584 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गर्रा नदी में दियूनी से पानी नहीं छोड़ा गया। जबकि रामगंगा नदी में विभिन्न बांधों से 4883 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गंगा नदी का जलस्तर कछला घाट पर रविवार को 0.67 सेंटी मीटर घटा है तो वहीं गंगा नदी का जलस्तर भैसार ढाई घाट तटबंध पर 0.35 सेमी बढ़ा है। रविवार को अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड के कंट्रोल रूम की रिपोर्ट में जलस्तर के बारे में मिली। रामगंगा नदी चौबारी घाट का जलस्तर 0.01 बढ़ा है। रामगंगा का जलस्तर डबरी घाट पर 0.07 बढ़ा। खन्नौत नदी का जलस्तर लोधीपुर पुल पर 0.05 घटा हुआ दर्ज किया गया। गर्रा नदी अजीजगंज पुल का जलस्तर 0.10 घटा है। इसी तरह नदियों में पानी छोड़ने का क्रम जारी है।

# अभाविप कटरा नगर इकाई के अध्यक्ष बने अभिषेक



अभाविप कटरा नगर इकाई की नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आदर्श इंटर कॉलेज में हुई बैठक में ब्रज प्रांत कोषाध्यक्ष ने की कार्यकारिणी की घोषणा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कटरा नगर इकाई का रविवार को गठन किया गया। आदर्श इंटर कॉलेज में हुई बैठक में ब्रज प्रांत कोषाध्यक्ष मचकेंद्र सिंह ने कार्यकारिणी की घोषणा की।

नवीन नगर इकाई में अभिषेक शुक्ला को अध्यक्ष और अर्नव त्रिपाठी को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इनके अतिरिक्त अशोक बिंदु, अनमोल कश्यप, शिवांश गंगवार को उपाध्यक्ष, रितेश और सौरभ को सहमंत्री, हिमांशु को आंदोलन प्रमुख, आशीष को खेल आयाम संयोजक, आर्यन को सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी आदि गुप्ता की उपस्थिति में घोषित इकाई में मृदुल शर्मा, प्रभात पांडेय, गिरजा शंकर को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया।

## उधार दिए रुपये दिलाने की मांग, तहरीर दी

**खुटार, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला नरायनपुर निवासी शंकर वर्मा की पत्नी रेनू वर्मा ने बताया कि गांव लालपुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने करीब एक वर्ष पूर्व 80 हजार रुपये उधार में लिए थे। करीब तीन-चार महीने पूर्व उसने अपने रुपये मांगे थे, तो आजकल की बात कहकर टरका दिया। बाद में 80 हजार रुपये का चेक दिया लेकिन बैंक में चेक लगाने के बाद पता चला कि अकाउंट में रुपये नहीं है। इसके बाद उसने रुपये देने की हामी भरी थी। करीब एक माह पूर्व आरोपी का देहांत हो गया। इसकी जानकारी उसके पुत्र ने दी। जब पुत्र से रुपये मांगे तो रुपये नहीं देने की धमकी दी। इसके अलावा गांव कुसुमा के रहने वाले राजीव कुमार ने भी आरोपी को 80 हजार रुपये दिए थे। रविवार को रेनू वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# कानपुर में हुई ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते पदक, शहर लौटने पर हुआ स्वागत

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ रीजन की ओर से कानपुर में 25, 26 जुलाई को आयोजित 53 वी केवीएस स्पोर्ट्स मीट में ताइक्वांडो खेल में केंद्रीय विद्यालय नं.- 2 के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक प्राप्त किए। विजयी छात्रों का शाहजहांपुर पहुंचने पर रविवार को स्वागत किया गया।

बालक वर्ग कैडेट वर्ग (37 किग्रा) में मो. औसाफ अली, जूनियर वर्ग (48 किग्रा) में प्रथक सक्सेना व जूनियर (52 किग्रा) में आकर्षित श्रीवास्तव ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता। बालिका वर्ग के जूनियर (45 किग्रा) में आर्या गुप्ता ने लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। इन सभी छात्रों एवं छात्रा का चयन सितंबर माह में बैंगलोर में होने वाली केंद्रीय विद्यालय संगठन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हो गया है। शहर लौटने पर ओसीएफ रामलीला मैदान में शाहजहांपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव एचएस थापा एवं कोच राहुल सिंह ने इन सभी स्वर्ण पदक विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र सिह, सुमित कुमार, आशीष, त्रिपाठी, सत्यम कुमार ताइक्वांडो एसोसिएशन के कई छात्र- छात्राएं एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।


विजेताओं का स्वागत करते ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव एचएस थापा एवं कोच राहुल सिंह।

- सितंबर में बेंगलुरु में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ विजेताओं का चयन
- केवी संगठन लखनऊ रीजन की ओर से 25 और 26 जुलाई को हुआ था आयोजन

कार्यक्रम — मदरसा नूरुल हुदा में मनाई गई पूर्व राष्ट्रपति की पुण्यतिथि

# देश को सशक्त बनाने में डॉ. कलाम का अद्वितीय योगदान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बिजलीपुरा स्थित मदरसा नूरुल हुदा में रविवार को पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की नौवीं पुण्यतिथि गोष्ठी के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालकर खिराजे अकीदत पेश की।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श पांडेय ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम के जीवन से जुड़े कई संस्मरण सुनाकर उन्हें याद किया। कहा कि डॉ. कलाम हमारे देश के ऐसे मिसाइल मैन थे, जिन्होंने देश की तरक्की के लिए हमेशा श्रेष्ठ देने का काम किया। उनका सपना था कि हम अपने देश के लिए ऐसा कार्य करें, जो यादगार बन सके। उन्होंने डॉ. कलाम की बुनियादी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तथा देश को दिए गए अद्वितीय योगदान की जानकारी बच्चों को दी। विशिष्ट अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. विकास खुराना ने डॉ. कलाम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने खिराजे अकीदत पेश करते हुए बच्चों को डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने को प्रेरित किया।

समापन पर अतिथियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर साजिद अली खां, शारिक अली खां, सैयद शारिक अली, मुख्तार अहमद, अब्दुल कादिर खां, ममनून खां, निफासत खां, सबिहा सुल्ताना, जहूर अहमद, हैदर अली, मोहम्मद जाहिद आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



मदरसा नूरुल हुदा में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की पुण्यतिथि पर संबोधन देते डॉ. आदर्श पांडेय।

- वक्ताओं ने भारत रत्न कलाम को पेश की खिराजे अकीदत

# राहत सामग्री वितरण में घोटाले का आरोप, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

**अमृत विचार :** बाढ़ पीड़ितों को दी जाने वाली राहत सामग्री के वितरण में मनमानी और कुछ सामान चोरी से बेचने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने थाना प्रभारी को पत्र लिखकर जांच कर कार्रवाई की मांग है।

तहसील सदर क्षेत्र की विकास खंड ददरौल क्षेत्र के गांव दिवैयापुर निवासी नजमा बेगम, धनपाल, नन्ही, राम सनेही, लालाराम, मोहम्मद अशफाक, श्याम लाल, अन्नू सिंह आदि करीब 25 ग्रामीणों ने अंगूठा एवं हस्ताक्षरयुक्त शिकायती प्रार्थना पत्र थाना प्रभारी को देते हुए बताया कि बाढ़ पीड़ितों के लिए शासन से आने वाली राहत सामग्री को रोजा के एक गांव का व्यक्ति और पड़ोसी गांव का व्यक्ति अपने ऑटो रिक्शा में लोड करके लाए थे। आरोप लगाया कि इन्ही दोनों के साथ गांव के दो लोगों ने रास्ते में तेल, आटा, चावल, चीनी, तिरपाल, दालें चोरी कर बेच दिया और कुछ सामान घर ले गए। जबकि प्रधान रिंकी देवी ने कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को प्रार्थना पत्र देते हुए चंदगोई से 274 व ग्राम पंचायत में शामिल गांव दिवैयापुर से 101 बाढ़ पीड़ितों की लिस्ट तैयार करके दी थी। आरोप लगाया कि राजस्व टीम ने बिना निरीक्षण किए मनचाहे लोगों को सामग्री दे दी।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis • Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

उत्तर प्रदेश सरकार व नीति आयोग द्वारा रजिस्टर्ड Reg. No.201900787012235
Social Welfare Service Trust (NGO)
एक कदम समाज की ओर.... (समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट)
समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट NGO द्वारा बरेली के टॉप कॉलेज व यूनीवर्सिटी में सीधे प्रवेश लें
Admission Open 2024
NGO द्वारा SC/ST छात्र/छात्राओं के लिए फ्री प्रवेश
किताबे व यूनीफार्म फ्री
Polytechnic/GTI B.B.A B.C.A B.Tech M.B.A M.C.A
PARAMEDICAL PHARMECY
DPT D.R.(Opt) OT X-RAY GNM ANM B. Pharma D. Pharma
AAYURVEDIC COURSE
GNM ANM B. Pharma
EDUCATION COURSE
B.Ed M.Ed BTC
नोटः- किसी भी कोर्स में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों के 60% अंक व 2 लाख सालाना आय से कम का आय प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है।
OBC/Gen./Other छात्र/छात्राओं को प्रवेश लेने पर विशेष छूट मिलेगी
Office Add. Mahanagar Colony Gol Chakkar, Near PNB ATM Gate No.1, Pilibhit bypass, Bareilly
M. 9045350563, 7310916076, 9027260563
ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। Website - www.sksa.org.in Email: skseva6@gmail.com

ADMISSION OPEN
SARDAR BALLABH BHAI PATEL DEGREE COLLEGE
BHOJIPURA, BAREILLY
Courses
B.Ed. | D.El.Ed. Code 080014 | B.El.Ed. Code 148
POLYTECHNIC Code 2253 | D. Pharma Code 2079/2143
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2024-25 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
9412288876, 9412288878, 9412287776, 9457507777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार 9412287777







### आज का मौसम

$34.0^{0}$ अधिकतम तापमान | $28.0^{0}$ न्यूनतम तापमान

# लकड़ी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर घर के बाहर खेल रहे बच्चे की मौत

## तिलहर-निगोही स्टेट हाईवे पर रविवार सुबह हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, तिलहर



तिलहर में घटना के बाद बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तिलहर-निगोही स्टेट हाईवे पर रविवार सुबह घर के बाहर खेल रहे पांच वर्षीय बच्चे की लकड़ी-भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। चालक वाहन छोड़कर भाग गया। गुस्साए ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर शांत किया और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेने के साथ ही शव पोस्टमार्टम को भिजवाया।



मृतक बालक हरिओम।

क्षेत्र के गांव बिरसिंहपुर निवासी दुर्गेश मौर्य ने बताया कि तिलहर-निगोही स्टेट हाईवे किनारे हजरतपुर मोड़ पर उसके घर के बाहर पंचर की दुकान है। सुबह करीब 10 बजे वह पंचर जोड़ रहा था, पत्नी सीमा घरेलू काम में लगी हुई थी। इसी दौरान उसका बेटा हरिओम(5) खेलते हुए घर के दरवाजे पर दुकान के पास आ गया। वह दुकान के पास खेल रहा था, तभी अचानक लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आ गई। जिसकी चपेट में आकर हरिओम की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। चालक वाहन छोड़कर भाग गया। वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे बाइक से चल रहे ठेकेदार को लोगों ने पकड़ लिया। तब ठेकेदार बच्चे को जिंदा होने की उम्मीद में उसके बाइक पर बैठाकर 12 किलोमीटर दूर तिलहर सीएचसी ले गया। इधर गांव वालों ने घटना के बाद लकड़ी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर कर दिया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। मां सीमा देवी बार-बार बेसुध हो रही थी। तिलहर सीएचसी पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिरसिंहपुर चौकी प्रभारी बालकराम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- गुस्साए ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर किया हंगामा, रोड पर लगा जाम, चालक भागा



बेटे की मौत पर बिलख रही मां सीमा को ढांढस बंधाती महिलाएं। ● अमृत विचार

### सबसे छोटा होने के कारण सबसे दुलारा था हरिओम

दुर्गेश मौर्य के चार बच्चों में हरिओम सबसे छोटा था, इसीलिए वह परिवार का सबसे दुलारा था। दुर्गेश के बच्चों में सबसे बड़ी बेटी आरती 11 वर्ष, संजय नौ वर्ष और किरन सात वर्ष है। हरिओम पांच वर्ष का था। उसकी मौत से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

> मृतक के पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक हजरतपुर निवासी मोमीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चालक के बारे में पता कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।
> – विशाल प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक

# तीसरे दिन नहर में मिला किशोर का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/मकसूदापुर

- शुक्रवार की सुबह घर से जानवरों के लिए घास काटने गया था लल्ला
- चप्पलें, साइकिल नहर के बाहर मिली पिता ने हत्या का आरोप लगाया

**अमृत विचार :** बंडा क्षेत्र का एक किशोर घास काटने के लिए निकला था। उसकी साइकिल और चप्पलें गहुलिया नहर की पुलिया के पास पड़ी मिली थी। उसका शव तीसरे दिन भावी नहर पुलिया के निकट उतराता हुआ मिला है। पुलिस ने किशोर के शव को नहर से बाहर निकलवाया। इधर मृतक के पिता का आरोप है कि उसके बेटे की हत्या करके शव को नहर में फेंक दिया है।



मृतक लल्ला मौर्य।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव पिपरा जप्ती निवासी गंगाराम का पुत्र लल्ला मौर्य(16) शुक्रवार की सुबह साढ़े छह बजे साइकिल लेकर जानवरों के लिए घास काटने गया था। वह शाम तक वापस नहीं आया तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। शनिवार की शाम उसकी साइकिल व चप्पलें गहलुइया पुल नहर के किनारे पड़ी थी। पुलिस ने गोताखोरों से नहर में उसकी तलाश कराई। लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। रविवार की सुबह नौ बजे भावी नहर पुलिया के निकट ग्रामीणों ने एक किशोर का शव उतारता हुआ देखा। लोगों ने उसकी सूचना बंडा थाना पर दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। सिपाहियों ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। इधर गंगाराम परिवार वालों के साथ पहुंचे और बेटे लल्ला के रूप में शव की शिनाख्त की। उनका आरोप है कि उसके बेटे की हत्या कर शव को नहर में डाल दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। मृतक छह भाइयों में पांचवें नंबर का था और उसकी मां का नाम गजरानी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बरेली जिले के भमौरा थाना के गांव नगला निवासी लीलावती ने बताया कि उसका पुत्र तेजपाल, उसका साथी प्रेमपाल व संजीव कुमार, रामबाबू आरसीएल कंपनी में काम करते थे। 25 जून को तेजपाल और उसके साथी ट्राला में सरिया भरकर जा रहे थे। चालक काफी तेजी से ट्राला चला रहा था। उसके पुत्र ने चालक से कहा कि अधिक स्पीड में न चलाओ। रात में दो बजे ट्राला डिवाइडर से टकराकर पलट गया। उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज से उसे बरेली रेफर कर दिया था। उसके पुत्र के इलाज में दो लाख रुपये खर्च हो गया। चालक ने कहा था कि इलाज में जो रुपये लगेंगे, वह देगा। लेकिन उसने रुपये नहीं दिए। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# घरेलू कलह में घर में फंदे पर लटक कर युवक ने दी जान

संवाददाता, रौसर कोठी

- परिवार सहित दिल्ली में रह कर मजदूरी करता था राजेश
- पंद्रह दिन पहले लौटा था गांव, रात में लगा ली फांसी

**अमृत विचार :** घरेलू कलह में शनिवार रात फंदे पर लटक कर युवक ने जान दे दी। उसका शव घर के अंदर कमरे में कुंडे से लटक रहा था और गले में रस्सी का फंदा लगा हुआ था। परिजनों को रविवार सुबह जागने पर जानकारी हुई। पुलिस के मुताबिक वह शराब पीने का आदी था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव गुवारी निवासी राजेश कुमार(35) एक वर्ष पहले रिलायंस पावर परियोजना में बतौर मजदूर काम करता था लेकिन शराबी प्रवृत्ति के होने के चलते उसे रिलायंस परियोजना से निकाल दिया गया था। इसके बाद वह परिवार सहित दिल्ली में मजदूरी करने चला गया। लगभग 15 दिन पहले वह दिल्ली से अपने घर वापस आ गया। शनिवार रात किसी बात से नाराज होकर उसने घर में बने कमरे के कुंडे में रस्सी के सहारे लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिवार वालों ने सुबह देखा तो जानकारी हुई। पुलिस को सूचना दी पुलिस ने गांव पहुंचकर पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। उसकी पत्नी पूजा दिल्ली में रहकर मजदूरी करती है। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं।



कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

# शातिर अपराधी बार्डर और उसके दो भाइयों की ढाई करोड़ की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर सदर बाजार पुलिस ने जिला बदर अपराधी सुहेल बार्डर और उसके दो भाइयों की रिहायशी संपत्ति को कुर्क किया है। शहर व दो गांवों में संपत्ति कुर्क की गई, जो ढाई करोड़ की बताया जाती है। तीनों भाइयों पर गैंगस्टर समेत कई मुकदमे दर्ज है। कार्रवाई के दौरान सीओ सिटी, एसडीएम सदर और तहसीलदार समेत भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात था।



शातिर अपराधी बार्डर के घर के पास डुगडुगी पिटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला अलीजई निवासी सुहेल उर्फ बार्डर के दो भाई कामरान और इमरान है। तीनों भाइयों का आपराधिक इतिहास है। बार्डर के खिलाफ दो दर्जन और उसके भाई कामरान व इमरान के खिलाफ 12-12 मुकदमे हत्या, रंगदारी, जमीन पर कब्जा, मारपीट, गैंगस्टर, शस्त्र अधिनियम के दर्ज है। एक माह पूर्व कांट क्षेत्र में सोहेल उर्फ बार्डर मुर्गे लड़ाते हुए दिखाई दिया था, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। जिसको लेकर कांट थाने में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। जिला मजिस्ट्रेट ने तीनों भाइयों को जिला बदर अपराधी घोषित कर दिया था। आरोपी कई मामलों में फरार चल रहे थे। डीएम ने 3 जुलाई को तीनों भाइयों की संपत्ति कुर्क करने के निर्देश दिए थे। रविवार की दोपहर सीओ सिटी, एसडीएम सदर, तहसीलदार व सदर बाजार पुलिस मोहल्ला अलीजई में उनके आवास पर पहुंची और घर में मौजूद परिजनों से संपत्ति के बारे में जानकारी की। पुलिस ने परिवार के रहने के लिए मकान का कुछ हिस्सा छोड़कर अन्य पूरी संपत्ति को कुर्क कर गेट पर ताला डाल दिया। यहां संपत्ति कुर्क करने के बाद अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ सेहरामऊ दक्षिणी के पैतृक गांव भरगवां और पसगवां पहुंचे और यहां भी तीनों अपराधियों की संपत्ति व जमीन कुर्क की है। पुलिस ने तीनों स्थानों पर डुगडुगी पिटवाई। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि तीनों भाइयों की ढाई करोड़ की सपत्ति कुर्क की गई है। महिलाओं और बच्चों के लिए कुछ हिस्सा छोड़ दिया गया है।



बार्डर के परिवार की महिला से जानकारी लेतीं महिला इंस्पेक्टर। ● अमृत विचार

- जिलाधिकारी के आदेश पर की गई गैंगस्टर पर कार्रवाई
- हत्या, रंगदारी, मारपीट, गैंगस्टर शस्त्र अधिनियम के दर्ज हैं मामले

> मोहल्ला अलीजई के जिला बदर अपराधी सुहेल उर्फ बार्डर और उसके दो भाई कामरान व इमरान गैंगस्टर के तहत संपत्ति कुर्क की गई। महिलाओं और बच्चों के लिए कुछ संपत्ति छोड़ दी गयीई है। साथ ही सेहरामऊ दक्षिणी के गांव भरगवां व पसगवां में जमीन भी कुर्क की गई है।
> – सौम्या पांडेय, सीओ सिटी



मकान सील करते कर्मचारी।

# अपात्र लाभार्थियों से रिकवरी में हीलाहवाली पर सीडीओ गुस्साईं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीडीओ ने - विकास भवन सभागार में अपूर्ण आवासों व अंतिम किस्त न जारी होने वाले आवासों की हुई समीक्षा
- जिले भर के अफसरों संग की बैठक, कहा- अपूर्ण आवास सात दिवस में पूरे कराना सुनिश्चित करें

**अमृत विचार :** सीडीओ ने पीएम आवास योजना के अपात्रों से पैसे की वसूली में हीलाहवाली में नाराजगी जताई है। उन्होंने अपात्रों को मिले रुपये की जल्द रिकवरी करने को कहा है। साथ ही सीडीओ ने अपूर्ण आवासों के लाभार्थियों के खातों में अंतिम किस्त जल्द भेजने के भी निर्देश दिए।



खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह। ● अमृत विचार

विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह ने रविवार को सभी खंड विकास अधिकारियों, विकासखंड के सभी लेखाकार और पंचायत सचिवों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में बैठक की।

इस दौरान उन्होंने योजना के शुरू से अब तक अपूर्ण 557 आवासों से संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि अपूर्ण आवास सात दिवस में अनिवार्य रूप से पूरे कराना सुनिश्चित करें। अगर निर्धारित आवासों को पूर्ण नहीं कराया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समय-समय पर कराई गई जांच में अपात्र पाए गए लाभार्थियों से धनराशि की शत प्रतिशत वसूली अभी तक न होने पर सीडीओ ने रोष व्यक्त किया और निर्देश दिए कि ऐसे सभी अपात्र लाभार्थियों से आवासों के निर्माण के लिए दी गई धनराशि की शतप्रतिशत वसूली कराकर 15 दिवस के अंदर अवगत कराएं।

पंचायती राज विभाग की पांचवीं और 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष कार्यों को पूर्ण कराते हुए भुगतान की समीक्षा भी की गई। समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक, उपायुक्त श्रमरोजगार व जिला पंचायत राज अधिकारी उपस्थित रहे।

> पात्रों को पीएम आवास योजना ग्रामीण की किस्त जारी करने और अपात्रों से रुपये वसूलने के निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिए गए हैं। कहा गया है कि किसी भी कार्य में लापरवाही न की जाए।
> – डॉ. अपराजिता सिंह, सीडीओ।

### 231 अपात्र डकारे बैठे हैं पात्रों का हक

पंचायत सचिवों की लापरवाही के चलते अब भी 231 अपात्र लोग पात्रों के हक के रुपये डकारे बैठे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ लेने वाले अपात्रों से वसूली नहीं हो पा रही है। कुल 247 लोगों से 98,80,000 रुपये की वसूली की जानी थी और छह महीने में सिर्फ 16 लोगों से ही 6,40,000 रुपये की वसूली हो सकी है। जबकि 231 लोगों से 92,40,000 रुपये की वसूली बाकी है। इनमें तमाम ऐसे हैं जो घरों पर ही नहीं मिल रहे हैं। कोई दिल्ली चला गया है तो कोई मुंबई में मजदूरी कर रहा है। ऐसे में पैसे की वसूली चुनौती बनी हुई है। सीडीओ ने 15 दिन में वसूली का आदेश है। यह आदेश कितना कारगर होगा यह देखने वाली बात होगी।

### सचिवों पर कार्रवाई फिर भी आती हैं शिकायतें

अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास देने में अब तक नौ सचिवों पर कार्रवाई हो चुकी है। इसके बाद भी पीएम आवास योजना ग्रामीण में शिकायतें आने का दौर जारी है। बीते दिनों तिलहर विधायक सलोना कुशावाहा ने विधानसभा में अपात्रों को पीएम आवास दिए जाने का मुद्दा उठाया। अन्य जनप्रतिनिधि भी कई बार पीएम आवासों को लेकर मुद्दा उठा चुके हैं। इसके बाद भी स्थिति में बदलाव नहीं हो पा रहा है। पात्रता तय करने वाले सचिवों की भूमिका आज भी सवालों में है।

## बाइक की टक्कर से सब्जी विक्रेता गंभीर घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** फेरी लगाकर सब्जी बेच रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां गंभीर हालत में चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने बाइक सवार को हिरासत में लिया है। रविवार को नगर के मोहल्ला इमली निवासी मुकेश(22) आर्य समाज मंदिर के पास ठेले पर सब्जी बेचता है। शाम पांच बजे बाजार की ओर से एक बाइक पर दो युवक सवार भक्सी तिराहे की ओर जा रहे थे। इसी बीच बाइक सवार युवक ने सब्जी बेच रहे मुकेश को टक्कर मार दी। जिससे मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया और उसके पिता सुरेश को फोन पर सूचना दी। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। मुकेश के पिता सुरेश ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज में मुकेश की गंभीर हालत को देखते हुए बेहोशी की हालत में बरेली रेफर कर दिया है। पत्नी रिंकी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# बंच लाइन फुंकी, 48 घंटे बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं

संवाददाता, रोजा

- उमस भरी गर्मी में उपभोक्ताओं का हाल बेहाल, पेयजल को भी तरसे
- शनिवार रात आधा घंटा व रविवार शाम 15 मिनट को मिली बिजली

**अमृत विचार:** बंच लाइन फुंक जाने के बाद दुरुस्त करने में जुटा बिजली विभाग 48 घंटे बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं कर पाया। इससे उमस भरी गर्मी में उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो रहा है, यहां तक कि लोग पेयजल को भी तरस गए। शनिवार रात आधा घंटा और रविवार शाम 15 मिनट के लिए बिजली मिली तो लोगों ने मोटर चला पानी की टंकी भरी लेकिन बिजली गुल होने से फिर हालात जस के तस हो गए।



लाइन दुरुस्त करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

शुक्रवार रात बंच लाइन फुंक जाने से दो मोहल्लों के एक हजार घरों की बिजली गुल हो गई। इससे उमस भरी गर्मी में पूरी रात बितानी पड़ी और शनिवार सुबह से लेकर शाम बिजली गुल होने का दंश लोग झेलते रहे। वहीं देर रात सप्लाई चालू होने की संभावना जताई जा रही है। शुक्रवार रात करीब 11 बजे बंच लाइन जलने से मठिया कॉलोनी और आदर्श नगर कॉलोनी की बिजली गुल हो गई। इससे पूरी रात लोग गर्मी में परेशान रहे। सबसे अधिक परेशानी छोटे-छोटे बच्चों को झेलनी पड़ी। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों की छतों पर पहुंच गए लेकिन छत पर मच्छर परेशान करते रहे। सुबह होने पर लोग पेयजल तक को तरस गए। आसपास हैंडपंप से पानी लेकर प्यास बुझाई और नहाने, कपड़े धाने का काम किया। बिजली गुल हो जाने की जानकारी बिजली विभाग को दी गई।

तब फिर नई बंच लाइन डालने की कोशिश शुरू हुई। शनिवार रात करीब 11 बजे बंच लाइन डालकर आपूर्ति 11:30 बजे शुरू हुई, तो लोगों ने राहत की सांस ली। आधा घंटे फिर से बंच लाइन फुंक गई और आपूर्ति ठप हो गई। लोगों को उम्मीद बंधी थी कि देर रात तक बिजली आ जाएगी लेकिन शनिवार को पूरी रात उमस भरी गर्मी में लोगों को हाथ वाला पंखा चलाकर काटनी पड़ी तो वहीं संपन्न लोगों ने जनरेटर से बिजली सप्लाई की व्यवस्था कर ली। रविवार सुबह भी लोगों की उम्मीद पर पानी फिर गया। पूरा दिन बिना बिजली के उमस भरी गर्मी में गुजर गया।

शाम करीब पांच बजे बिजली आई तब लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन 15 मिनट बाद फिर से बिजली गुल हो गई। बिजली कर्मचारियों के मुताबिक रविवार को भी देर रात तक ही सप्लाई मिलने की उम्मीद है क्योंकि जो बंच लाइन सही की गई थी, उससे जुड़ी अन्य लाइन बिजली का लोड पड़ते ही फुंक गई, अब उन्हें दुरूस्त करने भी समय लगेगा। उपभोक्ताओं का कहना है कि आखिर ऐसी बंच लाइन क्यो बिछाई जा रही है, जो जरा सा लोड पड़ने पर फुंक जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि शुक्रवार रात से लेकर रविवार रात तक बिजली कटौती ने उमस भरी गर्मी में जीना मुश्किल कर दिया है, बिजली अधिकारी और कर्मचारी हम लोगों का दर्द समझने की कोशिश नहीं कर रहे हैं।

> जो बंच लाइन फुंक गई थी, उस पर काम लगातार चल रहा था, दूसरी लाइन बिछाकर बिजली सप्लाई चालू करने की कोशिश हुई लेकिन उससे जुड़ी दूसरी बंच लाइन फुंक गई, अब उसे दुरुस्त किया जा रहा है। कोशिश में लगे हैं कि बिजली सप्लाई चालू हो जाए।
> –चंद्रप्रकाश जायसवाल, एसडीओ विद्युत उपकेंद्र रोजा

मुफ्त मुफ्त मुफ्त
मोतियाबिन्द ऑपरेशन
Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9720200777
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधा
जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उनका मोतियाबिन्द का ऑपरेशन राशन कार्ड व आधार कार्ड साथ लाने पर निःशुल्क किया जायेगा
नेत्र रोग विभाग
डॉ. विशी श्रीवास्तव
M.B.B.S., DNB (New Delhi), MNAMS, FLVPEI (Hyderabad)
कॉर्निया, कैटरेक्ट एवं लेसिक सर्जन
सम्पूर्ण नेत्र रोग से सम्बन्धित परामर्श व इलाज
बिना टांका, बिना चीरे के मशीन द्वारा मोतियाबिन्द का ऑपरेशन
कम शुल्क में लेंस अपग्रेड की सुविधा
पुतली का समस्त उपचार
24×7 आँखों की इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स–रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।
BRACHYTHERAPY
24 Channel
PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन
FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें –
92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# जिपं सदस्य समेत दो की हालत बिगड़ी

## कोलाघाट पुल पर वाहनों के आवागमन को लेकर चार दिन से डटे हैं लोग

संवाददाता, मिर्जापुर

- जिला पंचायत सदस्य ओमपाल मंच से उतरते समय गिरकर हो गए चोटिल
- दूसरे साथी रामदास की हालत बिगड़ने पर पुलिस ने दोनों को कराया भर्ती



जमीन पर गिरे जिला पंचायत सदस्य को उठाते साथी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मिर्जापुर में कोलाघाट पुल के पास चल रही भूख हड़ताल के चौथे दिन भी प्रशासन ने अनशनकारियों की सुध नहीं ली है। रविवार को भूख हड़ताल पर बैठे एक जिला पंचायत सदस्य जमीन पर गिर कर चोटिल हो गए। पुलिस ने दो अनशनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिर्जापुर में 22 जुलाई से कोलाघाट पुल से हल्के वाहनों का आवागमन शुरू कराने की मांग को लेकर कोलाघाट संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रामकुमार राठौर की अगुवाई में धरना प्रदर्शन चल रहा है। जबकि चार दिन पहले भूख हड़ताल शुरू कर दी गई। चार दिन से प्रदर्शनकारी भूख हड़ताल पर हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। रविवार को अनशनकारियों की हालत खराब होने लगी। रविवार को जिला पंचायत सदस्य ओमपाल कुशवाहा धरना स्थल मंच से उतरते समय सिर के बल सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। साथियों ने उन्हें उठाकर प्राथमिक उपचार कराया। पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य रामदास राठौर व ओमपाल कुशवाहा की ज्यादा हालत खराब होने पर जरियनपुर सीएचसी में भर्ती कराया। प्रशासन ने अनशनकारियों की सुध न लेने से आम जनमानस में भी आक्रोश पनप रहा है।

रविवार को भूख हड़ताल पर रहे सूरजपाल यादव, रामवीर सिंह सोमवंशी, रामकुमार राठौर, मोहित शर्मा, रामदास राठौर, पार्थ यादव, ओमपाल कुशवाहा, प्रभाशंकर गुप्ता, तस्लीम अंसारी का मेडिकल टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। धरने पर विवेक गुप्ता, पीयूष यादव, जाहर सिंह, जुगेंद्रपाल कुशवाहा, रामऔतार राठौर, स्वामीसरन, रामसरन, वीरेन्द्र राठौर, वीरपाल, राजू, लल्ला वर्मा, भूरे खां, अवधेश, इंतजार खां, सन्तोष यादव आदि मौजूद रहे।

## जमीन संबंधी विवाद में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कजरा निवासी हरजंग सिंह की पत्नी बलजिंदर कौर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव में गाटा संख्या 61 में करीब छह एकड़ भूमि है। यह भूमि उसके पति हरजंग सिंह के नाम दर्ज है। बीमार पति पंजाब में रहकर इलाज करा रहे है। 28 मई 1974 को गांव की प्रकाश कौर पत्नी सुखदेव सिंह, पुत्री भगत सिंह के नाम एक फर्जी बैनामा दर्शा दिया और बंडा की एक महिला का फर्जी आधार कार्ड और फोटो का प्रयोग कर उसे प्रकाश कौर दिखाते हुए 16 अप्रैल 2016 को फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया था। जबकि कोर्ट में मुकदमा चल रहा था और जमीन उसके कब्जे में भी है। पीड़ित बलजिंदर ने शिकायत तहसील प्रशासन से की थी। ध्यान नहीं दिया तो कोर्ट की शरण ली थी। कोर्ट के आदेश पर रविवार को गांव कजरा निवासी प्रकाश कौर, मैनिया निवासी हरजिंदर सिंह, कस्बा पुवायां के गांव पुरैना निवासी रमाकांत पटेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# तालाब में मगरमच्छ... दहशत में लोग

संवाददाता, निगोही

- निगोही नगर पंचायत कार्यालय के पास मगरमच्छ ने डाल रखा है डेरा, वन कर्मियों ने पकड़ने को लगाया पिंजरा



वन कर्मियों द्वारा मगरमच्छ को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा। मौके पर एकत्र लोग।

**अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय के पास बने तालाब में मगरमच्छ ने तीन दिन से डेरा डाल रखा है। बरसात के दिनों में कैमुआ नाला के पानी के साथ बहकर वह तालाब में आ गया था लेकिन अब उसने यहीं ठिकाना बना लिया है। जिससे आसपास के लोग दहशत में हैं। रविवार को उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया।

नगर पंचायत कार्यालय के पास बड़े तालाब में शुक्रवार शाम को लोगों ने मगरमच्छ देखा लेकिन इसके बाद वह गायब हो गया। शनिवार सुबह 11 बजे लोगों की उस पर फिर नजर पड़ी तो लोगों की भीड़ लग गई। तालाब के आसपास बस्ती है, इसलिए लोग दहशत में आ गए कि कहीं मगरमच्छ किसी को निवाला न बना ले। लोगों ने वन विभाग को सूचना दी लेकिन वन कर्मी शनिवार शाम को मौका मुआयना कर लौट गए लेकिन उसे पकड़ने के कोई प्रयास नहीं किए। रविवार सुबह जब लोगों को फिर से मगरमच्छ दिखाई दिया तो सूचना वन विभाग को दी गई। इसके बाद उसे पकड़ने के लिए तालाब किनारे पिंजरा लगाया गया है, जिसमें उसका शिकार बंद कर दिया गया है।

### तो बरसात में कैमुआ नाले के पानी के साथ बहकर आ गया तालाब में

कुछ दूरी पर कैमुआ नाला भी निकला हुआ है, लेकिन 10 जुलाई को हुई भारी बारिश में जलभराव और नाले के उफान से तालाब और कैमुआ नाला एक में ही मिल गया और इसी बहाव में मगरमच्छ भी आ गया। बारिश थमने के बाद पानी सूखा तो कैमुआ नाला और तालाब के बीच का पानी सूख गया और तालाब व नाला अलग हो गया लेकिन मगरमच्छ तालाब में ही रह गया और वहीं ठिकाना बना लिया।

# पराली, खरपतवार प्रबंधन की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कृषि विज्ञान केंद्र में धानुका के कृषि मित्रों ने दिया प्रशिक्षण
- किसानों की खेती संबंधी समस्याओं का किया समाधान

**अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र नियामतपुर के तकनीकी सहयोग से धानुका कंपनी के कृषि मित्रों द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्र अधिकारी डॉ. एनसी त्रिपाठी ने किसानों को केंद्र के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, खेती की आधुनिक तकनीकी में जल संरक्षण, पराली प्रबंधन और खरपतवार प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र की फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. नूतन वर्मा ने खरीफ फसलों में लगने वाले रोग, कीटों की पहचान और लक्षण की जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र प्रसाद ने प्राकृतिक खेती एवं फसल अवशेष प्रबंधन पर किसानों को जागरूक किया। इस मौके पर धानुका कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण सिंह ने कीटनाशकों फफूदीनाशक, शाकनाशी दवाओं पर चर्चा की। विक्रय अधिकारी रविनेश सिंह ने धान एवं गन्ना में लगने वाले कीड़ों तथा बीमारियों के नियंत्रण के प्रति कृषकों को जागरूक किया। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. महेश कुमार, डॉ. विद्या गुप्ता, डॉ. विमल कुमार सिंह ने भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की। प्रशिक्षण में किसानों ने खेती की तमाम समस्याओं को उठाकर उनके निदान से संबंधित जानकारी हासिल की। शुभम सागर ने आभार व्यक्त किया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
ओ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

# मुहिम: पौध अंकुरण के लिए डाले गए बीज बम



बीज बम फेंकते पर्यावरण प्रेमी डॉ. प्रदीप वैरागी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

- प्रकृति संरक्षण दिवस पर जीवनधारा संस्था का अभियान
- धरती को हरा-भरा बनाने का प्रयास कर रहे डॉ. वैरागी

**अमृत विचार :** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण को गति प्रदान करने के लिए जीवनधारा संस्था की ओर से दिल्ली पलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरती को हरा-भरा बनाने के लिए सड़क किनारे बीज बम डालकर प्रकृति संरक्षण अभियान चलाया गया।

पर्यावरण प्रेमी डॉ. प्रदीप वैरागी ने बताया कि गांव धारा से बीज बम बनाकर पिछले माह अभियान का प्रारंभ किया गया था। सड़क किनारे बीज बम डालकर उन्होंने पौधरोपण भी किया। कहा कि सभी को अपनी निजी खाली भूमि पर फलदार पौधों के साथ ही नीम, बरगद, पाकड़, पीपल, गूलर और बिल्वपत्र के पौधों का रोपण अवश्य करना चाहिए जिससे धरती पर हरियाली की कहीं कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण का उनका यह एक लघु प्रयास है। इसके लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने बताया कि तमाम पर्यावरण और प्रकृति प्रेमी विद्यार्थी और शिक्षक शिक्षिकाएं भी अभियान से जुड़कर प्रकृति संरक्षण अभियान के इस कार्य में योगदान दे रहे हैं।

कहा कि हमें प्रकृति संरक्षण के लिए प्लास्टिक का बहिष्कार करना चाहिए क्योंकि प्लास्टिक के उपयोग से धरती लगातार बंजर हो रही है।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 10 पर भी पढ़ें

# FUTURE UNIVERSITY

Learn · Assimilate · Transcend

## A NEW ERA BEGINS

Proud to attain Full University Status in Uttar Pradesh,

**Future Group of Institutions is now Future University -**

Just another testament to our commitment for excellence in Higher Education.




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 15000+ Students Enrolled | 5000+ On Campus Placement | 200+ Experienced Faculty Members | 15+ Years of Education Experience | 500+ Industry Connections for Placement & Internship |

## PROGRAMS OFFERED

### FACULTY OF APPLIED SCIENCE
- B.Sc. (Honors) in (Physics, Chemistry, Mathematics)
- B.Sc. in (PCM, ZBC, Microbiology, Nutrition & Dietetics, Fashion Design)
- M.Sc. in (Physics, Chemistry, Mathematics, Zoology, Botany)

### FACULTY OF HUMANITIES
- BA (Economics), Honors
- BA (Psychology), Honors
- BA Political Science (Honors)
- BA in Animation
- BA (Journalism & Mass Communication)

### FACULTY OF BIO-TECHOLOGY
- B.Sc. in Biotechnology (Honors)

### FACULTY OF PHARMACY
- B.Pharm.
- D.Pharm.

### FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT
- B.Com (Honors)
- B.Com
- B.Com. (Accounting, Auditing & Taxation)
- B.Com. (Honors) Applied Finance & Analytics
- B.Com. (Honors) Banking & Finance
- BBA
- BBA (Business Analytics), Honors
- BBA in Economics & Finance
- BBA (Honors) in E-Commerce & Digital Marketing
- M.Com.

### FACULTY OF AGRICULTURE
- B.Sc. (Honors) in Agriculture

### FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

**Degree Courses:**
- B.Tech. in Computer Science & Engineering
- B.Tech in CSE (Specialization in Artificial Intelligence)
- B.Tech in CSE (Spel. in Cloud Computing & Cyber Security)
- B.Tech CSE (Honors) with Specialization in Machine Learning & Artificial Intelligence
- B.Tech in Electronics & Communication Engineering (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- B.Tech in Electronics & Communication Engineering (Advanced Communication Technology)
- B.Tech. in Mechanical Engineering
- B.Tech. in Electrical Engineering
- B.Tech. in Civil Engineering

**Diploma Courses:**
- Diploma in Computer Science & Engineering
- Diploma in Mechanical Engineering (Automobile)
- Diploma in Mechanical Engineering (Production)
- Diploma in Civil Engineering
- Diploma in Electrical Engineering

**Master Degree:**
- M.Tech. in Computer Science & Engineering
- M.Tech. in Mechanical Engineering

### FACULTY OF COMPUTER APPLICATION

**Bachelor Courses:**
- BCA
- BCA in AI & Cloud Technology
- BCA Specialization in Multimedia & Animation

**Master Degree:**
- MCA

### FACULTY OF MANAGEMENT
- MBA (Specialization in Marketing, HR, Finance, IB, IT, Retail & Digital Marketing) (Dual Specialization)
- Master of Agribusiness Management (MABM)
- MBA in Analytics
- MBA in Digital Marketing
- MBA in International Business
- MBA in Business Economics

### FACULTY OF MEDICAL SCIENCE
- BAMS
- B.Sc. (Nursing)
- GNM
- ANM
- Diploma in OT, X-RAY TECH., Optometry, DPT

### FACULTY OF EDUCATION
- B.Ed.
- D.El.Ed.

## Hurry ! Early Bird CUET Scholarship upto 100%

**100% CUET Based Scholarship**
Applicable with CUET Roll Number Only

**100% Merit Scholarship**
On the basis of 12th Percentage

**100% Scholarship for 101 Unique Innovative Ideas**

**ADMISSIONS OPEN**

**Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly**

www.futureuniversity.in
futuregroupofinstitutions
futuregroupofinstitution
admissions@futureinstitutions.org

**Call: 9917480040 Toll FREE: 1800-123-6789**

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर – राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# हाथरस कांड: सपाईयों ने मृतकों के आश्रितों को सौंपे चेक, बोले- सरकारी मदद तो हो गई बाउंस

## सरकार के दिए सहायता राशि के चेक बाउंस हो जाने पर कसे सियासी तंज, एडीएम ने किया खारिज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मृतकों के आश्रितों को चेक सौंपता सपा का प्रतिनिधि मंडल। ● अमृत विचार

- जिले के तीन मृतकों के आश्रितों को राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर चेक देने पहुंचा सपा का प्रतिनिधि मंडल

**अमृत विचार:** हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में जान गंवाने वाले पीलीभीत के तीन और लखीमपुर खीरी के एक व्यक्ति के आश्रितों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से एक-एक लाख की आर्थिक मदद दी गई है। पूर्व में ही गठित किए गए प्रतिनिधि मंडल ने घर-घर पहुंचकर मृतकों के आश्रितों को चेक सौंपे। परिवारों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान जब सपाइयों ने परिवारों से शासन स्तर से मिली आर्थिक मदद के बारे में जानकारी जुटाई तो शासन से दिए सहायता राशि के चेक बाउंस होने की बात सामने आई, जो राजनीतिक मुद्दा बन गई।

आश्रितों की मौजूदगी में की गई प्रेसवार्ता के दौरान ही सपाइयों ने इस पर सरकार पर तंस कसे और हादसे के पीछे शासन-प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि एडीएम ने चेक बाउंस होने की बात को सिरे से गलत बताया है।

बता दें कि बीते दिनों हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के बाद भगदड़ मच गई थी। इस सत्संग को सुनने के लिए पीलीभीत से भी तमाम परिवार गए थे। पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र की रहने वाली रामबेटी पत्नी शिवकुमार, पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम बागर की रामदेवी और बीसलपु के ग्राम चरखौला की पायल पुत्री राजेंद्र प्रसाद की भगदड़ में जान चली गई थी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मृतकों के परिवारों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की थी। लखीमपुर और पीलीभीत के लिए एक प्रतिनिधि मंडल गठित किया गया था। जिसमें सांसद आंनद भदौरिया, सांसद उत्कर्ष वर्मा, पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व विधायक गोला विनय तिवारी, लखीमपुर खीरी जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पीलीभीत सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा आदि को शामिल किया था। संसद सत्र के चलते सांसद तो नहीं आ सके। सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल लखीमपुर के आश्रितों को चेक सौंपने के बाद रविवार दोपहर को पीलीभीत पहुंचा। पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम बागर में पहुंचकर सहायता राशि का चेक मृतक रामदेवी के परिवार को सौंपा।

इसके बाद जिला कार्यालय पर पहुंचकर अन्य दो मृतक पायल और रामबेटी के परिवार वालों को चेक सौंपे गए इन तीनों परिवारों को शासन की ओर से भी आर्थिक मदद के चेक बीते दिनों सौंपे गए थे। सपाईयों ने बताया कि जब इन परिवारों से वार्ता कर सरकार की ओर से मिल रही मदद के बारे में जानकारी की गई तो पता चला कि उनको मिले चेक ही बाउंस हो गए थे।

जिसको बाद में शासन-प्रशासन के स्तर से दोबारा से सुधार कराया गया। बताया कि अभी भी पायल के परिवार को मदद नहीं मिल सकी है। पायल और रामबेटी के परिवार के सदस्य कार्यालय पर मौजूद थे, उन्होंने इस बात की हामी भरी उनको मिले चेक बाउंस हुए थे। रामबेटी के पुत्र ने बाद में चेक क्लीयर हो जाने की बात कही जबकि पायल की मां ललिता का कहना था कि उनका चेक अभी क्लीयर नहीं हुआ है। जिसके बाद सपा नेताओं ने इस मुद्दे पर भी सरकार पर सियासी तंज कसे। आश्रित परिवारों को हरंसभव मदद का भरोसा दिलाया गया। जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, यूसुफ कादरी, दिव्या गंगवार, सपना यादव आदि मौजूद रहे।

### बोले- संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही पार कर दी

सपा नेताओं ने कहा कि हाथरस कांड सरकार शासन-प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है। भीड़ को देखते हुए कोई व्यवस्था ही नहीं की गई। स्वास्थ्य सेवाओ को लेकर भी घेरा। कहा अगर एंबुलेंस और अस्पतालों की व्यवस्थाएं बेहतर होती। टीम अलर्ट रही होती और समय से मदद मिलती तो कईयों को बचाया भी जा सकता था। खुफिया विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए। आश्रितों को दिए चेक बाउंस होने की बात पर तंज कसा कि अब क्या सरकारी खजाने में भी पैसा नहीं है, कि चेक बाउंस हो गए। बोले- ये तो संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही पार कर दी है।

> हाथरस कांड के मृतकों के आश्रितों को दिए गए सहायता राशि चेक बाउंस होने की बात निराधार है। चेक तब बाउंस होता है, जब एकाउंट में धनराशि न हो। हमारे एकाउंट में पर्याप्त धनराशि है। इसका पेमेंट भी चला गया है।
>
> – ऋतु पूनिया, एडीएम वित्त एवं राजस्व

### महिला का वीडियो जारी होती ही पीड़ित परिवार के पास दौड़े जिम्मेदार

**पीलीभीत:** हाथरस कांड को लेकर महिला की ओर से सरकारी मदद की राशि न मिलने की बात कही गई थी। वह भी सपा कार्यालय में और मीडिया के बीच। मामला तेजी से वायरल हो गया। जिम्मेदार यह दावा करते रहे कि सभी आश्रितों को सहायता राशि दे दी गई है। इस मामले को गलत बताया था। अब देर शाम प्रशासन की ओर से महिला का एक और वीडियो जारी किया गया है। जिसमे प्रशासन अपना बचाव करता दिखाई दिया। महिला का कहना है कि कुछ लोगों ने बुलाया और एक लाख का चेक दिया। जो भी कहा बोल दिया है। अब पता चला है कि दो दिन में रूपये आ आ जायेंगे। महिला का ये भी कहना था कि खाते में कुछ दिक्कत के चलते रूपये नहीं मिले थे। इस वीडियो से भले जिम्मेदार खुद की साख बचा रहे हो लेकिन सवाल ये है कि फिर जिम्मेदार कैसे दावा कर रहे थे कि सभी के खातों में रकम जा चुकी है।

### सपा नेत्री के साथ भाजपाइयों के फोटो वायरल

**हजारा:** तराई की सियासत में इन दिनों खलबली मची हुई है। अब कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। जिसमें वह सपा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आरती महेंद्र के साथ दिखाई दे रहे हैं। बताते हैं कि सपा नेत्री बीते दिनों शारदा पार इलाके में भ्रमण करने पहुंची थी। उसी दौरान ये फोटो लिए गए हैं। कुछ कार्यकर्ताओं के तो सपा में शामिल होने की भी चर्चा क्षेत्र में तेज हो गई है। फिलहाल फोटो वायरल होने से खलबली मची है।

### खेत पर लगी मोटर चोरी

**पूरनपुर।** घुंघचाई गांव में शनिवार की रात चोरों ने जसविंदर पुत्र अमर सिंह के खेत पर लगी मोटर चोरी कर ली। रविवार सुबह जब वह खेत पर गए तो कमरे का ताला टूटा देखकर होश उड़ गए। चोर मोटर निकाल ले गए। इसके अलावा घुंघचाई के कमलेश चंद्र पांडे के खेत पर लगी विद्युत मोटर को भी चोरों ने चोरी करने की कोशिश की। कमरे का सेंट्रल लॉक न खुलने पर यहां घटना नहीं कर सके। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# डीएम ने अस्थाई गोशाला का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बीसलपुर के नगीपुर अखोला गोशाला में गोवंशों के संबंध में जानकारी लेते डीएम।

- गोशाला में मिट्टी पटान कर दो टीनशेड का निर्माण कराने के अफसरों को दिए निर्देश
- बिलसंडा में ग्रामीणों से बातचीत कर डीएम ने जानी डेंगू-मलेरिया की स्थिति

**अमृत विचार:** बीसलपुर क्षेत्र में अस्थाई गोआश्रय स्थल का डीएम ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को आश्रय स्थल पर मिट्टी से पटान कर दो टीनशेड का निर्माण कराने के निर्देश दिए।

डीएम संजय कुमार सिंह ने रविवार को बीसलपुर ब्लाक के गांव नगीपुर अखौला स्थित अस्थाई गो आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया कि गोशाला में 33 निराश्रित गौवंशों को संरक्षित किया गया है। डीएम ने पशु चिकित्सक को गोवंशों की नियमित देखरेख के निर्देश दिए। एसडीएम को निर्देशित किया कि आश्रय स्थल में मिट्टी का पटान कर मनरेगा के माध्यम से दो टिनशेड का निर्माण कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि सभी गौवंशों सुरक्षित रखा जा सके। गो आश्रय स्थल में साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के बाद डीएम बिलसंडा ब्लाक के मुड़िया बिलहरा स्थित पंचायत सचिवालय में आयोजित गोष्ठी में पहुंचे। गोष्ठी में सीएमओ द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले वर्ष ग्राम पंचायत में डेंगू मलेरिया के केस बहुत पाए गए थे। गांव के अधिकतर लोग बाहर काम करने जाते हैं। जिससे यहां पर डेंगू-मलेरिया की संभावनाएं अधिक रहती हैं। डीएम ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि इस वर्ष मलेरिया के केस कम हैं। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि कैंपों के माध्यम से ग्रामीणों का चेकअप कराया जाए।पॉजिटिव पाए जाने पर तुरंत दवाइयां दिलवाई जाए। जहां जलभराव की स्थिति हो, वहां तत्काल एंटी लार्वा का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई जाए। इस दौरान सीएमओ डॉ आलोक कुमार, एसडीएम महीपाल सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### करेले की सब्जी खाने से तीन लोगों की बिगड़ी तबीयत

**पूरनपुर, अमृत विचार:** घर में बनी करेले की सब्जी खाने के कुछ देर बाद एक परिवार के तीन सदस्यों की हालत बिगड़ गई। मामला गांव दुर्जनपुर कलां का है। यहां के चिरौंजी लाल के घर में शनिवार को करेले की सब्जी बनी थी। परिवार के सभी सदस्यों ने सब्जी खाई। सभी लोग रात में गहरी नींद में सो गए। रविवार सुबह चिरौंजी लाल, उनकी पत्नी संगीता देवी और पुत्र अपील कुमार को बिस्तर से उठते ही चक्कर आने लगे। सबकी तबियत एक साथ बिगड़ गई। इस दौरान संगीता देवी की हालत ज्यादा खराब होने पर घर में अफरा तफरी मच गई। घबराए परिजनों ने सभी को एंबुलेंस से पूरनपुर सीएचसी लाए और भर्ती कराया।

## कोयला हटाओ बीसलपुर बचाओ का लगाया नारा

संवाददाता, बीसलपुर



विरोध प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर में रेलवे प्लेटफार्म पर बजाज एनर्जी प्लांट की ओर से कोयला उतारने को लेकर लाम बंद हुए मोहल्ले व कॉलोनी वासियों ने तीसरे दिन नगर के मुख्य मार्गों पर कोयला हटाओ बीसलपुर बचाओ के नारे लगाते हुए मार्च निकाला गया। बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर बजाज एनर्जी प्लांट का कोयला उतारने का विरोध करीब डेढ़ वर्ष से लगातार आसपास की कॉलोनी व मोहल्ले में रहने वाले वाशिंदे कर रहे हैं। बीच में कई माह तक प्लेटफार्म पर कोयले का उतार बंद हुआ तो राहत महसूस की गई लेकिन फिर दोबारा से कोयले का उतार किया जाने लगा। रेलवे स्टेशन के आसपास के लोग अब विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। तीन दिन से कॉलोनी वाले प्लेटफार्म के सामने स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में टेंट लगाकर क्रमिक अनशन कर रहे हैं। रविवार को नगर के मुख्य मार्गों पर मार्च निकालकर कोयला हटाओ बीसलपुर बचाव के बैनर पोस्टर हाथों में लेकर नारेबाजी की गई। विरोध प्रदर्शन करने वालों में तेज बहादुर गौतम, राम किशोर श्रीवास्तव, आलोक गौतम, शिशुपाल, कन्हैया कुमार, राम नरेश, सौरभ, समीर, दिनेश, राम बेटी, हर प्यारी, राहुल, महेश वर्मा, शाहिद आदि मौजूद रहे।

**व्यवस्था में बदलाव** शासन ने परख-2 पोर्टल एप किया लांच, इसी पर अपलोड करनी होगी निरीक्षण की रिपोर्ट

# डीआईओएस हर माह 20 स्कूलों का करेंगे निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शिक्षा व्यवस्था बेहतर और युवाओं को निपुण बनाने पर जोर
- जिले में हैं 30 राजकीय कॉलेज एडिड में भी होगा निरीक्षण

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों की तर्ज पर अब माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों की सूरत जल्द बदलने वाली है। मूलभूत सुविधाओं के साथ ही पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभाग की तरफ से नई पहल शुरू की गई है। विभाग ने परख-2 पोर्टल एप लांच किया है। जिसके तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग के अफसर महीने में बीस दिन विद्यालयों का ऑनलाइन निरीक्षण कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। हालांकि अभी सिर्फ जिला विद्यालय निरीक्षक ही ऑनलाइन निरीक्षण कर सकेंगे। इसके बाद विभाग के अन्य लोगों को निरीक्षण की जिम्मेदारी मिल सकती है। कमियां मिलने पर सुधार के लिए प्रधानाचार्यों को दो सप्ताह का समय दिया जाएगा। इसके बाद सुधार न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में माध्यमिक शिक्षा विभाग के 171 कॉलेज हैं। इनमें 30 राजकीय और 22 एडेड कॉलेज है। जबकि 119 सहायता प्राप्त विद्यालय हैं। इन कॉलेजों में शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने के लिए शासन की ओर से वर्ष 2023- 24 में शिक्षक और अन्य कर्मचारियों के साथ प्रबंधक का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज कराने के साथ अवकाश लेने के लिए मानव संपदा पोर्टल पर स्वीकृति लेने के निर्देश दिए थे। अब नए शैक्षिक सत्र 2024-25 में कॉलेजों में होने वाले निरीक्षण की रूपरेखा भी बदली है।


अभी तक बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रेरणा पोर्टल पर स्कूलों का ऑनलाइन निरीक्षण किया जाता है। जबकि माध्यमिक शिक्षा विभाग ऑफलाइन निरीक्षण कर रहा है। ऐसे में पहली बार माध्यमिक शिक्षा विभाग ने माध्यमिक कॉलेजों का निरीक्षण ऑनलाइन करने की तैयारी कर ली है। निर्देशित किया गया है कि जिला विद्यालय निरीक्षक को कम से कम 20 कॉलेजों का माह में निरीक्षण करना होगा। इसकी निरीक्षण आख्या रिपोर्ट ई-मेल के माध्यम से तथा गूगल सीट पर उपलब्ध कराने के साथ ही 40 बिंदुओं पर निरीक्षण कर आख्या परख-2 एप पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी विद्यालयों का निरीक्षण किया जाना चाहिए।

### समय सारिणी भी परख पोर्टल से होगी अपलोड

परख-2 पोर्टल एप से कॉलेजों की समय सारिणी भी अपलोड करनी होगी। डीआईओएस समय-समय पर इसी पोर्टल के माध्यम से कॉलेजों का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के समय विद्यालयों के संसाधनों, प्रयोगशालाओं व पुस्तकालय आदि की आख्या परख पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। ऑनलाइन निरीक्षण के लिए विभाग ने राजकीय, एडेड व वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के लिए अलग-अलग बिंदु निर्धारित किए हैं। राजकीय कॉलेज में कंप्यूटर कक्ष की उपलब्धता, अग्निशमन यंत्र व बॉयोमीट्रिक मशीन समेत 40 बिंदु निर्धारित किए गए हैं। वहीं एडेड के लिए 38 व वित्तविहीन कॉलेजों के लिए 34 बिंदुओं का निर्धारण किया जाएगा।

> माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने परख-2 पोर्टल से कॉलेजों का ऑनलाइन निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। पहली बार माध्यमिक के कॉलेजों का ऑनलाइन निरीक्षण किया जाएगा। इससे कॉलेजों में पारदर्शिता बनी रहेगी। अगर कोई निरीक्षण की रिपोर्ट लीक करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।
>
> – **अवधेश कुमार मिश्र**, डीआईओएस

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



# डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांकः- 21 जुलाई 2024, रविवार
04 अगस्त 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


### भाजपा कार्यालय पर जिले के प्रभारी मंत्री ने बजट को लेकर की प्रेसवार्ता, बोले- विपक्ष फैला रहा झूठ, बजट का सबसे अधिक अंश यूपी को मिला

# रामराज्य के संकल्प को साकार करने वाला है केंद्र सरकार का बजट: औलख

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सपा नेताओं ने भी कुछ देर बाद प्रेसवार्ता कर बजट की खामियां गिनाईं

**अमृत विचारः** केंद्र सरकार के बजट को लेकर सियासत गरमाई हुई है। एक तरफ जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने सरकार के बजट से होने वाले फायदे गिनाए। वहीं, समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कुछ मिनट बाद आयोजित की गई प्रेसवार्ता में कमियां गिनाते हुए पिटारा खोल दिया।

केंद्र सरकार के हाल ही में पेश किए गए बजट को लेकर जन-जन तक बात पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रभारी मंत्रियों को भेजकर इसकी बारीकी से जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में रविवार दोपहर करीब तीन बजे जनपद के प्रभारी मंत्री /राज्यमंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उत्तर प्रदेश बलदेव सिंह औलख ने भाजपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा केंद्र सरकार का बजट ऐतिहासिक है। इसका लाभ समस्त वर्गों को पहुंचेगा। बजट में कर्ज गारंटी योजना से उत्तर प्रदेश को 20 लाख इकायो को जीवनदान मिलेगा और 22 लाख नए उद्यमी तैयार होंगे। 1000 आईटीआई को हब और स्पोक व्यवसथा में अपग्रेड करने की घोषणा में भी यूपी के करीब 100 आईटीआई कॉलेज अपग्रेड होने की उम्मीद है।



प्रेस वार्ता करते जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख। ● अमृत विचार

3.5 लाख युवाओं को फायदा मिलेगा। इंटर्नशिप योजना यूपी के दो लाख युवाओं को लाभान्वित करेगी। इसके अलावा इन्फ्राट्रक्चर, कृषि रेलवे डेवलपमेंट, राष्ट्रीय राजमार्ग, रोजगार, टैक्स, वित्तीय सहायता समेत कई बिंदुओं पर बजट को उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के लिए बेहतर और विकास से जुड़ा करार दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा बजट में उत्तर प्रदेश को कुछ नूहीं मिलने की बात कही जा रही है, लेकिन बजट में उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक अंश मिला है।

बोले- कि ये बजट रामराज्य के संकल्प को साकार करने वाला है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला प्रभारी गुलशन आनंद, जिला महामंत्री लेखराज भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष के पति गुरभाग सिंह आदि मौजूद रहे।,

### सपा ने किया पलटवार, कहा-बजट में कुछ भी नहीं

**पीलीभीत :** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर हाथरस कांड के आश्रितों को चेक देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में शामिल सपा के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने बजट को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर सियासी निशाना साधा। कहा भाजपा की केंद्र सरकार 11वां बजट पेश कर चुकी है। यूपी का भी आठवां बजट आने वाला है। अब तक आए डबल इंजन की सरकार के किसी भी बजट में कुछ नहीं है। एंबुलेंस, पुलिस व्यवस्था सब भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया। महंगाई, बेरोजगारी, किसान, किसी भी पवर्ग के लिए भाजपा के बजट में कोई राहत नहीं है। अस्पतालों की व्यवस्था तक भाजपा सरकार नहीं सुधार पा रही है। उन्होंने ये भी कहा कि अभी तक तो भाजपा को विपक्ष से लड़ना पड़ रहा था, लेकिन अब तो आपस में ही लड़ाई की स्थिति बन चुकी है। दिल्ली-लखनऊ में झगड़ा चल रहा है। मंत्री खुद भ्रष्टाचार की पोल खोलने को मजबूर हो रहे हैं।

# गए थे अवैध शराब पकड़ने, आरोपी ने पीया कीटनाशक तो उड़े अफसरों के होश

### आनन-फानन में आरोपी को अस्पताल लेकर दौड़ी आबकारी टीम

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** अवैध शराब बनाकर बेचने की सूचना पर दबिश मारने गई आबकारी टीम के सामने ही आरोपी ने घर पर रखा कीटनाशक पी लिया। जिसके बाद आबकारी टीम की धड़कनें बढ़ गईं। आनन-फानन में आरोपी को सीएचसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और जानकारी की।

घटना थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव दोदपुर की है। गांव में कच्ची शराब की बिक्री धड़ल्ले से होने की लगातार सूचनाएं मिल रही थी। मुखबिर से मिली सूचना पर आबादी टीम ने रविवार सुबह गांव के ही इंद्रजीत पुत्र चुन्नीलाल के घर छापा मारा।

आरोप है कि इस दौरान घर से 20 लीटर कच्ची शराब और



तबियत बिगड़ने पर आरोपी को अस्पताल लेकर पहुंची आबकारी टीम।

- माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम दोदपुर की घटना, पुलिस ने भी जुटाई जानकारी

लहन बरामद किया गया। उसे हिरासत में ले लिया गया। कमरे में छिपाई गई बाकी शराब निकालने की बात कहकर इंद्रजीत गया और फिर टीम के सामने ही कीटनाशक पी लिया। उसकी हालत बिगड़ने लगी। वह पेट पकड़कर मौके पर ही गिर गया। आबकारी में शामिल कर्मियों के पसीने छूट गए। आनन-फानन में आरोपी को सीएचसी लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। आबकारी टीम में निरीक्षक मनीष कुमार, दीपक कुमार फतेह सिंह आदि थे।

### गुहाय से महिला को किया गिरफ्तार

आबकारी टीम ने दोदपुर के अलावा शनिवार रात गुहाय गांव में दबिश दी थी। यहां से एक महिला को पकड़ा था। वह आरोपी इंद्रजीत के घर पर बनाई गई कच्ची शराब लेकर आई थी। उससे पूछताछ के दौरान मिले इनपुट पर ही रविवार सुबह छापा मारा गया था।

### शराब बिक्री का ग्रामीण कर रहे हैं विरोध

दोदपुर में अवैध शराब की बिक्री होने से ग्रामीण परेशान है। गांव के कई लोग आबकारी विभाग समेत अन्य अधिकारियों से शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग कर चुके हैं। मगर, धंधेबाज लगातार फल-फूल रहे हैं। आरोप है कि कुछ जिम्मेदार भी धंधेबाजों को संरक्षण देने में जुटे हुए हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

> छापेमारी के दौरान आरोपी इंद्रजीत ने कीटनाशक पी लिया। कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई जा रही थी। पहले भी वह कार्रवाई से बचने के लिए ऐसा कर चुका है। उसे अस्पताल भर्ती कराया गया है।
> – दीपक कुमार, आबकारी निरीक्षक

# इमरान से बना अरीबा खान और करा लिया फर्जी बैनामा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 24 जून को फर्जी अभिलेख के आधार पर किया बैनामा, विरोध करने पर धमकाया
- कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शरीफ खां का मामला, एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** शहर के एक युवक ने सगी तहेरी बहन की जमीन हड़पने के लिए खुद का लिंग परिवर्तन करा लिया। इसके बाद उसने इमरान से अरीबा खान बनकर जमीन का सौदा तय कर फर्जी अभिलेखों के आधार पर बैनामा भी कर दिया। मामले में तीन नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शरीफ खां की रहने वाली अरीबा फातिमा ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि बचपन में ही पिता की मौत होने के बाद उसका पालन पोषण ताऊ मुर्तजा रजा खां ने किया। वर्तमान में ताऊ चलने फिरने में असमर्थ हो गए हैं। उसका तहेरा भाई इमरान पुत्र महबूब रजा खां भी एक ही मकान में रहता है। जमीन पर दोनों सहखातेदार हैं। आरोप है कि इमरान का पूर्व से ही चाल चलन ठीक नहीं था और आए दिन झगड़े व बेईमानी करता था। कुछ समय पूर्व इमरान ने लिंग परिवर्तन करा लिया। इसके बाद कुछ दिन पूर्व जमीन हड़पने की नियत से तीन चार अन्य लोगों की मदद ली और आधार कार्ड में फर्जी तरीके से एडिटिंग कराकर अपना नाम इमरान रजा खां से अरीबा खां रख लिया, जोकि महिला का नाम है। 24 जून 2024 को उसकी जमीन का शहर के मोहल्ला बुजकसावान की अफरीन के नाम बैनामा करा दिया। जानकारी होने पर उसने सच्चाई पूछी तो उक्त इमरान ने तीन चार अन्य साथियों को बुलाकर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जमीन खरीदने वाली महिला व उसके पति फईम से बात की तो वह झगड़े पर उतारू हो गए। इस तरह नाम बदलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन को हड़प लिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर इमरान रजा खां, अफरीन, फईम खां और चार अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि मामले में विवेचना के दौरान साक्ष्य के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# मासूम को सांप ने डंसा, झाड़ फूंक कराने में चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गजरौला क्षेत्र के गांव लालपुर में रविवार दोपहर हुई घटना के बाद से परिवार में मचा कोहराम
- परिजनों की ओर से दी गई पुलिस को तहरीर, लेकिन पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार

**अमृत विचार :** घर से कुछ दूरी पर बह रही नहर पुलिया के पास खेल रहे तीन साल के मासूम कोले एक सांप ने डस लिया। मासूम की चीख सुनकर परिवार वाले पहुंचे और आनन फानन में डॉक्टर के यहां न ले जाकर परिजनों ने झाड़ फूंक का सहारा लिया। इस बीच मासूम की मौत हो गई। बेटे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। हालांकि शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। परिवार वालों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

गजरौला क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी रामेश्वर दयाल ने बताया कि वह खेती कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनका तीन वर्षीय बेटा अंशुल दोपहर करीब तीन बजे घर से कुछ दूरी पर नहर पुलिया के पास बच्चों के साथ खेल रहा था। नहर पुलिया के पास झाड़ियां उगी हुई है। अचानक झाड़ियों से निकले एक सांप ने उसे डंस लिया। सांप देखकर अन्य बच्चों ने शोर मचा दिया। इस पर परिवार और ग्रामीण पहुंच गए। बेटे को बेहोश देखकर परिवार वाले उसे अस्पताल न ले जाकर पड़ोस के एक गांव में वैद्य के पास ले गए। जहां वैद्य ने झाड़ फूंक में पूरा समय निकाल दिया। जिस वजह से मासूम की मौत हो गई। बेटे की मौत के परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक के पिता की ओर से पहले पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन कुछ देर बाद पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पिता ने बताया कि उसका अंशुल इकलौता पुत्र था। उसकी मौत के बाद परिवार का रोकर बुरा हाल रहा।

# सड़क बनी ही घटिया थी, इसीलिए 15 दिन में उधड़ गई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सिटी मजिस्ट्रेट और एक्सईएन की जांच में हुई गुणवत्ता से खिलवाड़ की पुष्टि, डीएम को भेजी गई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** डीएम के निर्देश नगर पालिका की ओर से करीब माह भर पहले बनवाई गई सड़क घटिया तरीके से बनाई थी। डीएम के निर्देश पर जांच को पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट और एक्सईएन को सड़क की गुणवत्ता खराब मिली है। जांच रिपोर्ट तैयार कर डीएम को भेज दी है।।

मानसून आने से पूर्व नगर पालिका द्वारा शहर में सड़कों और नालों का निर्माण शुरू करवाया गया था। उस दौरान पालिका प्रशासन द्वारा गुणवत्ता के दावे भी किए गए थे। करीब माह भर पहले नगर पालिका द्वारा नखासा तिराहा से लाल रोड होती हुई रंगीलाल चौराहा तक करीब आठ लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस प्री-मिक्सिंग सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही सवाल उठने लगे थे। मगर जिम्मेदारों ने कोई खास ध्यान नहीं दिया। सड़क आनन-फानन में मानकों की अनदेखी करते हुए तैयार करा दी गई। कयास लगाए जा रहे थे कि ये सड़क इस बार की बारिश नहीं झेल पाएगी।



सड़क निर्माण की जांच करते सिटी मजिस्ट्रेट व अधिशासी अभियंता

> जिलाधिकारी के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम द्वारा सड़क की जांच की गई है। जांच में सड़क की गुणवत्ता खराब पाई गई है। रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी।
> – विजय वर्धन सिटी मजिस्ट्रेट

मानसून ने दस्तक दी और ऐसा ही हुआ। पंद्रह दिन के भीतर तीन बार हुई बारिश के दौरान सड़क में कमीशनखोरी की परतें खुलती नजर आने लगीं। महज पंद्रह से बीस दिन के भीतर ही सड़क कई जगह से उखड़ने लगी है। सड़क निर्माण में की गई धांधलेबाजी की शिकायत डीएम संजय कुमार सिंह से की गई। टीम ने दो सदस्यीय टीम गठित कर पालिका द्वारा बनवाई गई सड़क की जांच करने के आदेश दिए। शनिवार को डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर एवं लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी ने मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण की जांच की।

जांच के दौरान सड़क में प्रयुक्त की गई सामग्री की गुणवत्ता जांची गई। जांच टीम के मुताबिक जांच में सड़क की गुणवत्ता खराब पाई गई है। सड़क जगह-जगह उखड़ी पाई गई। जांच रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

### पूर्व में भी हो चुकी जांच

नखासा तिराहा से रंगीलाल चौराहा तक बनाई गई प्रीमिक्स सड़क में घपलेबाजी की शिकायत पूर्व में भी की गई थी। 18 जून को स्थानीय लोगों द्वारा डीएम से की गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सड़क का निर्माण मानकों की अनदेखी करके किया जा रहा है। टेंडर में दी गई शर्तों का भी पालन नहीं हो रहा है। आरोप लगाया था कि पुरानी सड़क को उखाड़े बिना ही घटिया किस्म का कोलतार और कम बजरी डालकर ही निर्माण कराया जा रहा है। उस दौरान एसडीएम और ईओ को जांच सौंपी गई थी। मगर, इसका असर धरातल पर नहीं दिख सका था।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# लापरवाही पर एसपी ने तीन सिपाहियों को किया निलंबित

**पीलीभीत/पूरनपुर, अमृत विचारः** ड्यूटी में लापरवाही की शिकायत मिलने पर एसपी अविनाश पांडेय ने तीन सिपाहियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसपी की कार्रवाई से विभाग में खलबली मची रही।

दरअसल, पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र का गांव शेरपुरकलां गोकशी की घटनाओं को लेकर अक्सर चर्चा में रहता है। पुलिस कर्मियों की संलिप्तता को लेकर भी कई तरह की चर्चाएं पूर्व में आती रही हैं। रविवार को एसपी अविनाश पांडे ने शेरपुरकलां हल्के के हेड कांस्टेबल रंजीत और कुमित को लाइन हाजिर कर दिया। इन पर विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने का आरोप था। जिसकी शिकायत एसपी तक पहुंच गई थी। बताते हैं कि अभी कुछ दिन पहले ही शिकायत मिलने पर एसपी ने दोनों को बुलाकर पूछताछ भी की थी। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि दो सिपाही लाइन हाजिर किए गए हैं। उनकी शिकायत के बारे में जानकारी नहीं है। दोनों लंबे समय से शेरपुर कलां में तैनात थे।

वहीं, लंबित विवेचनाओं का निस्तारण न करने पर थाना सुनगढ़ी की कस्बा चौकी प्रभारी रियाज हैदर को निलंबित कर दिया। चौकी प्रभारी की लगातार शिकायतें मिल रही थी। बताते हैं कि लंबित विवेचनाओं का निस्तारण न करने और विवेचनाओं की केस डायरी समय पर उच्चाधिकारियों व न्यायालय में न भेजने का आरोप था। इसके अलावा जन शिकायतों में भी रुचि नहीं ले रहे थे। इसी पर कार्रवाई की गई है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

REQUIREMENT
PARWATI JUNIOR HIGH SCHOOL
Bihar Man Nagla, Bareilly
Required Teachers
- PRE-Primary (F)
- PRT-All Subjects (F)
- Eng. Spoken Teacher (F)

Only Localites can apply
(Near Phoenix Mall)
Contact
9897482402, 7037470469

आवश्यकता है
प्राचार्य (01) पद (अनुभव 15 वर्ष)
कम्प्यूटर आपरेटर (01) पद
लाइब्रेरियन (01) पद
प्रवक्ता सभी विषयों हेतु
(योग्यता-यूजीसी के मानकानुसार)
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त अंक पत्र सह प्रमाण पत्रों के साथ, दो प्रतियों में 15 दिन के अन्दर रजिस्टर्ड डाक द्वारा कॉलेज के निम्न पते पर भेजें।
माहिरा लॉ कॉलेज
बुद्ध बाजार रोड, इतवार नकाशा बिसौली (बदायूँ) पिन-243720
मो. 9412511333, 9412601810
E-mail : mahiralawcollege@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सावन का दूसरा सोमवार आज...शिवालयों में उमड़ेगी भीड़, कांवड़िये करेंगे जलाभिषेक

## एक दिन पहले रविवार को मंदिरों में तैयारियां हुई पूरी, कांवड़ियों की आवाजाही शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


रविवार दिन भर कछला जल भरने जाते रहे कावड़ियों के जत्थे। ● अमृत विचार


कछला जल भरने जाते कावड़ियों की बाइक पर लहराता तिरंगा। ● अमृत विचार


बाबा के भजनों पर झूमते कांवड़िया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सावन के दूसरे सोमवार को लेकर शिव मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई है। दूसरे सोमवार को अधिक संख्या में कावड़ियों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। रविवार को सड़कों पर कांवड़ियों की कतारें लगी रहीं। बड़ी तादाद में कांवड़िये कछला और हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए तड़के रवाना हुए। वहीं डाक कांवड़ और बैकुंठ वाले कांवड़िया शहर में प्रवेश करते हाईवे पर दिखाई दिए। मंडी समिति में कांवड़िये रात्रि विश्राम करने रुके। उनके खानपान के व्यापक इंतजाम करने के साथ ही पुलिस प्रशासन की ओर से ड्यूटी लगा दी गई हैं। आज कांवड़िया जलाभिषेक करेंगे।

शहर के मोहल्ला खकरा में स्थित प्राचीन गौरीशंकर मंदिर अपनी पौराणिक मान्यताओं के लिए जाना जाता है। मान्यता है कि यहां बंजारा समुदाय के लोग निवास करते थे। उन्हीं को शिवलिंग खुदाई में मिला था। जिसके बाद मौजूदा पंडित जयशंकर शर्मा के पूर्वजों को यह शिवलिंग दिया गया था। शिवलिंग की स्थापना कर गौरीशंकर मंदिर का निर्माण कराया गया था। तब से ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक करता उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। सावन के दूसरे सोमवार को लेकर गौरीशंकर मंदिर के अलावा अर्द्धनारीश्वर मंदिर, दूधिया नाथ मंदिर और बल्लभ नगर कॉलोनी के शिव मंदिर में रविवार को सजाया संवारा जाता रहा। श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई। गौरीशंकर मंदिर में टेबल लगाकर दो लाइनें बनवाई गई है ताकि महिला और पुरुष की अलग-अलग लाइन रहे। वहीं सत्यनारायण मंदिर से रुट डायवर्जन रहेगा। मंदिर के भीतर शिवालयों में सेवकों के अलावा महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मंहत जय शंकर शर्मा ने बताया कि पहले सोमवार को कांवड़ियों की संख्या कम रही। जबकि दूसरे सोमवार को करीब एक हजार से अधिक कांवड़िया जलाभिषेक करेंगे। मंदिर में सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए हैं।इधर, मंडी समिति में दोपहर बाद कांवड़िया पहुंचना शुरु हो गए। जहां कांवड़िया सेवा दल की ओर से उनके ठहरने और खाने पीने की व्यवस्था कराई गई। रविवार को देर शाम वहां भजन संध्या का आयोजन किया गया।


कछला से जल भरकर पीलीभीत पहुंचा कावड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार


शिव भजनों पर थिरकते कांवड़िया। ● अमृत विचार


कंधे पर कांवड़ उठाए कछला से पैदल पीलीभीत पहुंचे कांवड़ियां। ● अमृत विचार

### कांवड़ियों के जत्थे कछला के लिए रवाना

**बरखेड़ा** : बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कस्बे से वार्ड नंबर नौ के इंद्रीगंज के शिव मंदिर, जत्था जनता इंटर कॉलेज शिव मंदिर से, गांधी आश्रम के सामने शिव मंदिर से, सिद्ध बाबा देव स्थल और गांव भोपतपुर के बिछुआ बाबा देव स्थल से कांवड़ियों का एक जत्था कछला घाट के लिए रवाना हुआ। कांवड़ियों के रवाना होने से पहले नगर पंचायत के चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल ने कांवड़ियों को पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर अमित गंगवार, मनोज सक्सेना, प्रिंस भारद्वाज, उत्तम अग्रवाल, संतोष भारती, प्रदीप भोजवाल, मनोज रस्तोगी, किशन भोजवाल, दीपा आनंद, महाराज रामपाल भोजवाल, वेद प्रकाश भोजवाल, सुखदेव भोजवाल, नरेंद्र शर्मा, रंजीत, राजेश भोजवाल, अनुराग, मोहित, अशोक भोजवाल, प्रदीप भोजवाल, अरविंद कुमार शामिल रहे। इधर, गांव भोपतपुर से राहुल देव शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, पंकज कुमार, रानू, प्रवेश कुमार, संतराम, गुड्डू मिश्रा, प्रेमपाल भारती, माधव सोनी, बाबा दीप चंद, शशि कुशवाहा, प्रमोद कश्यप शामिल रहे।


कांवड़ियों को पटका पहनाकर उनका स्वागत करते बरखेड़ा चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल।

### पहले पूजा की फिर कांवड़ लेकर हुए रवाना

**गजरौला :** कस्बे से भोले भक्त देवी स्थान पर परिक्रमा लगाकर और पूजन के बाद कांवड़ यात्रा पर निकल गए। ग्राम प्रधान जसोदा देवी, महेन्द्र पाल शर्मा ने कांवड यात्रा में शामिल शिव भक्तों का पुष्प वर्षा कर व तिलक लगाकर अभिनंदन किया। कांवड़ यात्रा पर जाने वालों में अंकित वर्मा, अभिषेक शर्मा, अर्जुन वर्मा, विप्लव शर्मा, रवि वर्मा, हेमंत गंगवार , राहुल शर्मा, अजय, अमित शर्मा, सूरजपाल, आदर्श, धर्मपाल वर्मा, सौरभ वर्मा राहुल वर्मा, नितेश, नेमचन्द, रमेश सागर, देवेंद्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, प्रदीप कुमार, सुमित गुप्ता, रवि कुमार, गौरव शर्मा, पीयूष शर्मा, अमन शर्मा, राकेश शर्मा, प्रशांत शर्मा, आशीष शर्मा, अर्जुन ठाकुर, विशाल शर्मा, संजू सक्सेना, सुमित वर्मा आदि हैं। सभी कछला घाट से जल लाकर सोमवार सुबह प्राचीन गौरी शंकर मंदिर में जलाभिषेक करेंगे।

### भगवामय दिखे हाईवे और शहर की सड़कें

सावन के दूसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये कछला से जल लेने के लिए रवाना हुए थे। जो रविवार को वापसी कर रहे हैं। इनमें डाक और बैकुठ वाली कांवड शामिल है। जिस वजह से रविवार को बरेली हाईवे और जहानाबाद हाईवे भगवामय देखने को मिला। हर कदम पर कांवड़ियों के जत्थे नाचते गाते हुए कंधे पर कांवड़ लेकर आते हुए दिखाई दिए।


मंडी समिति विश्राम स्थल पर कांवड़ रखकर क्षमा मांगते कांवड़िया। ● अमृत विचार

KESHLATA INTERNATIONAL SCHOOL
NAVADIYA JHADA, BISALPUR ROAD BAREILLY 243006
REQUIRED TRAINED
EXPERIENCED & QUALIFIED STAFF AS PER C.B.S.E. NORMS FOR THE SESSION 2024-25
P.G.T. and T.G.T. FOR ALL SUBJECTS
LAB ASSISTANTS -2 RECEPTIONIST - 1
*Candidates must be fluent in written and spoken English.*
*Kindly share your resume on the following mail ID klisbly@gmail.com*
PRINCIPAL

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एन.सी.आई.एस.एम., नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली


SWARNA BINDU SWARNA BINDU

बच्चों के रोग प्रतिकार बढ़ाने की आयुर्वेदिक क्रिया
सुवर्ण प्राशन संस्कार
आयुर्वेद विधि में तैयार स्वर्ण प्राशन ड्रॉप बच्चों की विकृति दूर कर बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, बरेली द्वारा प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र पर निःशुल्क सुवर्णप्राशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जन्म से 12 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क स्वर्णप्राशन इम्युनिटी ड्रॉप पिलाई जाएगी। जिससे बच्चों की मौसमी बीमारियों जैसे खांसी, जुकाम, बुखार से बचाव एवं पाचन शक्ति में वृद्धि, बौद्धिक विकास, एलर्जी जैसे कई रोगों के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। अतः अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर निःशुल्क स्वर्णप्राशन कैम्प का लाभ उठाएँ।

- सुवर्णप्राशन संस्कार में आयुर्वेदिक औषधियों के साथ सिद्ध किया हुआ गाय का घी, शहद और सुवर्ण होता है, जो अवलेह/ड्राप के स्वरूप में दिया जाता है।

सुवर्णप्राशन :-
- सुवर्णप्राशन संस्कार से भूख बढ़ती है, पाचन ठीक से होता है और बालक स्वस्थ रहता है।
- सुवर्णप्राशन संस्कार से स्मृति बढ़ती है, बुद्धी कुशाग्र होती है और बालक दीर्घ आयु बनता है।
- शिशु को विविध प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस के इन्फेक्शन से बचाता है।
- सुवर्णप्राशन संस्कार यह एक शास्त्रीय आयुर्वेदिक टीकाकरण पद्धति है।
- भारत को हजारों साल पहले ही रोगप्रतिकारक्षमता और रोगप्रतिकार प्रक्रिया के बारे में ज्ञान था।
- सुवर्णप्राशन संस्कार से शिशु के शरीर में सर्वांगीण रोगप्रतिकारक क्षमता बढ़ती है जो सभी प्रकार के रोगों से बचाने की क्षमता रखती है।
- सुवर्णप्राशन संस्कार न सिर्फ रोगों से बचाने के लिए है लेकिन आयुर्वेद के शास्त्रों के अनुसार यह बल, बृद्धि और आयुष्य को भी बढ़ाता है।

पुष्य नक्षत्र में सुवर्णप्राशन
निःशुल्क कैम्प
सुवर्ण प्राशन-वर्ष 2024
पुष्य नक्षत्र की तिथियाँ

| खुराक | पुष्य नक्षत्र तिथि | दिन |
|---|---|---|
| प्रथम | 3 अगस्त | शनिवार |
| द्वितीय | 31 अगस्त | शनिवार |
| तृतीय | 27 सितम्बर | शुक्रवार |
| चतुर्थ | 24 अक्टूबर | गुरूवार |
| पंचम | 21 नवंबर | गुरूवार |
| षष्ठ | 18 दिसम्बर | बुधवार |

बच्चों के Autism (ऑटिज्म) की विशेष चिकित्सा सुविधा यहाँ उपलब्ध है।

यदि आपका बच्चा निम्न बीमारियों से पीड़ित है तो एक बार रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल में कमरा नं0 9 में सम्पर्क करें।

- Cerebral Palsy (मानसिक एवं शारीरिक पक्षाघात)
- DMD (वंशानुगत मांसपेशी विकार)
- Autism (ऑटिज्म)
- ADHD (अतिसक्रियता विकार)



जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों को यदि उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो तुरन्त संपर्क करें जैसे बच्चे को दौरे पड़ना, शारीरिक एवं बौद्धिक विकलांगता, ध्यान की कमी, आंख न मिलाना एवं अकेले रहना, हाव-भाव की कमी, अतिसक्रिय होना, एकाग्रता की कमी आदि।

स्वर्णप्राशन की 2 बूंद पिलायें, अपने बच्चों को स्वस्थ सुखी समृद्ध बनायें
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 8077808309,9520876144

## महिला ठेकेदार से मारपीट बहू से छेड़छाड़ का आरोप

**पूरनपुर, अमृत विचार:** अतिरिक्त मजदूर न ले जाने पर गांव के ही पिता पुत्र ने महिला ठेकेदार से घर में घुसकर मारपीट की। उसका आरोप है कि बचाने पहुंची पुत्रवधू से आरोपियों ने छेड़छाड़ की गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने धान रोपाई का ठेका लिया है। वह लेबर से खेतों में धान रोपाई कराती है। 20 जुलाई को वह आवश्यकता न होने पर खेत पर गांव की लेबर नहीं ले गई। आरोप है कि इसी बात पर नाराज होकर गांव के मुख्तियार, उसके पुत्र निसार, हनीफ घर में घुस आए और धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर पर पुत्रवधू बचाने पहुंची तो उससे छेड़छाड़ की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा, पुलिस पूछताछ में जुटी

**पूरनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र की रहने वाले किशोरी 26 अगस्त को अपने घर में थी। आरोप है कि गांव का रहने वाला युवक उसे घर से बहला फुसलाकर साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घर लौटी किशोरी ने जब परिजनों को घटना के बारे में बताया तो परिवार वालों के होश उड़ गए। आरोपै है कि इससे पहले भी युवक किशोरी के साथ दुष्कर्म कर चुका है। रविवार को किशोरी परिजनों के साथ किशोरी कोतवाली पहुंची। पिता ने पुलिस को तहरीर दी। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

## पुलिसकर्मी पर महिला ने लगाए आरोप, एसपी से शिकायत की

**पीलीभीत, अमृत विचार:** कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। तीन दिन पहले उसके बेटे को कोतवाली बीसलपुर की पुलिस घर से पकड़ कर ले गई थी। इस दौरान पूछने पर पुलिस ने कोई कारण नहीं बताया। आरोप है कि तीन दिन तक कोतवाली में पुलिस उसके बेटे को बैठाए रही। वह बेटे को खाना और दवा देने के लिए कोतवाली जा रही थी।

आरोप है कि इस दौरान एक पुलिसकर्मी पीछे की तरफ कमरे में ले गया और उसके साथ अभद्रता करने लगा। किसी तरह उसने भागकर अपनी इज्जत बचाई। अब आरोपी पुलिसकर्मी शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

## सार-संक्षेप

### हितेश अध्यक्ष, दलजीत सिंह बने सचिव



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेन्टिटिब्स एसोसिएशन की पीलीभीत यूनिट की वार्षिक सभा बैठक रविवार को हुई। प्रांतीय कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य रामेश्वर पांडे, सदस्य मनोज सक्सेना की उपस्थिति में इसे संपन्न कराया गया। अध्यक्ष पद पर हितेश शुक्ला, दलजीत सिंह सचिव, हरेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, सहसचिव विकास गंगवार, सुधांशु उपाध्यक्ष, सचिन अवस्थी, रवि कुमार, कलीम अख्तर, पंकज कुमार, गुलशन राठौर, राजकुमार को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। वार्षिक मीटिंग में 78 सदस्य शामिल हुए।

### प्रशांत जिलाध्यक्ष, राजेंद्र चुने गए जिला मंत्री



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की ओर से रविवार को नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए चुनाव कराया गया। प्रशांत कुमार को जिलाध्यक्ष चुना गया। जबकि लोकेश कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नूर अफरोज को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार यादव को जिला मंत्री, जयशंकर को कोषाध्यक्ष और सतीश कुमार जोशी को लेखा परीक्षक चुना गया। चुनाव संपन्न होने के बाद सदर तहसील के सभागार कक्ष में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इसके बाद लेखपालों ने सभी को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

### भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क



**पीलीभीत।** तहसील अमरिया क्षेत्र के ग्राम आराजी दीननगर, टोडरपुर, जोशी कालोनी, जिठनियां, सुरजपुर में रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया। जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय ने कहा कि नगीना लोकसभा सीट पर चंद्रशेखर आजाद की हुई जीत से जनता ने उत्तर प्रदेश में सियासी बदलाव का इशारा कर दिया है। लोगों को संगठन की नीतियों से अवगत कराया और नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर राजाराम माथुर, मुनीष कुमार जाटव, नौशाद हुसैन, सत्यप्रकाश पारखी, राम कुमार गौतम, हरीश कुमार गंगवार, रोहन वाल्मीकि, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### सर्पदंश से पुजारी की मौत

**बीसलपुर।** मंदिर की सफाई करते वक्त पुजारी को सांप ने डस लिया। बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम पसगवां के हंसराम का पुत्र संजय उर्फ शरण गिरी ग्राम मोहम्मदपुर महुआ ताल के पास एक मंदिर पर पुजारी थे। वह रोज की तरह परिसर की सफाई कर रहे थे इस दौरान कूड़े के ढेर में छिपे सांप ने डस लिया था। जिसमें उसकी मौत हो गई।

**आज का मौसम**

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

35.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### विवाहिता से मारपीट करने का आरोप

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मुडिया हुलास के रहने वाले प्रमोद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री अनीता की शादी बरखेड़ा के वार्ड नंबर दो के राहुल से की थी। 26 जुलाई दोपहर करीब दो बजे पुत्री को पति राहुल, ननद बेबी, संगीता और ससुर पीतम पीटा। जान से मारने की धमकी दी गई ।पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### एक ही परिवार के तीन लोगों को पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मंडन की रहने वाली गीता देवी पत्नी तोताराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 जुलाई की शाम साढ़े सात बजे पड़ोसी कपिल, अर्जुन व मंगूलाल ने गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। बचाने आई ननद लीलावती और सास चमेली देवी को भी पीटा। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### अज्ञात पर गोकशी की एफआईआर

**पूरनपुर, अमृत विचार :** माधोटांडा रोड पर लोधीपुर मोड़ के पास एक तालाब में शनिवार को गोवंश का अवशेष पड़ा मिला था। इसकी सूचना मिलने पर विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता पहुंचे थे। गोकशी को लेकर आरोप लगाए थे। पुलिस ने अवशेष परीक्षण कराकर दफन करा दिया था। इस मामले में अब अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

**- पिछले दिनों बाढ़-बारिश से 1603 हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसलें हो गई थी तबाह, कृषि विभाग ने सर्वे कर डाटा किया फीड, प्रशासन ने रिपोर्ट शासन को भेजी**

# 7583 बाढ़ पीड़ितों को मदद की दरकार, प्रशासन कर रहा बजट का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बाढ़ बारिश के दौरान जनपद भर में 1603 हेक्टेयर से अधिक रकबे में खड़ी कृषि फसलें तबाह हुई है। सर्वे होने के बाद कृषि विभाग की ओर से प्रभावित किसानों का डाटा फीड किया जा चुका है, लेकिन अभी तक किसानों को कृषि फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा नहीं मिल सका है।



बाढ़-बारिश से तबाह हुई धान की फसल। ● अमृत विचार

प्रशासन बजट के आने का इंतजार कर रहा है। अफसरों के मुताबिक बजट मिलते ही किसानों के खातों में मुआवजे की धनराशि भेज दी जाएगी। जनपद में बीतें दिनों हुई भारी बारिश के बाद शारदा और देवहा नदी उफना गई थी। नदियों का जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे बसे गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया था। कलीनगर और पूरनपुर तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों में हालात बेकाबू हो गए थे। अचानक आई बाढ़ के चलते बाढ़ प्रभावित इलाकों के अधिकांश लोग घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। कई लोग बाढ़ में फंस गए तो उन्हें एनडीआरएफ, पीएसी, एसएसबी के सहयोग से सुरक्षित निकालकर बाढ़ शरणालयों में सुरक्षित पहुंचाया गया। कम्युनिटी किचेन के माध्यम से बाढ़ पीड़ितों तक भोजन पहुंचाया गया। हालात सामान्य होने में तीन से चार दिन का समय लग गया।

स्थिति काबू में आते ही डीएम संजय कुमार सिंह के निर्देशन में राहत कार्य शुरू किए गए। बाढ़-बारिश के दौरान हुए नुकसान के आकलन के लिए सर्वे टीमें जुटाई गई। जनपद भर में 75 हजार से अधिक बाढ़ पीड़ितों को चिन्हित करते हुए उन तक राहत किट और जरुरी सामान पहुंचाया गया। बाढ़-बारिश से क्षतिग्रस्त हुए 1028 कच्चे-पक्के मकानों की क्षतिपूर्ति के लिए प्रभावित परिवारों को 48.07 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है।

### कलीनगर और पूरनपुर में सर्वाधिक नुकसान

प्रभावित किसानों का डाटा फीड, बजट मिलते ही मिलेगा मुआवजा

जनपद की कलीनगर और पूरनपुर तहसील के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सर्वाधिक कृषि फसलों को नुकसान पहुंचा है। कृषि विभाग द्वारा किए गए सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक जनपद भर में बाढ़-बारिश से 7583 किसानों के 1603 .91 हेक्टेयर में खड़ी धान, गन्ने आदि की फसलें तबाह हुई हैं। कृषि विभाग द्वारा सर्वे के बाद इन प्रभावित किसानों का डाटा फीड कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। प्रशासन बजट आने का इंतजार कर रहा है। अफसरों का कहना है कि बजट आते ही प्रभावित किसानों के खातों में मुआवजे की धनराशि भेज दी जाएगी।



बाढ़ प्रभावित इलाकों में टीमों द्वारा कृषि फसलों के नुकसान का आकलन करने को सर्वे किया गया था। सर्वे पूरा कर डाटा फीड कर दिया गया है। रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। बजट मिलते ही प्रभावित किसानों के खातों में मुआवजे की धनराशि भेजी जाएगी।

– **ऋतु पूनिया**, एडीएम वित्त

# प्रधानमंत्री की मन की बात में छाए पीलीभीत के बाघमित्र

## मोदी ने जमकर की सराहना, बोले- मुझे खुशी है कि पीटीआर में जनभागीदारी बाघ संरक्षण में आ रही काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत के बाघमित्र मॉडल की गूंज अब राष्ट्रीय स्तर पर सुनाई देने लगी है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम की जमकर सराहना की। बोले-पीलीभीत का बाघ मित्र कार्यक्रम खूब चर्चाओं में हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के सहयोग से पीटीआर में बाघ मित्र मॉडल को मिली सफलता के बाद अब इसे अमानगढ़ टाइगर रिजर्व समेत पांच वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में लागू किया जा चुका है।



ट्रेंनिंग के दौरान गतिविधियों में हिस्सा लेते बाघ मित्र। ● अमृत विचार

बाघों की सुरक्षा एवं निगरानी में पीलीभीत टाइगर रिजर्व का बाघ मित्र मॉडल खासा मुफीद साबित होता नजर आ रहा है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्र प्रोजेक्ट ने सफलता की ऐसी कहानी गढ़ी कि इसकी गूंज देश के अन्य टाइगर रिजर्वों तक जा पहुंची। पीलीभीत के बाघ मित्र प्रोजेक्ट को इस कदर सराहना मिली कि बाघ-तेंदुओं की सुरक्षा एवं निगरानी के मायने से मुफीद पाते हुए इसे दक्षिणी खीरी वन प्रभाग, उत्तरी खीरी वन प्रभाग (दुधवा टाइगर रिजर्व का बफर एरिया), कर्तनिया घाट वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में लागू किया जा चुका है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में अभी 30 बाघ मित्र तैयार किए गए हैं। बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में भी इस मॉडल से प्रोत्साहित होकर जंगल वालंटियर्स रखे गए हैं।

इन सभी को भी पीटीआर के बाघ मित्रों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा राजस्थान के रणथंभौर से आई टीम भी पीटीआर के बाघ मित्रों से वन्यजीव मैनेजमेंट सीख चुकी है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपरान्ह 11 बजे प्रसारित हुए मन की बात कार्यक्रम में पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम की बेहद सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश के पीलीभीत में चल रहा बाघ मित्र कार्यक्रम बहुत चर्चा में है। इसके तहत स्थानीय लोगों को बाघमित्र के रूप में काम करने की ट्रेनिंग दी जाती है। यह बाघ मित्र इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि बाघों और इंसानों के बीच टकराव की स्थिति न बने। देश के अलग-अलग हिस्सों में इस तरह के कई प्रयास जारी है। मुझे खुशी है कि जनभागीदारी बाघों के संरक्षण में काम आ रही है।

प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम की चर्चा होने से स्थानीय वन अफसरों से लेकर शासन स्तर के वन अफसर खासे गद्गद् हैं।

**● यहां का बाघ मित्र मॉडल अमानगढ़ समेत पांच वाइल्डलाइफ सेंचुरी में हो चुका है लागू**

### पहले सुनी मन की बात, फिर फरियाद

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने रविवार सुबह जन सहयोग कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की दूसरे एपिसोड के मन की बात सुनी। जिसमें खास तौर पर उन्होंने पीलीभीत की वाघ मित्र योजना और बाघ संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। उसके बाद राज्यमंत्री ने कार्यालय पर आई जनता की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।



● अमृत विचार

### कुछ यूं बढ़ा बाघ मित्रों का कांरवा...

जनपद के जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। टाइगर रिजर्व बनने के बाद मानव-वन्य जीव संघर्ष के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए इसकी रोकथाम के प्रयास शुरू किए गए। पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने बाघ मित्र योजना बनाते हुए जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले कुछ जागरूक युवाओं को टीम में शामिल किया। विशेषज्ञों द्वारा इन युवाओं को बाघ एवं तेंदुए के पदचिन्ह और उनके व्यवहार के प्रति प्रशिक्षित किया गया। वर्ष 2020 आते-आते सभी वालंटियर्स ने अपनी जिम्मेदारी भलीभांति संभाल ली और अपने-अपने क्षेत्रों में दिए गए दायित्वों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। बाघ मित्र प्रोजेक्ट को खासी सफलता मिली। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार के मुताबिक शुरूआत में पीटीआर क्षेत्र में बाघ मित्रों की संख्या 60 रखी गई थी, जो अब बढ़कर 120 हो गई है। बाघ मित्रों की सक्रियता का ही परिणाम है कि जंगल सीमा से सटे लोग अब बाघ या तेंदुआ दिखने पर हिंसक होने के बजाय इन वन्यजीवों के व्यवहार को समझने लगे हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी देखी जा रही है।

## बाढ़ खंड के एक्सईएन ने किया तटबंध का निरीक्षण

**पूरनपुर, अमृत विचार:** बीते दिनों आई बाढ़ से शारदा नदी पर बनाया जा रहा तटबंध तीन स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे बाढ़ का पानी चंदिया हजारा गांव में घुस गया था। इसको लेकर ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी थी। इस समय क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मत का काम चल रहा है।

शनिवार देर शाम बाढ़ खंड के एक्सईएन आशुतोष कुमार मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर किसी भी हालत में कार्य बंद न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय रहते कार्य को पूरा कराया जाए। तटबंध की मरम्मत के लिए पर्याप्त रेट न मिलने पर ग्रामीणों ने खेत से मिट्टी देने की बात कही है। मड पंप का ऑपरेटर शारदा नदी से रेत नहीं निकल पा रहा है। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि दूसरा ऑपरेटर सोमवार को चंदिया हजारा पहुंचेगा। उसने तेज धार में मशीन चलाकर तटबंध की मरम्मत के लिए पर्याप्त रेत निकालने का आश्वासन दिया है।

# जर्जर तारों से निकली चिंगारी से मची भगदड़, बत्ती गुल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शहर की बिजली व्यवस्था का सुधार नहीं हो पा रहा है। पावर कारपोरेशन की ओर से किए जा रहे तमाम दावे खोखले साबित हो रहे हैं। एक बार फिर भीषण गर्मी के बीच लोड बढ़ने पर व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली के तारों से निकलने वाली चिंगारी हादसे का सबब बनी हुई है। वहीं दिन-रात घंटों बिजली गुल हो रही है।

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। बीच-बीच में हो रही हल्की बूंदाबांदी ने उमस और बढ़ा दी है। शनिवार को दिन में कई बार बिजली की आंख मिचौली बनी रही। इसके बाद देर शाम छीपियान चौराहा के नजदीक बिजली के तार आपस में टकराए और चिंगारी निकली। उस वक्त बाजार में भीड़ थी। चिंगारी गिरने से अफरा तफरी मच गई। इसके बाद बिजली ऐसे गुल हुई कि रात भर आसपास के उपभोक्ता बेहाल हो गए। इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर भी फाल्ट होते रहे। लोकल फाल्ट का क्रम रविवार को भी दिन में जारी रहा। कई घंटे गर्मी में लोग परेशान रहे। इनवर्टर कुछ ही देर में जवाब दे गए थे। रविवार को छीपियान चौराहा के पास निकली तारों से चिंगारी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा।



तारों से निकलती चिंगारी।

**● रविवार को भी दिन भर रूलाती रही बिजली की अघोषित कटौती**

## रंजिश में धारदार हथियार से हमला कर युवक घायल किया

**पूरनपुर, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला खानकाह के रहने वाले सरवर हुसैन ने बताया कि उसकी पजाबा गांव में जमीन है। आरोप है कि पड़ोस का रहने वाला फिदा हुसैन, अरबाज और कैफ रजा से उसका काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। कुछ दिन पहले उसने अपने खेत में धान की रोपाई की जिससे उनके खेत का पानी फिदा हुसैन के खेत में चला गया। दो दिन के बाद इसकी जानकारी लगने पर फिदा हुसैन, अरबाज और कैफ रजा ने उनके साथ इसको लेकर गाली-गलौज की। आरोप है कि 28 जुलाई को तीनों लोग उनके घर में धारदार हथियार लेकर घुस आए। वह कुछ समझ पाते इससे पहले उसके साथ मारपीट की। धारदार हथियार लगने से उनका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने वाले तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार समेत तीन लोग घायल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** सड़क हादसे में बाइक सवार समेत तीन लोग घायल हो गए। एक भी घटना में पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। तीनों घायलों को राहगीरों ने पहले नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सकों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

एक हादसा पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के जेठापुर गांव के पास हुआ। गांव भायपुर का रहने वाला प्रदीप अपने भाई विमल के साथ बाइक से काम निपटाकर घर लौट रहा था। उसने बताया कि जेठापुर गांव के पास पहुंचते ही उसकी बाइक में अनियंत्रित गति से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त होने के साथ बाइक पर सवार दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने किसी तरह घायलों को उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

दूसरा हादसा ककरौआ गांव के पास हुआ। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव रानीगंज के रहने वाले सरवन पुत्र दिवाकर साइकिल से घर जा रहा था। उसके मुताबिक ककरौआ गांव की नहर के पास पहुंचते ही एक बाइक ने उसकी साइकिल में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में किशोर सरवन गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद बाइक सवार भाग गया। राहगीरों ने किसी तरह किशोर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**● दोनों हादसे पूरनपुर क्षेत्र में हुए सभी घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज**

# महंगे डीजल से मिलेगी निजात, 1302 किसानों को अनुदान पर मिलेंगे सोलर पंप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिले के किसानों को सिंचाई के लिए महंगे डीजल और बिजली खर्च से निजात मिल सकेगी। पीएम कुसुम योजना के तहत जिले के 1302 किसानों को अनुदान पर सोलर पंप दिए जाऐंगे। इसको लेकर आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रथम चरण में 98 किसान सोलर पंप ले चुके हैं।

शासन ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में 1400 किसानों को अनुदान पर नलकूपों के लिए सोलर पंप दिए जाने का लक्ष्य दिया गया था। ताकि सिंचाई पर आने वाले बिजली खर्च और महंगे डीजल से उन्हें निजात मिल सके। इसके तहत दो एचपी (डीसी), दो एचपी (एसी), तीन एचपी (डीसी), तीन एचपी (एसी), पांच एचपी (एसी), 7.5 एवं 10 एचपी (एसी) सबमर्सिबल पंप किसानों को देने की तैयारी है। प्रथम चरण के तहत 98 किसान योजना का लाभ चुके हैं। इधर अब दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसको लेकर ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किसानों को सोलर पंप दिए जाएंगें। किसान www.agriculture.com पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को पांच हजार रुपये टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। टोकन मिलने के बाद 14 दिन के अंदर किसानों को अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा करनी होगी। विभाग के मुताबिक ऑनलाइन बुकिंग लक्ष्य समाप्ति तक की जाएगी।

**● किसानों को करना होगा ऑनलाइन आवेदन, पहले चरण में 98 किसान ले चुके हैं सोलरपंप**

पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत किसानों को अनुदान पर सोलर पंप दिए जाने हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किसानों को सोलर पंप दिए जाएंगें। – **नरेंद्र पाल**, उप कृषि निदेशक

**इस तरह मिलेगा अनुदान-**

| सोलर पंप | कीमत | अनुदान |
|---|---|---|
| दो एचपी डीसी पंप | 171716 | 60 % |
| दो एचपी एसी पंप | 171716 | 60 % |
| दो एचपी डीसी सबमर्सिबल | 174541 | 60% |
| दो एचपी एसी सबमर्सिबल | 174073 | 60% |
| तीन एचपी डीसी पंप सबमर्सिबल | 232721 | 60% |
| तीन एचपी एसी पंप सबर्सिबल | 230445 | 60% |
| पांच एचपी एसी पंप सबमर्सिबल | 327498 | 60% |
| 7.5 एचपी एसी पंप सबमर्सिबल | 444094 | 60% |
| 10 एचपी एसी पंप सबमर्सिबल | 557620 | 60% |

**जागरूकता** | कृषि वैज्ञानिकों ने पोक्का बोइंग बीमारी से बचाव के उपाय बताएं

# गन्ना उत्पादन बढ़ाने को वैज्ञानिक विधि अपनाएं किसान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर की ओर से आयोजित कृषक प्रशिक्षण एवं संगोष्ठी में किसानों को वैज्ञानिक विधियों के माध्यम से गन्ना उत्पादन बढ़ाने के तौर-तरीके बताए गए। इस दौरान किसानों को चल रहे सर्वे सट्टा प्रदर्शन और समिति सदस्यता अभियान की भी जानकारी दी गई।

गन्ना विकास परिषद पीलीभीत के क्रिटिकल गांव खमरिया पुल में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान धर्मपाल सिंह ने की। गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के सहायक निदेशक पीके कपिल एवं सेवानिवृत वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आरडी तिवारी ने गन्ना की उत्पादकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संवाद के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों की गन्ना उत्पादन से जुड़ी शंकाओं का निवारण किया। सहायक निदेशक ने पोक्काबोइंग बीमारी की जानकारी देते हुए बताया यह रोग गन्ने की फसल में जुलाई, अगस्त एवं सितंबर में देखने को मिलता है।




कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

तापमान में कमी और वातावरण में नमी बढ़ना इस रोग के फैलने की सबसे अनुकूल स्थिति मानी जाती है। यदि इस रोग का उपचार समय रहते नहीं किया गया तो प्रभावित फसल की उत्पादकता पर बेहद विपरीत प्रभाव देखने को मिल सकता है। उन्होंने बताया कि पोक्काबोइंग बीमारी लगने से पत्तियों के निचले हिस्से में पीलापन दिखाई देता है। प्रभावित पत्तियां सामान्य पत्तियों की तुलना में छोटी, मुड़ी हुई, एक दूसरे में फंसी हुई और विकृत दिखाई देती हैं। फिर संक्रमित पौधों का शीर्ष सड़कर भूरे या काले रंग का हो जाता है।

इससे गन्ने की बढ़वार भी रुक जाती है। बताया कि इससे बचाव के लिए कार्बेन्डाजिम 50 डब्ल्यूपी का 0.1 प्रतिशत, कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 डब्ल्यूपी का 0.2 प्रतिशत, 800 ग्राम फफूंद नाशी को 400 लीटर पानी के साथ प्रति एकड़ की दर से घोल बनाकर 15 दिन के अंतराल पर दो बार छिड़काव करें। डीसीओ खुशीराम भार्गव ने सीमांत किसानों को समय से गन्ना पर्ची की उपलब्धता पर विभागीय नियमों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि सभी किसान गांव में चल रहे सट्टा प्रदर्शन में 63 कॉलम की सूचना देखकर समय से आवश्यक संशोधन करवा लें एवं गन्ना की आपूर्ति चीनी मिल को ही करें। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामभद्र द्विवेदी ने बताया कि विभाग द्वारा गन्ना समिति के सदस्य बनाने के विशेष अभियान चलाया जा रहा है। किसान अपनी सदस्यता के लिए 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एलएच चीनी मिल के संजीव राठी, प्रदीप सिंह के अलावा गन्ना पर्यवेक्षक समेत ओमप्रकाश गंगवार, धर्मपाल, राजेश कुमार, फतेहचंद, मिढ़ईलाल, रामबहादुर, नत्थूलाल, बुद्धसेन समेत कई अन्य किसान मौजूद रहे।

**● गन्ना किसान संस्थान की ओर से रविवार को कृषक प्रशिक्षण एवं संगोष्ठी को हुआ आयोजन**

## खेत पर नाबालिग बालिका से दुष्कर्म मामले में रिपोर्ट दर्ज

**सहसवान, (बदायूं), अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसका गांव के पास में ही खेत है। जिसमें मिर्च की खेती की हुई है। उसके मुताबिक रविवार की दोपहर में वह अपनी नाबालिग बेटी को खेत पर छोड़कर खाना खाने घर आ गया। उसके मुताबिक पड़ोस में अतर सिंह का खेत है। आरोप है कि अतर सिंह का बेटा ओमवीर ने उसकी नाबालिग बेटी को अकेला देखा और खेत में आ गया। इसके बाद वह खेत में लगे टेंट में खींचकर ले गया। उसके साथ दुष्कर्म कर किया। बालिका की चीख पुकार पर पड़ोस के खेत में काम कर रहे किसान और परिजनों मौके पर आने लगे। उन्हें आता देखकर आरोपी फरार हो गया। पीड़िता का पिता उसे लेकर जिला अस्पताल गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# कोर्ट के आदेश पर दो अलग-अलग मामलों में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बीसलपुर/पूरनपुर

**अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर बीसलपुर में धोखाधड़ी और पूरनपुर कोतवाली में प्रेम प्रसंग के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। बीसलपुर कोतवाली में ग्राम मुसेली के मैसर अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मैंसर अली ने बताया कि बरेली जनपद के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम भड़रिया के रहने वाले रहमत शाह को वर्ष 2021-22 में ईट की पथाई के लिए मजदूरों को अमन वर्मा के ईट भट्टा थाना इब्राहिम जनपद अकबरपुर ले जाने के लिए एक लाख रुपये एडवांस दिए।

उसी साल दिसंबर माह में लेबर को ईट पथाई करने भट्टे पर जाना था लेकिन कोई नहीं पहुंचा। जब ठेकेदार से बात की तो उसने और रकम मांगी। कई बार में 2.39 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद भी लेबर नहीं भेजी। रुपये मांगने पर धमका दिया। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

इधर, पूरनपुर में नगर के एक मोहल्ले के रहने वाले युवक का जनपद अंबेडकर नगर की रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग हो गया। सोशल मीडिया के माध्यम से दोनों में जान पहचान हुई और उसके बाद प्रेम कहानी शुरू हो गई। युवती अंबेडकर नगर से पूरनपुर पहुंच गई और उसने युवक से शादी कर ली। युवती के परिजनों को युवक के गैर समुदाय के होने के बारे में पता चला तो वह बीते आठ जून को पूरनपुर पहुंचे और शादी का विरोध किया। परिजन विवाहिता को जबरन अपने साथ अंबेडकर नगर ले गए। युवक ने पत्नी को जबरन घर से ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराने को कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

**● बीसलपुर में धोखाधड़ी और पूरनपुर में प्रेम प्रसंग मामले में हुई कार्रवाई**

## हरियाणा के युवकों को बंधक बनाकर लूट ली कार

**विजय नगला (बदायूं), अमृत विचार :** हरियाणा के जिला कैथल के थाना भुल्ला क्षेत्र के गांव अजीमगढ़ निवासी चरन सिंह और तनवीर शनिवार रात लगभग नौ बजे अपनी कार से बरेली-मथुरा राजमार्ग होते शाहजहांपुर से वापस लौट रहे थे। आरोप है कि थाना बिनावर क्षेत्र के मलगांव रेलवे क्रासिंग के पास कुछ बदमाशों ने उनकी कार रुकवा ली। उनकी लग्जरी कार लूट ली और राजमार्ग किनारे बंधक बनाकर डाल दिया। कार लूटकर ले गए। पीड़ितों ने डायल 112 पुलिस को फोन करके सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। कार मालिक को साथ लेकर बदमाशों की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सूचना मिलने पर एसओजी पहुंची। चरन सिंह और तनवीर को साथ ले गई। प्रभारी निरीक्षक एसके शर्मा ने बताया कि एसओजी कार मालिक को साथ ले गई है। पूछताछ की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## एक नजर

### सामान लेने गई युवतियों से छेड़छाड़, दुकानदार गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली स्थित गुदड़ी बाजार में रविवार को दो युवतियां एक दुकान पर दुपट्टा, शूट आदि खरीदने पहुंची। आरोप है कि दुकान मालिक ने दोनों के साथ छेड़छाड़ की। इस दौरान उन्होंने दुकान के बाहर हंगामा किया। युवतियों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि दुकान मालिक रिजवान अली को गिरफ्तार कर लिया है।

### पीड़िता ने डीएम की शिकायत


**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला मतानी निवासी रामसुखी पत्नी रामसरन ने डीएम को दिए पत्र में बताया कि उसके मकान के उत्तर साइड में विपक्षी उसके मकान के छज्जे के ऊपर अपना छज्जा निकाल रहा है। 22 जुलाई को विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गया। पीड़िता ने बताया कि उसके पति चलने-फिरने में असमर्थ हैं। इसी का फायदा विपक्षी उठा रहा है।

# वरुण अर्जुन कॉलेज ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर की ओर से नगर पालिका टाउन हॉल तिलहर में रविवार को निःशुल्क छाती, श्वास एवं टीबी रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में मरीजों की निःशुल्क ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच की गई।

सामान्य दवाइयां दी गईं। मरीजों को बताया कि शिविर से रोहिलखंड अस्पताल आने पर मरीजों की सीबीसी, केएफटी, एलएफटी ईसीजी की जांच की सुविधा मुफ्त उपलब्ध है। डॉक्टर एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी। अस्पताल के छाती एवं श्वास रोग विभाग में


शिविर में जांच करते चिकित्सक।

पीएफटी की जांच, दूरबीन से श्वांस की नली व फेफड़े की जांच, खून की जांचें सस्ते दरों पर उपलब्ध हैं। शिविर में छाती व स्वास्थ्य रोग विभाग के डॉ. रजत गोयल की टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन मौजूद रहे।

# ग्राहक से विवाद बीयर सेल्समैन को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद थाना क्षेत्र गांव हरिहरपुर निवासी हिमांशु दीक्षित ने बताया कि याकूब तिराहे पर बीयर की दुकान पर सेल्समैन है। 23 जुलाई की शाम उसका ग्राहक से बीयर ठंडी व गर्म को लेकर विवाद हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए थे। 23 जुलाई की रात साढ़े 10 बजे वह दुकान बंद करके घर जा रहा था। रास्ते में इंडियन ढाबा के सामने कुछ लोगों ने उसे रोक लिया। आरोपी एक युवक ने उसके सिर पर तमंचे से प्रहार किया, जिससे वह घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## जिले में पंजीकृत हैं पांच लाख कृषक, 31 जुलाई है अंतिम तिथि, दो दिन अभी भी शेष

# पांच लाख में मात्र तीन हजार ने कराया बीमा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डीडी कृषि ने की अपील, योजना के प्रति किया जा रहा जागरूक
- इसके बाद भी योजना में रुचि नहीं ले रहे किसान




**अमृत विचार:** जिले मेंअब तक मात्र 3000 हजार किसानों ने फसल बीमा कराया है। जबकि बीमा कराने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। डीडी कृषि ने जनपद के किसानों से अपील की है कि वह फसल बीमा समय से कराकर जागरूक किसान बनें।

उन्होंने बताया कि जिले में जुलाई में आई बाढ़ के कारण कई गांवों की कृषि योग्य भूमि जलमग्न होने के कारण फसलों का काफी नुकसान हो गया या तैयार की गई भूमि में आगामी काफी दिन तक बुवाई/रोपाई नहीं हो पाएगी। जिन कृषकों (ऋणी एवं गैर ऋणी कृषक) ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अपनी फसलों को बीमित करवाया है। ऐसे किसान फसल बीमा के लिए अनुबंधित बीमा कंपनी इफ्को टोकिया जनरल इंश्योरेंश कंपनी लिमिटेड के टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर अपने नुकसान की सूचना को दर्ज करा सकते हैं। किसान धान, मक्का, तिल, बाजरा, उर्द को बीमित कर जोखिम को कम कर सकते हैं, खरीफ फसलों में बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रीमियम ( किसान अंश) फसल बीमा के लिए देय होता है।

बीमा के लिए इच्छुक किसान गैर ऋणी किसान के रूप में अपनी फसलों को बीमित कर सकते हैं तथा जिन किसानों द्वारा अपने केसीसी पर फसली ऋण ले रखा है। उनका प्रीमियम (कृषक अंश) बैंक द्वारा सीधे काट कर बोई गई अधिसूचित फसल को बीमित कर दिया जाता है। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ सीजन में फसलों का बीमित के कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर लें पूरी जानकारी

बीमा कंपनी प्रतिनिधि से करे संपर्क प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिक जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय लोधीपुर एवं जनपद में फसल बीमा करने के लिए अनुबंधित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि समी आलम के मोबाइल संख्या 7355321155 पर संपर्क कर फसल बीमा संबंधी अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# सैनिक सम्मान के साथ बलिदानी मोहित का अंतिम संस्कार

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद हुए थे इस्लामनगर क्षेत्र के मोहित कुमार, शव पहुंचते ही नम हुईं लोगों की आंखें

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** हजारों लोगों के जनसमूह में हर आंख से छलकते आंसू। जय हिंद व भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के गूंजते नारे। यह नजारा था रविवार को इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सभानगर का। जब भारत मां का एक और सपूत देश की रक्षा के लिए बलिदान हो गया। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद हुए सैनिक मोहित कुमार का शव रविवार सुबह गांव पहुंचा। एक तरफ देश पर न्यौछावर होने पर फक्र था तो वहीं परिवार का इकलौता बेटे की मौत होने के चलते आंखें नम थीं। सेना के अधिकारी और पुलिस ने राजकीय सम्मान के साथ बलिदानी मोहित का अंतिम संस्कार किया। शहीद के पिता ने मुखाग्नि दी। सैनिक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सेना के अधिकारियों ने शोक शस्त्र की रस्म अदा की और शहीद को सलामी दी।


इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सभानगर निवासी नत्थू सिंह खेतीबाड़ी करके अपने इकलौते बेटे मोहित कुमार राठौर, बेटी रजनी, नीतू व पूजा की परवरिश करते थे। साल 2017 में मोहित कुमार सेना में भर्ती हुए थे। वह दो साल से मदर यूनिट 17 राज राइफल यूनिट में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान मोहित कुमार राठौर को सात गोलियां लगीं। वह देश पर बलिदान हो गए। शनिवार को शव बरेली में रखा गया। बदायूं प्रशासन ने नत्थू सिंह के खेत पर अंतिम संस्कार की तैयारी कराई। रविवार सुबह मोहित का शव बिल्सी की ओर से इस्लामनगर मार्ग पर गुजरा। जगह-जगह लोग पार्थिव शरीर के आने का इंतजार कर रहे थे। सेना की गाड़ी से तिरंगा में लिपटा शहीद का पार्थिव शरीर आया तो लोगों ने सेल्यूट किया और तिरंगा लेकर साथ चल पड़े। जब तक सूरज चांद रहेगा, मोहित सिंह राठौर का नाम रहेगा। मोहित सिंह अमर रहे, भारत माता की जय, वंदे मातरम के अलावा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। शव गांव पहुंचा तो परिजन ही नहीं बल्कि पूरा गांव और जिले का सीना चौड़ा था और आंखों नम थीं। पत्नी रुचि की चीख निकल पड़ी। शव के अंतिम दर्शन को हजारों की भीड़ गांव में मौजूद थी। डीएम निधि श्रीवास्तव और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने फफक-फफककर रो रहे परिजनों को ढांढस बंधाया। डीएम ने एमओआइसी डॉ. रोहित कुमार को बुलाकर शहीद मोहित कुमार की पत्नी रुचि के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी की। रोते हुए कई बार रुचि बेसुध हो गईं। **गांव के 12 युवा सेना और पुलिस में भर्ती :** गांव सभानगर छोटा सा है। जिसमें तकरीबन तीन सौ लोग रहते हैं। मोहित के अलावा उनके चाचा का बेटा दीपक ठाकुर भी सेना में हैं। वह मोहित से एक महीने पहले सेना में भर्ती हुए थे। इस गांव से 12 युवा सेना और पुलिस में भर्ती हो चुके हैं। जबकि अन्य कई युवा सेना में जाने की तैयारी कर रहे हैं। मोहित कुमार का शव गांव पहुंचा तो तैयारी कर रहे युवा भी एक-दूसरे से लिपटकर रोए।



शहीद का शव लेकर गांव पहुंचे सेना के अधिकारी। ● अमृत विचार


शहीद के शव से लिपटीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार


मोहित की पत्नी रुचि और पिता नत्थू सिंह के हाथ में तिरंगा और पत्र रखकर ढांढस बंधाते सेना के अधिकारी। ● अमृत विचार


सेना के अधिकारी के सीने पर सिर रख रोते शहीद के पिता।


भाई की मौत पर बेसुध हो गई बहन।


शव से लिपटकर रोते पिता। ● अमृत विचार

### लेफ्टिनेंट जनरल ने तिरंगे के साथ भेजा पत्र

शहीद मोहित सिंह राठौर के शव के साथ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने शहीद की पत्नी को एक पत्र भेजा है। जो सेना के अधिकारियों ने रुचि को तिरंगे के साथ दिया। जिसमें लिखा है रुचि जी, हमें आपके पति राइफल मैन मोहित राठौर का 27 जुलाई 2024 को सैन्यकर्तव्य का निर्वाहन करते हुए वीरगति प्राप्त होने पर गहरा दु:ख है। रायफल मैन मोहित राठौर बहुत हिम्मत वाले एवं कर्तव्यनिष्ठ सैनिक थे। उन्होंने देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह आपको तथा आपके परिवार को कठिन समय में हिम्मत दे। दु:ख की इस घड़ी में अकेला महसूस न करें। हम सब आपके साथ हैं और भविष्य में भी साथ रहेंगे। हमेशा आपकी सहायता के लिये मौजूद हैं। किसी भी प्रकार की सहायता के लिये आप बिना झिझक मुझे या ब्रिगेडियर दंड़पाल के नंबर पर फोन कर सकती हैं।


वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के शिविर में जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# 15 मरीजों का इलाज करेगा वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नि: शुल्क शिविर में जांच के दौरान 15 मरीजों में निकला मोतियाबिंद

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा ने रविवार को खुदागंज क्षेत्र के अल्केम पब्लिक स्कूल देवरास में मुफ़्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 272 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 15 मरीजों में मोतियाबिंद मिला, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निःशुल्क किया जाएगा।

106 मरीजों की ब्लड शुगर व 145 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क की गई। लगभग 257 को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। एमआरआई व सीटी स्कैन और अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक भी किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी, जो अस्पताल के द्वारा 200 रुपये में बनाया जाता है और 1 वर्ष के लिए मान्य है। बताया गया कि कार्ड के द्वारा ओपीडी का पर्चा निःशुल्क बनेगा और दवाइयों व सभी जांचों पर 20 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। साथ ही भर्ती होने पर भर्ती फाइल मुफ्त बनेगी।

स्वास्थ्य कार्ड धारक को सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत और खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी और आगे पीआरओ ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, मुफ्त नर्सिंग केयर एवं मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। हर प्रकार के ऑपरेशन, सस्ती दवाएं, आईसीयू, वेंटीलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है। शिविर में अभिषेक सिंह, संजीव गुप्ता (प्रधान) एवं ब्रजेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर के डॉ. अंजनी नायडू, डॉ. शंभवी पांडेय, डॉ. शाकुल, डॉ. रिव्या सिंह एवं पीआरओ विपिन शर्मा व पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहा।

## सार-संक्षेप

### वरुण अर्जुन कॉलेज के शिविर में हुई हड्डी रोगों की जांच



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र निकट फल मंडी नखासे के सामने मीरानपुर कटरा में नि :शुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कैंप में मरीजों की बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच की गई। मरीजों को परामर्श व दवाइयां नि :शुल्क दी गई और जांचों व सिटी स्कैन और एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ ने बताया कि आगे भी प्रत्येक माह के चौथे रविवार को निशुल्क हड्डी रोग का शिविर लगता रहेगा, जिससे क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलती रहेगी व हड्डी रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। कहा गया कि गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, रीढ़ का दर्द, जन्म से टेड़े-मेड़े हाथों पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी, गली हड्डी से मवाद आने का सफल इलाज, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण के इलाज की सुविधा उपलब्ध है। शिविर में स्पाइन व जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. कुसुम चंद्र अंबुरे, डॉ. सोमनाथ व डॉ. ऋषभ राज की चिकित्सीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ व मेडिकल कॉलेज के पीआरओ अतुल गंगवार मौजूद रहे।

### घर में घुसकर स्कूटी तोड़ी, लूटपाट की

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला भारद्वाज में आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर लूटपाट की और स्कूटी तोड़ दी और नगदी लूट ले गए। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष कुलदीप दीपक ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार को दिन में 2 बजे एक व्यक्ति अपनी बहन को लेकर घर पर आया और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। उनका आरोप है कि व्यक्ति अपने साथियों के साथ रात 9 :15 बजे फिर घर में घुस आया और गैलरी में खड़ी स्कूटी तोड़ दी। आरोप है कि अलमारी में रखें 30 हजार रुपये लूट लिए और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए । सूचना प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की । उन्होंने बताया तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उनके आवास पर दो सिपाहियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

### कार सवार युवक को पीटा, फायरिंग का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार :** गांव ख्वाजा सराय उर्फ सरैंया निवासी रामकिशोर यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के कुछ युवक शराब पीकर अक्सर गाली गलौज करते हैं, उसने इसका विरोध किया, तो वह लोग रंजिश मानने लगे। पीड़ित ने बताया कि रविवार सुबह 10 :30 बजे वह अपनी कार से घर का सामान खरीदने के लिए तिलहर आ रहा था, तभी विपक्षियों ने लाठी-डंडे तथा अवैध शस्त्रों से लैस होकर उसे रास्ते में घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उन लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायर किया, जिसमें वह बाल बाल बच गया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सामने ही हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 6 लोग घायल

**जैतीपुर, अमृत विचार:** बजेड़ा भगवानपुर निवासी शिवकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार सुबह वह गोबर डालने जा रहा था तभी पीछे से बलराम ने उस पर हमला कर दिया। उसके ताऊ मलिखान, तहेरे भाई मुकेश, भतीजी सुजाता बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की, जिससे सभी घायल हो गए। दूसरे पक्ष के गिरिराज ने शिवकुमार आदि पर मारपीट का आरोप लगाया। बताया कि उनका भाई बलराम सुबह खेत से आ रहा था, जिसे शिवकुमार आदि ने गाली गलौज कर पीटकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष अवधेश सेंगर ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। सभी को उपचार के लिए भेजा गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कनाडा जाने का खर्च नहीं देने पर बहू को निकाला

संवाददाता, खुटार

- कोर्ट के आदेश पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज
- पीड़िता ने पति समेत पांच लोगों को कराया नामजद

**अमृत विचार:** दहेज में क्रेटा कार और कनाडा जाने का खर्च नहीं देने पर ससुरालियों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कनाडा का मामला बताकर रिपोर्ट दर्ज करने से इंकार कर दिया। तब पीड़िता के पिता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पीड़िता के पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

खुटार ब्लॉक की ग्राम पंचायत अंडाह के मजरा नवदिया प्रेमराज निवासी बक्शीश सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 दिसंबर 2022 को उसने पुत्री रविंद्र कौर की शादी लखीमपुर खीरी के कस्बा मोहम्मदी के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा के रहने वाले मोहन सिंह के पुत्र मनिंदर सिंह के साथ की थी। शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक दान भेज दिया था। शादी के बाद दामाद और उसकी पुत्री विदेश कनाडा चले गए थे। कुछ माह बाद दामाद ने दहेज में एक क्रेटा कार और कनाडा जाने में लगे खर्च की मांग करनी शुरू कर दी। पुत्री के मना करने पर उसे प्रताड़ित करने के साथ ही घर से बाहर निकाल दिया। इस बात की जानकारी पुत्री रविंद्र कौर ने फोन से दी और कहा कि विवाद के बाद से वह अलग रह रही है। इसके बाद बक्शीश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। लेकिन पुलिस ने मामला कनाडा होने की बात कहकर टरका दिया। इसके बाद कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर खुटार पुलिस ने रविवार को बख्शीश सिंह की तहरीर पर उसके दामाद मनिंदर सिंह, मनिंदर सिंह के पिता मोहन सिंह, मां बलविंदर कौर, भाई गुर कमल सिंह, भाभी कमलजीत कौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### दस लाख रुपये की मांग कर रहे ससुराली, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला तहवरगंज निवासी सीमा गंगवार ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले विपिन गंगवार निवासी रसूलपुर थाना भुता जिला बरेली के साथ हुई थी। उसके भाइयों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से दस लाख रुपये मंगाकर दो। सीमा ने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले दस लाख रुपये नहीं दे पाएगे। इस बात से वह नाराज हो गए। आरोप है कि एक माह पूर्व ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और पति कटरा छोड़कर चला गया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि पति विपिन गंगवार समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# शराब पीने के लिए रुपये न देने पर पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** तिलहर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर मुड़िया निवासी जगतपाल ने बताया कि उसकी शादी गांव के राजपाल ने करवाई थी। वह शादी कराने की दावत और शराब पीने के लिए रुपये मांग रहा था। 26 जुलाई की शाम सात बजे आरोपी राजपाल उसके दरवाजे पर आया।

आरोपी ने उससे रुपये मांगे। उसने देने से मना कर दिया। इस बात पर आरोपी नाराज हो गया। आरोप है कि आरोपी ने उसे धारदार हथियार से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का डॉक्टरी परीक्षण कराया। पुलिस ने आरोपी राजपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# सांप ने डसा, झाड़ फूंक में गई किशोर की जान

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

- खेत पर घास काटने गया था बनगवां का राहुल

**अमृत विचार:** खेत पर जानवरों के लिए घास काटते समय सांप ने किशोर को डस लिया। परिवार वाले सरकारी अस्पताल न ले जाकर बंडा सुनासर घाट पर तांत्रिक के पास ले गए। चार घंटे बाद तांत्रिक ने परिवार वालों से कहा कि इसे अस्पताल ले जाओ। परिवार वाले उसे बंडा सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव बनगवां निवासी रामआसरे ने बताया कि उसने जानवर पाल रखे है। उसका पुत्र राहुल(14) शनिवार की दोपहर बाद चार बजे खेत पर जानवरों के लिए घास लेने गया था। वह घास काट रहा था, इसी बीच सांप ने उसके दाहिने पैर में डस लिया। उसके बेटे ने पैर के ऊपर रस्सी बांध ली। परिवार वाले उसे सरकारी अस्पताल न ले जाकर बंडा में सुनासर घाट पर झाड़ फूंक के लिए ले गए। तांत्रिक चार घंटे तक झाड़ता रहा। आखिर में कह दिया कि सरकारी अस्पताल ले जाओ। परिवार वाले उसे बंडा सीएचसी लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले उसका शव घर लेकर आ गए। मृतक के पिता ने पुवायां थाने पर सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मां का नाम वीरावती है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।


पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम खड़े मृतक राहुल के परिजन।

> सांप के डसने पर घबराए नहीं। इससे दिल का दौरा पड़ने की आशंका रहती है। सांप जिस अंग पर काटे तो उस अंग को चलाए-फिराएं नहीं। उस अंग को स्थिर रखे। वहां पर चीरा न लगाएं, घरेलू नुस्खे नुकसानदायक हो सकते है। झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़े बल्कि मरीज को सीधे अस्पताल ले जाए। झाड़ फूंक का असर नहीं होता है।
> – डॉ. आरके गौतम, सीएमओ

# कूड़ा उठान में अब आएगी तेज़ी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गांधी भवन से ठेलियों को हरी झंडी दिखाकर महापौर ने किया रवाना
- ठेलियां खराब हो जाने से कूड़ा उठान में कर्मचारियों को हो रही थी दिक्कत

**अमृत विचार:** नगर निगम के सभी वार्डों में कूड़ा उठाने के लिए नई ठेलियों को रविवार को गांधी भवन से महापौर अर्चना वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

काफ़ी समय से ठेलियां ख़राब हो जाने व टूट जाने के कारण कूड़ा उठान में कर्मचारियों को काफ़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा था, जिस कारण नवीन ठेलियों को बनवाकर कर्मचारियों को उपलब्ध कराया गया। कई दिनों से पार्षदों की ओर से शिकायत की जा रही थी कि कूड़ा उठवाने के लिए पर्याप्त मात्रा में कूड़ा गाड़ी (ठेली) न होने के कारण वार्ड में काफ़ी समस्या रहती है। समय से कूड़े का निस्तारण नहीं हो पाता और लोग शिकायतें करते हैं। जिस पर महापौर अर्चना वर्मा ने नगर आयुक्त को आदेश देकर नवीन ठेलियों का निर्माण कराया और सभी वार्डों में वितरण कराया। इस मौक़े पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला (लालपुर), रुपेश वर्मा (लोधीपुर), विपिन यादव (बाबूजई), जगदीश कुशवाह के पुत्र अंकित सिंह कुशवाह (बाड़ूजई प्रथम) इत्यादि मौजूद रहे।


कूड़ा उठाने के लिए ठेलियों को रवाना करतीं मेयर अर्चना वर्मा। ● अमृत विचार

## जंक्शन से गुजरने वाली 13 से ज्यादा ट्रेनें निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** रोजा यार्ड में रिमॉडलिंग कार्यों की वजह से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। रविवार को जंक्शन से गुजरने वाली 13 से ज्यादा ट्रेनें निरस्त रहीं। कई ट्रेनें घंटों की देरी से आईं। पूरे दिन यात्री परेशान होते रहे। सोमवार को भी 20 ट्रेनें निरस्त रहेंगी। अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस, रोजा बरेली पैसेंजर, जम्मूतवी मोरध्वज एक्सप्रेस, लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस, 04380 बरेली रोजा पैसेंजर, डाउन लाइन की दरभंगा अंत्योदय एक्सप्रेस आदि ट्रेनें निरस्त रहीं।

जबकि सोमवार को जनसाधारण एक्सप्रेस, शाहजहांपुर बालामऊ स्पेशल, वाराणसी देहरादून जनता एक्सप्रेस, डिब्रूगढ़ चंडीगढ़ एक्सप्रेस, जननायक एक्सप्रेस, सीतापुर सिटी शाहजहांपुर स्पेशल समेत 20 ट्रेनें सोमवार को निरस्त रहेंगी। सहरसा गरीबरथ समेत कई ट्रेनें घंटों की देरी से जंक्शन पर पहुंचीं।

# स्कूल में बच्चियों से छेड़खानी... विभागीय कार्रवाई में निपटा दिया आपराधिक मामला

### शिक्षक के खिलाफ चार अभिभावकों ने की थी शिकायत, प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाली आठ से 10 साल की हैं पीड़ित बच्चियां

**शब्या सिंह तोमर, बरेली**

- **अभिभावकों ने समझौते करने के लिए दबाव डालने का भी लगाया आरोप**
- **प्रधानाध्यापक ने बीईओ और बीईओ ने बीएसए को भेजी थी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** सरकारी प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाली आठ से 10 साल की कई बच्चियों से अश्लील हरकतें करने के आरोपी शिक्षक को गुपचुप ढंग से निलंबित कर बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों ने मामला निपटा दिया। एक पीड़ित बच्ची के पिता ने समझौते के लिए दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया, फिर भी इस मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस को सूचना देने के बजाय मामला लीक न होने देने के लिए पूरी ताकत लगा दी गई।

आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के गांव कैमुआ स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक के बच्चियों से छेड़खानी करने के मामले का पिछले महीने सामने आया था। इस मामले में चार बच्चियों के अभिभावकों ने स्कूल की प्रधानाध्यापक सुमन से शिकायत की थी। प्रधानाध्यापक के मुताबिक उन्होंने अपने उच्चाधिकारियों को लिखित रूप से सूचना भेजी तो जांच का सिलसिला शुरू हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी ने खुद स्कूल पहुंचकर पीड़ित बच्चियों और उनके अभिभावकों से पूछताछ करने के साथ छानबीन की। इसमें प्रारंभिक तौर पर आरोपों की पुष्टि होने के बाद अपनी रिपोर्ट बीएसए को भेज दी। अभिभावकों का आरोप है कि जांच प्रक्रिया के दौरान ही आरोपी शिक्षक ने मामला रफादफा करने के लिए जोर लगाना शुरू कर दिया। उन पर समझौते के लिए भी दबाव बनाया जाने लगा। इसकी भी जानकारी बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई लेकिन इसके बावजूद बीएसए ने इस आपराधिक मामले को शिक्षक के निलंबन की विभागीय कार्रवाई कर निपटा दिया।

**हमें किसी ने नहीं दी सूचना : पुलिसः** कैमुआ में ही पुलिस चौकी है जहां सब इंस्पेक्टर लालबहादुर बाल कल्याण अधिकारी के तौर पर तैनात हैं। उनका कहना है कि चौकी स्कूल से आधा किमी ही दूर है। उन्हें सूचना आसानी से दी जा सकती थी। यह काफी गंभीर अपराध है, पुलिस इसमें कार्रवाई जरूर करती लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों के साथ चाइल्ड लाइन और अभिभावकों में से किसी ने सूचना नहीं दी। एसएचओ भमोरा ऋषिपाल सिंह ने बताया कि अब तक इस मामले में उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है।

#### कह रहे ग्रामीण-दलालों ने रफादफा करा दिया मामला

गांव के लोग आरोपी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न होने से नाराज हैं। उनका कहना है कि शिक्षक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए थी लेकिन आरोपी ने कुछ दलालों की मदद से मामला निपटा लिया। इसी वजह से मासूम बच्चियों से छेड़खानी के इस जघन्य मामले में पुलिस को सूचना नहीं दी गई। शिक्षक को निलंबित भी तब किया गया, जब अभिभावकों ने अपनी बच्चियों को स्कूल न भेजने की बात कही। अब भी आंवला के कुछ रसूखदार लोग उन पर चुप रहने का दबाव बना रहे हैं।

#### एफआईआर के लिए एक-दूसरे पर टाल रहे हैं जिम्मेदारी

खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश भारती का कहना है कि उन्हें इस मामले में एक सप्ताह पहले सूचना मिली थी। इसके बाद उन्होंने जांच की और 7-8 बच्चियों के बयान लिए। एक बच्ची खुलकर पूरी बात बताई, जिसके बाद उन्होंने अपनी रिपोर्ट बीएसए को भेज दी थी। इसके बाद आरोपी शिक्षक को निलंबित कर भमोरा में संबद्ध कर दिया है। पुलिस को सूचना देने का काम चाइल्ड लाइन को करना चाहिए था। प्रधानाध्यापक भी यह भूमिका निभा सकती थीं। प्रधानाध्यापक सुमन का कहना है कि पहली बार में दो जुलाई को एक बच्ची ने अपनी मां के साथ आकर उन्हें छेड़खानी की सूचना दी थी। उन्होंने फौरन रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी थी। इसके बाद चाइल्ड लाइन की टीम जांच करने आई तो उसे भी पूरी बात बता दी थी। उन्होंने अपनी भूमिका निभाने में कोई कोताही नहीं की।

#### चाइल्ड लाइन की टीम ने भी जांच के बाद कुछ नहीं किया

इस मामले में पिछले सप्ताह चाइल्ड लाइन की टीम भी जांच करने गांव पहुंची थी। बताया जा रहा है कि टीम ने पीड़ित बच्चियों और उनके अभिभावकों के साथ स्कूल की प्रधानाध्यापक से भी पूछताछ की। अभिभावकों ने टीम को पूरा वाकया बताते हुए यह भी कहा कि वह इस मामले खुद कानूनी कार्रवाई करने की स्थिति में नहीं है। इस कारण उन्होंने अपनी बेटियों को स्कूल न भेजने का फैसला लिया है। चाइल्ड लाइन की टीम ने उन्हें बच्चियों को स्कूल भेजने के लिए तो समझाया-बुझाया लेकिन खुद कोई कार्रवाई नहीं की। यहां तक कि पुलिस को सूचना देने की जिम्मेदारी तक नहीं निभाई।

## शोहदे के डर से बीएससी की छात्रा ने कॉलेज छोड़ा

**बरेली कार्यालय**

- **अब कोचिंग आते-जाते समय करता है छेड़खानी**
- **अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाली बीएससी की छात्रा को शोहदे ने इस कदर परेशान किया कि उसने कॉलेज जाना छोड़ दिया। छात्रा ने कोचिंग जाना शुरू किया तो आते-जाते समय आरोपी छेड़खानी करने लगा। पीड़िता की मां की शिकायत पर अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक महिला के अनुसार उनकी बेटी रिठौरा स्थित एक कॉलेज में बीएससी की छात्रा है। इसी कॉलेज में गांव तुलसीपुर हाफिजगंज का रहने वाला यशवीर बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है।

आरोप है कि वह आए दिन उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करता है। रोजाना अश्लील इशारे कर परेशान करता है। इसकी शिकायत बेटी ने कई बार कॉलेज प्रशासन से की। साथ ही उसे कई बार समझाया गया, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परेशान होकर छात्रा ने कॉलेज जाना बंद कर दिया। इस बीच छात्रा ने पुलिस भर्ती की तैयारी करने के लिए राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर में प्रवेश लिया। राजेंद्र नगर में ही किराये पर कमरा लेकर उसने तैयारी शुरू कर दी।

आरोप है कि यशवीर कोचिंग आते जाते समय उसके साथ छेड़खानी करता है। इस बीच आरोपी ने उसके फोटो मोबाइल से खींचकर एडिट कर उसके सगे संबंधियों को भेजने शुरू कर दिए। उसने उसपर शादी करने का दबाव बनाया। ऐसा न करने पर समाज में बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी छात्रा के परिवार वालों को भी ब्लैकमेल करता रहता है। इसकी वजह से छात्रा की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं छात्रा मानसिक रूप से दबाव में है और वह परिजनों से आत्महत्या करने की बात कह रही है। मामले में पीड़िता की मां ने अपर पुलिस महानिदेशक से शिकायत की।

## पिता कहते थे अपनी संपत्ति पोते को दे दूंगा, इसलिए कर दी भतीजे की हत्या

**मुरादाबाद कार्यालय**

- **कांठ पुलिस ने आरोपी चाचा जीशान को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**अमृत विचारः** कांठ थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह निवासी पांच वर्षीय बच्चे की हत्या उसके सगे चाचा जीशान ने संपत्ति के लालच में की थी। एसपी देहात ने रविवार को इस वारदात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी का पिता उसे यह कहकर धमकाता था कि मैं सारी संपत्ति अपने पोते के नाम कर दूंगा। इसी कारण उसने बच्चे को बहाने से खेत पर ले जाकर पहले गला दबाया फिर ब्लेड से गला काटकर हत्या कर दी।

थाना कांठ के मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह निवासी बैंडेज कारोबारी नसीमुद्दीन का पांच वर्षीय इकलौता बेटा अबूजर नर्सरी का छात्र था। बीते 25 जुलाई को वह घर के पास से लापता हो गया था। शरविवार को एसपी देहात संदीप कुमार मीणा और सीओ कांठ अपेक्षा निंबाड़िया ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर हत्याकांड का खुलासा किया। एसपी देहात ने बताया कि इस मामले में जांच पड़ताल के बाद एसएचओ कांठ योगेंद्र कुमार सिंह की टीम ने अबूजर के चाचा मोहम्मद जीशान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी जीशान ने बताया कि उसके पिता अलीमुद्दीन और भाई नसीमुद्दीन उर्फ भूरा नशे की लत के कारण उसके साथ मारपीट करते थे।

पिता अलीमुद्दीन बार-बार कहते थे कि मैं अपनी पूरी संपत्ति पोते अबूजर के नाम कर दूंगा। इसी कारण उसने 25 जुलाई को भतीजे अबूजर को बहलाकर गन्ने के खेत में ले गया। घर से निकलने से पहले उसने घर की बिजली सप्लाई बंद कर दी थी जिससे बिजली कटने से सीसीटीवी कैमरे बंद हो जाएं और उसे अबूजर को ले जाते हुए कोई देख न सके। गन्ने के खेत में ले जाकर पहले बच्चे का गला दबाया और जब वह अचेत हो गया तो ब्लेड से गला काट दिया,। एसपी देहात ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने कहा कि वह नशे का आदी हो गया था। अपने परिवार वालों को सबक सिखाने और उनके तानों का बदला लेने के लिए उसने भतीजे की हत्या करने की बात स्वीकार की।

#### डॉग दमन को मिलेगा सम्मान

**मुरादाबाद :** सीओ कांठ ने बताया बच्चे की तलाश में दो दिन से तलाश कर रही थी, लेकिन कुछ पता नहीं चला। एसपी देहात संदीप मीणा ने दो दिन खोजने के बाद शनिवार को डॉग स्क्वायड की टीम को बुला लिया। टीम में शामिल ट्रैकर डॉग दमन को बच्चे का पहना हुआ बिना धुला कपड़ा सुंघाया गया। जिसके बाद दमन गन्ने के खेत के पास जाकर रुक गया। वहां पुलिस टीम ने गन्ने के खेत में सर्च ऑपरेशन चलाया तो शव बरामद हो गया। घटना स्थल पर सूंघने के बाद डॉग दमन बच्चे के चाचा जीशान के आसपास ही मंडराने लगा। जिसके बाद पुलिस ने जीशान को हिरासत में ले लिया।

## विशेषज्ञ ने रिपोर्ट देने के बदले मांगे 19 लाख रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** रविवार को लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता संजय सिंह ने बताया कि रामगंगा पुल के दो पिलर के बेयरिंग खराब हो गए हैं। विभाग के पास तकनीकी विशेषज्ञ न होने की दशा में मुंबई से तकनीकी विशेषज्ञ बुलाए गए थे। उनके परीक्षण के बाद दो पिलर के दो बेयरिंग खराब होने की पुष्टि हुई थी। हालांकि उन्होंने परीक्षण की कोई रिपोर्ट नहीं भेजी है। उनसे संपर्क करने पर उन्होंने परीक्षण करने बाद उसकी रिपोर्ट फीस 19 लाख रुपये मांगी है। जिसकी जानकारी विभाग के वित्तीय कॉरपोरेशन में दी गई। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के पैनल में कार्य करने वाले ठेकेदारों से पुल की मरम्मत का कार्य कराए जाने का निर्णय लिया गया है। बीस दिन के भीतर पैनल के ठेकेदार अपने निजी तकनीकी विशेषज्ञ से पुल का परीक्षण कर मरम्मत का कार्य शुरू कर देंगे।

# सिंचाई करने गए किसान की करंट से मौत

### ट्रांसफार्मर पर तार लगाने के दौरान हादसा, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से किया इन्कार

**संवाददाता, संभल/सौंधन**

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में खेत पर धान की फसल की सिंचाई के लिए ट्रांसफार्मर पर तार लगा रहे किसान की करंट की चपेट में आकर मौके पर मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।



लालाराम की फाइल फोटो।

थाना क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर निवासी लालाराम (27 वर्ष) पुत्र गौरीशंकर गांव के ही साथी बेनामी के साथ शनिवार को रात खेत पर धान की फसल की सिंचाई करने के लिए गया। देर रात लालाराम बिजली आने पर नलकूप का तार ट्रांसफार्मर पर लगाने के लिए पोल पर चढ़ गया। नलकूप के लिए कैला देवी फीडर से 11000 वोल्टेज की लाइन से करंट दौड़ रहा है। ट्रांसफार्मर पर तार लगाते समय लालाराम हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथी बेनामी ने घटना की सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए और शव को घर ले गए। सूचना पाकर कैला देवी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। बाद में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। किसान की मौत से पत्नी नीरेश, दो बच्चों और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।



करंट लगने से किसान की मौत पर विलाप करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

#### करंट लगने से पेंटर की जान गई

**संभल, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में ट्रक पर पेंट करते समय पेंटर का पैर वेल्डिंग मशीन के कट लगे हुए केबल से छू गया जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और मौत हो गई। बिना पुलिस कार्रवाई के परिजनों ने घर ले जाकर पेंटर के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला निवासी मुंतजिर (36 वर्ष) मुहल्ला ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित पेंटर की दुकान पर ट्रकों पर पेंट करने का काम करता था। वेल्डिंग मशीन के केबल में कट लगा हुआ था। पेंटिंग के दौरान अचानक से मुंतजिर का पैर केबल के कट पर रखा गया। जिससे उसे करंट लग गया और वह पास में भरे पानी में गिर गया। वेल्डिग मशीन को बंद कर लोगों ने उसे उपचार के लिए संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 44 घंटे बाद तालाब में मिला बच्ची का शव

**संवाददाता, मिलक**

- **परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इन्कार, शुक्रवार को नाले में गिर गई थी बच्ची**

**अमृत विचार :** बारिश के पानी में बही दो साल की बच्ची का शव रविवार की सुबह दस बजे तालाब में मिल गया। बच्ची का शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



मिलक थाना क्षेत्र के गांव करीमगंज में निवासी देवेंद्र की दो वर्षीया पुत्री ओमसुधा शुक्रवार को अपनी मां नीतू के साथ सड़क पर खड़ी थी। नीतू घर के बाहर नाले की सफाई कर रही थी। इस दौरान बारिश के पानी के तेज बहाव के सात बच्ची नाले में बहकर तालाब में पहुंच गई थी। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने रात दस बजे तक उसकी खोजबीन की थी, लेकिन उसका पता नहीं लगा सका था। शनिवार को तहसीलदार सीमा गंगवार के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया था। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह व एसपी विद्यासागर मिश्र ने भी घटना स्थल का जायजा लिया था और बच्ची को शीघ्र तलाशने को कहा था। शनिवार को भी सुबह से शाम तक बच्ची को खोजा गया। रविवार को एसडीएम राजेश कुमार के नेतृत्व में धनोरा गांव स्थित एक हैचरी पर काम करने वाले युवकों को सर्च ऑपरेशन के लिए बुलाया गया। सुबह आठ बजे पुरैनिया खुर्द के ग्राम प्रधान मनप्रीत सिंह के निर्देशन युवकों ने सुबह आठ बजे फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मात्र दो घंटे में ही युवकों ने 44 घंटे बाद बच्ची को तलाश कर लिया। बच्ची का शव मिलते ही परिवार में हाहाकर मच गया। सूचना पर सीओ आरएस परिहार भी पहुंच गए। बच्ची का पंचनामा भरवाया गया। बच्ची की शव देख माता-पिता, दादी, नानी, मामा आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



बच्ची का शव मिलने के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

#### तालाब की सफाई के बाद होगी चहारदीवारी

बच्ची के तालाब में डूबने के बाद शनिवार को गांव पहुंचे जिलाधिकारी ने एसपी के साथ घटना स्थल का जायजा लिया था। उन्होंने तालाब की सफाई एवं चहारदीवारी कराने के निर्देश दिए थे। ग्राम सचिव प्रवेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर तालाब की सफाई व चहारदीवारी कराई जाएगी।

## अस्पताल संचालक को किया ब्लैकमेल महिला समेत पांच गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** बरेली जनपद के शांति विहार निवासी अस्पताल संचालक विजय कुमार शर्मा ने बताया एक लड़की ने अपना नाम अनन्या बताते हुए खुद को दवा कारोबारी बताया और 16 जुलाई को दोस्त के घर दवा का सैंपल दिखाने बुलाया था। वह अपने साथी सौरभ शर्मा के साथ उसके बताए स्थान पर पेट्रोल पंप के सामने बिजली कालोनी पहुंचे। तभी विजय और उनके दोस्त की गर्दन पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी देते हुए सोने की चैन, अंगूठी, ब्रेस्लेट और जेब में रखे 25 हजार रुपये लूट लिए। आरोपियों ने उनकी चेकबुक से एक सादा तथा एक चेक 50 हजार रुपये कार ले लिया था। पुलिस का कहना है मामला हनी ट्रैप से जुड़ा हो सकता है।

## फर्जी गेटपास के साथ परिवहन करने वाले दो ट्रक चालकों के खिलाफ रिपोर्ट

**रामपुर कार्यालय**

- **फर्म का प्रोपराइटर भी नामजद, मंडी निरीक्षक ने की थी चेकिंग**

**अमृतविचारः** फर्जी गेटपास के आधार पर यूकेलिप्टस की लकड़ी ले जा रहे दो ट्रकों को सीज किया गया। उसके बाद कृषि उत्पादन मंडी समिति मिलक के मंडी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है।

23 जुलाई को कृषि उत्पादन मंडी समिति मिलक में तैनात मंडी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार बरेली-दिल्ली हाईवे पर कृषि उत्पादों से संबंधित लोड वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान यूकेलिप्टस की लकड़ी लदे हुए दो ट्रकों को उन्होंने रोका।लोडिंग के संबंध में कागजात मांगे।जांच के दौरान पाया कि फर्म रॉयल इंटरप्राइजेज को सीतापुर जिले के अंतर्गत मंडी समिति हरगांव से इन दोनों वाहनों के कृषि उत्पाद लकड़ी जलौनी के गेट पास जारी किए गए थे।इन दोनों ट्रकों पर गोल लकड़ी यूकेलिप्टस लोड पाई गई।

मंडी सचिव और मंडी निरीक्षक ने संयुक्त रूप से इन दोनों वाहनों से संबंधित फर्म के बारे में विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान पता चला कि फर्म जालसाजी करके कंप्यूटर की सहायता से मूल गेटपास में फर्जीवाड़ा करके लकड़ी जलौनी यूकेलिप्टस के रूप में जारी गेट पास में कंप्यूटर एडिटिंग कराकर जलौनी शब्द हटाकर लकड़ी यूकेलिप्टस के रूप में गेट पास तैयार कराया गया।गेटपास प्राप्त करने वाली फर्म रॉयल इंटरप्राइजेज का लाइसेंस सीतापुर स्थित मंडी समिति हरगांव में पंजीकृत है। मंडी समिति के अभिलेखों के अनुसार इस फार्म के प्रोपराइटर सत्यम गुप्ता है।चेकिंग के दौरान पता चला कि लकड़ी के संबंध में जिस फर्म का जीएसटी ई-वे बिल प्रयुक्त किया गया है। फर्म का जीएसटी पंजीकरण मुरादाबाद में है।उसके प्रोपराइटर मोहम्मद असीर हैं। इस पूरे फर्जीवाड़े की पुष्टि होने पर मंडी निरीक्षक ने थाना मिलक में चालक तथा फर्म रॉयल इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## बजट से रोजगार और विकास की उम्मीदों को लगेंगे पंख

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी मोहित बेनीवाल ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यूपी के लिए जारी 2.44 लाख करोड़ बजट से इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और उर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य होंगे। इस बजट से रोजगार और विकास की उम्मीदों को पंख लगेंगे। किसानों को फायदा होगा। उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को भी राहत मिलेगी। यह बातें उन्होंने सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय पर बजट की खूबियां गिनाते हुए कहीं। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिपं अध्यक्ष रश्मि पटेल, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, बंटी ठाकुर मौजूद रहे।

## गोशाला के केयर टेकर की सिर कुचलकर हत्या

**संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)**

> गोशाला के केयर टेकर की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई है। मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जल्द ही खुलासा करने के आदेश दिए गए हैं।
> **-विद्या सागर मिश्र, एसपी**

**अमृत विचार :** अस्थाई गोशाला के बुजुर्ग केयर टेकर की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी और बाद शव पशुओं के पीने के लिए बनी होदी में फेंक दिया। रविवार सुबह गोशाला पहुंचे दूसरे केयर टेकर ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।0

कोतवाली क्षेत्र के गांव बमनपुरी में अस्थाई गोशाला है। इसमें गांव के ही लालमन (62) केयर टेकर थे। शनिवार को ड्यूटी के दौरान उनकी हत्या कर दी गई। रविवार की सुबह पड़ोसी गांव जाहिदपुर निवासी दूसरा केयर टेकर जगदीश गोशाला पहुंचा तो लालमन का शव पानी की होदी में पड़ा देख सन्न रह गया। उसने तत्काल इसकी सूचना गोशाला के जिम्मेदारों को दी। जानकारी मिलने पर सीओ संगम कुमार और कोतवाल प्रिंस शर्मा भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने भी मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए और ग्रामीणों तथा परिजनों से पूछताछ भी की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कुत्तों के झुंड ने बुजुर्ग पर हमला कर किया घायल

**बरेली, अमृत विचार :** खेत पर गए बुजुर्ग पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाफिजगंज क्षेत्र के गांव मुल्लापुर निवासी गफूर खां (50) रविवार सुबह खेत पर गए। काम करने के बाद वह खेत के बाहर पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर आराम कर रहे थे। तभी अचानक कुत्तों के झुंड ने हमला कर उनके दोनों हाथों को जख्मी कर दिया। चीख पुकार सुनकर खेत पर मौजूद अन्य लोगों ने कुत्तों को भगाकर उन्हें बचाया। शहर से लेकर देहात तक कुत्तों का आतंक है। आए दिन कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया जा रहा है।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया थरवरनगंज

**लखीमपुर खीरी कार्यालय**

- **कार के बाइक में छूने पर दो पक्षों में हुआ था विवाद, पुलिस के पहुंचते ही भाग निकले दोनों पक्ष**

**अमृत विचारः** कार में बाइक छू जाने के बाद शनिवार की देर रात मोहल्ला थरवरनगंज में दो पक्ष भिड़ गए। दोनों के बीच जमकर गाली गलौज हुई। इस दौरान एक पक्ष ने असलहे से करीब पांच राउंड हवाई फायरिंग की। एक के बाद दूसरी गोली चलने से मौके पर भगदड़ मच गई। लोग फायरिंग की आवाज सुनकर अपने घरों में दुबक गए। पुलिस को आते देख दोनों पक्ष के लोग मौके से भाग निकले। पुलिस अब पूरी घटना को झुठलाने में जुटी है। उसका कहना है कि विवाद तो हुआ है लेकिन फायरिंग जैसी कोई घटना नहीं हुई है।

घटना शनिवार की रात करीब दस बजे की है। सदर कोतवाली से महज पांच सौ मीटर दूर मोहल्ला थरवरनगंज में स्थित इलेक्ट्रॉनिक मार्केट के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति अपनी कार खड़ी कर रहा था। उसकी कार इस दौरान एक बाइक से छू गई, इससे बाइक सड़क पर ही पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी। कहासुनी बढ़ने पर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। इसी बीच दोनों पक्ष एक-दूसरे को गालियां देने लगे। इससे बात अधिक बढ़ गई। लोग कुछ समझ पाते। इसी बीच एक युवक अपने घर में घुस गया और असलहा ले आया। उसने हवाई फायरिंग करना शुरू कर दिया। ताबड़तोड़ फायरिंग से मौके पर भगदड़ मच गई। लोग अपने घरों में दुबक गए और इधर-उधर गलियों में भागकर छिप गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपी युवक ने इस दौरान छह राउंड फायरिंग की। इसी बीच किसी ने गोली चलने की सूचना कोतवाली सदर और मिश्राना चौकी पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आते देख दोनों पक्षों के लोग मौके से खिसक गए।

सदर कोतवाली पुलिस अपनी नाक के नीचे हुई वारदात को छुपाने के लिए पैंतरेबाजी शुरू कर दी। उसका कहना है कि दो पक्षों के बीच मामूली विवाद हुआ है। जांच में फायरिंग जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। पुलिस के इस बयान के बाद घटनास्थल के आसपास के लोग हैरत में है। उनका कहना है कि बड़ी संख्या में लोगों की आंखों के सामने ताबड़तोड़ फायरिंग हुई, लेकिन ऐसा क्या है कि पुलिस इस घटना को अब झुठलाने में लगी है।

#### कुछ भी बोलने से कतरा रही पुलिस

**लखीमपुर खीरी।** शहर में होने वाली घटनाओं को रोक पाने में असफल रहने वाली पुलिस शनिवार की रात थरवरनगंज में हुई फायरिंग मामले में कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह से जब पूछा गया तो पहले वह कुछ देर चुप रहे। फिर बोले अच्छा थरवरनगंज वाला मामला। अभी जानकारी कर बता रहे हैं। उसके बाद भी वह इस मामले में कुछ नहीं बता सके। जेल गेट चौकी इंचार्ज लोकनाथ गुप्ता ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी ही नहीं है। वह मौके पर भी नहीं गए थे। चूंकि रात करीब 10 बजे कांशीराम आवास के निकट लोग बिजली को लेकर रास्ते को जाम कर रखा था।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

भद्रं भद्रं कृतं मौनं कोकिलैर्जलदागमे ।
दर्दूरा : यत्र वक्तार : तत्र मौनं हि शोभते ॥

वर्षा ऋतु के प्रारंभ में कोयलें चुप हो जाती हैं,क्योंकि जहां मेंढक टरटराते हैं,वहां चुप रहना ही शोभा देता है।


## संपादकीय

# कौशल विकास की स्थिति

आर्थिक विकास की अपार संभावनाओं के बावजूद देश को बेरोजगारी-रोजगार की खाई को पाटने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए भारत का दृष्टिकोण तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए अपने युवाओं को प्रभावी ढंग से कुशल बनाने पर निर्भर करता है। नीति आयोग के दृष्टिकोण पत्र में विकसित भारत की अवधारणा को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि विकसित राष्ट्र बनने के लिए भारत को 2047 तक 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करना होगा, जिसमें प्रति व्यक्ति आय 18,000 अमेरिकी डॉलर वार्षिक हो। गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ-साथ देश में रोजगार के मौके भी पैदा हो रहे हैं, परंतु बढ़ती शिक्षित बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। बेरोजगारी की समस्या के लिए कौशल विकास की कमजोर स्थिति को कारण माना जा सकता है।

भारत में कौशल विकास तथा बेरोजगारी की समस्या के मूल में स्कूली स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा की अनुपस्थिति तथा विभिन्न कौशल विकास योजनाओं का अप्रभावी क्रियान्वयन है। कौशल विकास को गति देने के उद्देश्य से जुलाई 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महत्वाकांक्षी 'स्किल इंडिया मिशन' प्रारंभ किया था। इस कार्यक्रम ने नौ वर्षों में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल किया है। फिर भी सरकार के स्किल इंडिया कार्यक्रम से भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। कहा जा सकता है भारत के कौशल प्रयास बेहतर रोजगार परिणामों में तब्दील नहीं हो रहे हैं। ऐसे में भारत को चीन, जापान, जर्मनी, ब्राजील, सिंगापुर आदि के व्यावसायिक तथा तकनीकी शिक्षा मॉडल से प्रेरणा लेनी चाहिए। इन देशों के समक्ष भी भारत के समान समस्याएं थीं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत को 2030 तक लगभग 2.90 करोड़ कुशल कामगारों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा है कि कौशल विकास और शिक्षा व्यवस्था में बेहतरी की जरूरत है। सरकार ने भी वर्तमान वित्त वर्ष के बजट में रोजगार और कौशल विकास को प्रमुखता दी है। बजट में कौशल विकास और समुचित प्रशिक्षण के लिए देश की 500 बड़ी कंपनियों में हर साल 20 लाख युवाओं को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। ऐसे युवाओं को सरकार की ओर से वृत्ति दी जाएगी और प्रशिक्षण का खर्च कंपनियां उठाएंगी। इस प्रकार सरकार ने रोजगार सृजन और कौशल विकास के प्रयासों को उद्योग जगत से जोड़ने का प्रावधान कर महत्वपूर्ण पहल की है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाए रखने के लिए हमें कौशल विकास पर लगातार ध्यान देना होगा।

# निर्माण स्तर तक नहीं पहुंची चांदीपुरा विषाणु वैक्सीन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

पुणे स्थित नेशनल वायरोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिकों की टीम ने चांदीपुरा वायरस की होल-जीनोम सीक्वेंस अर्थात इसके भीतर के राइबोन्यूक्लिक एसिड की संरचना,को जानकार ही यह मालूम किया कि पांच किस्म की वायरल प्रोटीनों का निर्माण यह वायरस किस प्रकार से करता है।

उत्तरी-पूर्वी गुजरात के कुछ क्षेत्र में चांदीपुरा वायरस के संक्रमण के प्रसार की वजह से कुछ रोज पहले 50 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 200 जन,जिनमें से अधिकांश बच्चे हैं,प्रभावित हुए। वायरस से हुए संक्रमण की वजह से एक्यूट एन्केफेलायिटिस सिंड्रोम अर्थात मस्तिष्क में सूजन पैदा होने और तेज बुखार की वजह से या कौमा में चले जाना ही मृत्यु का कारण है।

इसके लक्षण इन्फ्लुएंजा जैसे होते हैं। नदी की रेत में प्रजनन करने वाली मक्खी (सैंड फ्लाई), एडीज एगिप्टी मच्छर (डेंगू फैलाने वाले मच्छर की एक प्रजाति) और पशुओं का खून चूसने वाले पिस्सुओं से चांदीपुरा विषाणु का प्रवेश मनुष्य शरीर में दंश के बाद होता है। इसका प्रकोप मानसूनी वर्षाकाल में होता है। विषाणु के ये तीनों वाहक या इनमें से कोई एक मनुष्य के शरीर पर जब दंश करता है तो लार के साथ विषाणु भी बड़ी संख्या में मनुष्य के शरीर में प्रवेश करते हैं। यह विषाणु रेब्डोविरिडे प्रजाति के विषाणु परिवार से ताल्लुक रखता है। विषाणु विशेषज्ञों ने इस वायरस की जैविक संरचना अर्थात वायरस आर्किटेक्चर को मालूम कर लिया है। यह कि इसके भीतर विशिष्ट प्रोटीन्स की आणविक संरचना का निर्माण कैसे होता है,जिसके प्रभाव से मनुष्य मस्तिष्क की कोशिकाओं में सूजन (इन्फ्लेमेशन) पैदा होती है। चांदीपुरा वायरस सक्रिय और चालाक है,जिससे यह पांच किस्म की प्रोटीन्स संश्लेषित करता है। इनमें से 'पी' किस्म घातक है।

सन 1965 में महाराष्ट्र में चांदीपुरा स्थल पर वायरस की उपस्थिति को आईसीएमआर के वैज्ञानिकों ने नागपुर के जंगली इलाकों से पहली बार दर्ज किया था और इस बाबत इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च के सन 1967 के अंक में एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी। इसकी नवीन संरचना की वजह से इसे वायरस डायरेक्टरी में 'चांदीपुरा' वायरस नाम दिया गया। इससे बचाव के लिए वैक्सीन रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए शोधकार्य सन 2011 से शुरू हुआ, लेकिन गति धीमी है। इस संक्रमण के बारे में ब्रिटिश मेडिकल जर्नल लांसेट के 4 सितंबर सन 2004 के अंक में एक छोटी रिपोर्ट, चांदीपुरा वायरसः एन इमर्जिंग

भारत के एंटोमोलॉजिस्ट्स ने इस रोगवाहक मक्खी के बारे में देशव्यापी जानकारी जुटाई है। एक मक्खी एक बार के रक्तभोज के बाद 100 अंडे देकर इन्हें निषेचित करती है। यह मक्खी लीशमेनियासिस, आर्बो-वायरसेस का मनुष्य शरीर में स्थानांतरण करने के अलावा बार्टोनेलॉसिस, जो कि एक प्रकार की बैक्टीरियल बीमारी है,पैदा करती है।

ह्यूमन पैथोजन, बेल्जियम के वैज्ञानिक मार्क वैन रैंस्ट ने प्रकाशित की थी। वायरस के संक्रमण-प्रभाव का क्लीनिकल परिदृश्य बदलते रहने से वायरस के विरुद्ध टीका विकास की व्यूह रचना को भी तदनुसार परिवर्तित किए जाने की मांग पैदा होती रही है। ऐसा संकेत इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में जून 2016 के अंक में प्रकाशित स्टडी चेंजिंग क्लीनिकल सीनेरियो इन चांदीपुरा वायरस इन्फेक्शन से मिलता है। स्तनपायी जंतुओं, रेंगने वाले जंतुओं और पक्षियों के रक्तभोज से फ्लेबोटोमाइन सैंडफ्लाई की मादा शर्करा को ग्रहण करती है ताकि प्रजनन कार्य और उड़ने के लिए आवश्यक ऊर्जा ले सके।

भारत के एंटोमोलॉजिस्ट्स ने इस रोगवाहक मक्खी के बारे में देशव्यापी जानकारी जुटाई है। एक मक्खी एक बार के रक्तभोज के बाद 100 अंडे देकर इन्हें निषेचित करती है। यह मक्खी लीशमेनियासिस, आर्बो-वायरसेस का मनुष्य शरीर में स्थानांतरण करने के अलावा बार्टोनेलॉसिस, जो कि एक प्रकार की बैक्टीरियल बीमारी है,पैदा करती है। सन 2016 की उपरोक्त रिपोर्ट के अनुसार दो विधियों से बनाई गई वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू करने की जरूरत तब महसूस की गई थी। इनमें से एक स्माल इंटर्फेरिंग आरएनए के इस्तेमाल से रि-कोम्बिनेंट वैक्सीन है और दूसरी किल्ड वायरस वैक्सीन थी। आरएनए वैक्सीन चांदीपुरा वायरस की 'पी' और 'एम' प्रोटीन्स के विरुद्ध प्रतिपिंड पैदा करने की क्षमता रखती है। बावजूद इसके अभी तक वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। असरदार वैक्सीन के विकास और इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग के लिए वैज्ञानिक अब इम्यूनो-इन्फ़ोर्मेटिक दृष्टिकोण से काम करने का विचार कर रहे हैं,ऐसा नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी के वैज्ञानिकों ने सन 2020 में प्रकाशित पर्चे डिजाईन ऑफ ए मल्टी-एपिटोप पेप्टाइड वैक्सीन कैंडिडेट अगेंस्ट चांदीपुरा वायरस-एन इम्यूनो इम्यूनो-इंफोर्मेटिक्स में कहा। इन सभी स्टडीज से भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद का गोरखपुर स्थित रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर भी सक्रिय रूप से नैदानिकी को लेकर तो संबंद्ध रहता ही है, ऐसा सेंटर के पूर्व निदेशक डॉ.रजनीकांत ने बताया।

पुणे स्थित नेशनल वायरोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिकों की टीम ने चांदीपुरा वायरस की होल-जीनोम सीक्वेंस अर्थात इसके भीतर के राइबोन्यूक्लिक एसिड की संरचना,को जानकार ही यह मालूम किया कि पांच किस्म की वायरल प्रोटीनों का निर्माण यह वायरस किस प्रकार से करता है। सन 2003 से 2007 के बीच आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में चांदीपुरा वायरस का प्रकोप हुआ था। यह देखना जरूरी था कि इन प्रांतों में भौगोलिक दूरी की वजह से हमला करने वाला विषाणु एक ही है या विभेद के कारण कुछ अलग संरचना का है। इसके बारे में पूरा विवरण जनवरी 2012 में पब्लिक लाइब्रेरी ऑफ साइंस (पीएलओएस) द्वारा ऑनलाइन प्रकाशित किए गए पर्चे होल जीनोम ऑफ चांदीपुरा वायरस आयसोलेट एंड कम्पेरेटिव एनालिसिस विड अदर रेब्डोवायरसेस में विस्तार से मौजूद है। इस शोधपत्र में वायरस के बारे में दी गई जानकारी का विस्तार जटिल है,लेकिन सार यह कि वायरल प्रोटीन्स की पहचान के बिना और शरीर में इन प्रोटीनों की कार्य प्रणाली (एक्टिंग मैकेनिज्म) को जाने बिना न तो दवा और न ही टीके का विकास संभव है।

तंत्रिका तंत्र की कोशिकाओं पर मौजूद किन रिसेप्टर्स से जाकर ये वायरल प्रोटीन्स चिपक जाते हैं और कोशिकाओं में तोड़-फोड़ करते हुए एक कोशिका के फंक्शन को बर्बाद करते हैं,इसका निर्धारण करना जरूरी था। इसके विभेद अगर कोई हैं तो,के विरुद्ध टीका भी असरदार अर्थात क्रॉस-रिएक्टिव होना चाहिए अर्थात टीके का एंटीजेनिक रेस्पोंस सभी वायरल प्रोटीन्स के विरुद्ध प्रतिपिंड निर्माण का होना चाहिए। कारगरता का अर्थ है शरीर मन बायोलॉजिकली एक्टिव इस प्रोटीन की उपस्थिति और सक्रियता को रोकने के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रतिपिंडों का निर्माण करने की क्षमता का होना, जिससे प्रतिपिंड अर्थात एंटीबाडीज,वायरल प्रोटीन्स पर हमला करके इन्हें निष्क्रिय करते हुए मैक्रोफेज एक प्रकार की कोशिकाएं,द्वारा क्लियर कर दें।

गुजरात में चांदीपुरा विषाणु के ताजा हमले के सैंपल्स को परीक्षण के लिए दिल्ली स्थित नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल और पुणे की लेबोरेटरी में भेजा जाता है। चांदीपुरा वायरस से हुए हमले के बाद इलाज के लिए अभी तक एक प्रभावी वैक्सीन और विशिष्ट रूप से कारगर एंटीवायरल दवा उपलब्ध नहीं है। अनुसंधान और विकास कार्य जारी है।

वर्ष 1999 से पहले भारत में वायरोलॉजिकल परीक्षण के लिए उन्नत तकनीकें जैसे कि रिवर्स ट्रांसक्रिप्टेज़ पॉलिम्रेज चेन रिएक्शन उपलब्ध ही नहीं थीं। न ही वायरस को हैंडल करने और इस पर रिसर्च करने के लिए बायोसेफ्टी लेवल-3 लैब थीं। अब यह सब है और अब हमारे पास न केवल मोबाइल बायोसेफ्टी लेवल-3 लैब भी हैं, बायो-सेफ्टी लेवल-4 लैब भी स्थापित की जा चुकी हैं। कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि चांदीपुरा वायरस की वैक्सीन बनाने में राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी है। संस्थानिक (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी, आदि) साइंटिफिक एडवाइजरी कमेटी की अनुशंसा या आईसीएमआर के साइंटिफिक एडवाइजरी बोर्ड की अनुशंसा ही वैक्सीन बनाने के लिए तब तक पर्याप्त नहीं जब तक इसके लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की मंजूरी न मिले। अर्थात एक तरह से संसद और प्रधानमंत्री की मंजूरी न हो। मंजूरी न मिलने के पीछे का कारण है चांदीपुरा वायरस आउट ब्रेक का चरित्र अखिल भारतीय न होना। अभी तक के आउट ब्रेक स्थानीय या पॉकेट्स में हुए हैं और इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य तंत्र सक्रिय होने के बावजूद मृत्यु को नहीं रोक पा रहा है।

## प्रसंगवश

# बाघों के लिए गंभीर संकट

संपूर्ण विश्व में भारत बाघ संरक्षण का नेतृत्व करता है। आज लगभग 17 देश में बाघों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर रखी है और इन समस्त देशों में पाए जाने वाले बाघों की कुल संख्या के लगभग 70 प्रतिशत बाघ सिर्फ भारत में पाए जाते हैं। यह संभव हो पाया संरक्षण के लिए समर्पित प्रोजेक्ट टाइगर के द्वारा,जिसकी शुरुआत 1973 में की गई थी। उस समय भारत में बाघों की संख्या लगभग 1200 थी, जो कि कालांतर में बढ़कर 5000 तक हो गई। फिर 1990 से 2014 तक इनकी संख्या में निरंतर गिरावट देखी गई। एक समय तो भारत में बाघों की संख्या चिंताजनक स्थिति तक पहुंच गई, लेकिन 2014 के बाद सरकार की बाघों के प्रति संरक्षण एवं संवर्धन की जो कार्य-योजना लागू की गई,जिसके बाद इसमें हर वर्ष बढ़ोतरी दर्ज की गई। प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत में मात्र नौ संरक्षित टाइगर क्षेत्र आच्छादित थे और लगभग 18000 वर्ग किलोमीटर का वन क्षेत्र आता था। वर्तमान समय में इन संरक्षित क्षेत्र की संख्या 53 और क्षेत्रफल 75000 वर्ग किलोमीटर हो गया है। निश्चय ही इसके सुखद परिणाम प्राप्त हुए और 2022 की गणना के अनुसार भारत में 3167 बाघ पाए गए,जो कि हर वर्ष 6 प्रतिशत की दर से बढ़ते जा रहे हैं। 50 वर्ष की यह यात्रा प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता को इंगित कर रही है। हर वर्ष 180 नए बाघ इस संख्या में जुड़ रहे हैं। जहां उनकी बढ़ती हुई संख्या एक खुशी प्रदान कर रही है, वहीं एक गंभीर भविष्य की चिंता भी पैदा हो रही है।



डॉ .जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

आने वाले समय में जंगल के सीमित दायरे के साथ बाघों की यह बढ़ती संख्या गंभीर खतरे के रूप में उभर कर आ रही है। तराई क्षेत्र में पाए जाने वाले बाघों का ही उदाहरण लें,तो पिछले एक वर्ष में 28 से ज्यादा इंसानों और बाघों का संघर्ष सामने आ चुका है,जिसमें कई इंसानों और बाघों को अपने प्राण देने पड़े। बाघों में नित्यप्रति इंसानों के प्रति आक्रामक व्यवहार देखने को मिल रहा है,जो वन्य-जीवन के दृष्टिकोण से बिल्कुल अच्छा नहीं है। वर्तमान समय में भारत के संपूर्ण टाइगर रिजर्व क्षेत्र की क्षमता का अगर आकलन किया जाए तो वह मात्र 5000 है,अर्थात संरक्षित टाइगर रिजर्व में सिर्फ इतने ही बाघ रह सकते हैं। अगर इनके वन्य क्षेत्र का दायरा नहीं बढ़ाया गया,तो बाघों और इंसानों का संघर्ष एक सतत प्रक्रिया बन जाएगी, जिसमें नुकसान बाघों का ही होना है।

# रोजगार के मोर्चे पर कदम उठाने की जरूरत

आजादी से लेकर वर्तमान समय तक जिन बीमारियों और समस्याओं ने हमारा पीछा नहीं छोड़ा या ये कहें कि जिन समस्याओं का हम ठोस हल खोज नहीं पाए,उस सूची में बेरोजगारी भी शामिल है। केंद्र में लगभग छह दशक कांग्रेस की सरकार ने शासन किया। बाकी समय में अन्य दलों और पिछले दस सालों से भाजपानीत एनडीए की सरकार सत्ता में है,लेकिन बेरोजगारी का मुद्दा हर सरकार के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ा रहता है। सरकारें आश्वसान देती हैं, अपने-अपने हिसाब से रोजगार का प्रबंध करती है,लेकिन जितनी नौकरियां दी जाती हैं,उससे दस गुणा ज्यादा नौकरी मांगने वाले लाइन में खड़े दिखाई देते हैं।

आज देश में बेरोजगारी की मार से युवा किस कदर जूझ रहा है इसका अनुमान बीते दिनों मुंबई एयरपोर्ट पर उमड़ी बेरोजगारों की फौज से ही लगाया जा सकता है। एयरपोर्ट पर महज बीस हजार रुपए मासिक वेतन वाली नौकरी के लिए पच्चीस हजार युवा पहुंच गए,जबकि महज 2200 पदों पर भर्ती होनी थी। बीती फरवरी में यूपी पुलिस में कांस्टेबल के 60 हजार 244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 50 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने आवेदन किया। देखा जाए तो बेरोजगारी की भयावहता की ऐसी तस्वीर अकेले मुंबई या यूपी में नहीं है। देशभर में कहीं भी सरकारी महकमों के लिए भर्ती निकाली जाती है तो आवेदन करने वालों की भीड़ 'एक अनार सौ बीमार' की तरह ही उमड़ पड़ती है।

बेरोजगारी की समस्या इतनी गंभीर है कि महज दसवीं पास योग्यता के लिए जो भर्ती निकाली जाती है,उसमें पोस्ट ग्रेजुएट और इंजीनियरिंग व प्रबंधन का अध्ययन करने वाले युवा भी आवेदकों में शामिल होते हैं। इनमें भी कुछ किस्मत वाले ही होते हैं,जो नौकरी पाने में कामयाब होते हैं।



डॉ . आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

हालत यह है कि बजट घोषणाओं में वाहवाही लूटने के लिए सरकारें युवाओं को रोजगार देने की जो घोषणाएं करती हैं,उन्हें पूरा ही नहीं कर पातीं।

हालांकि एक पहलू यह भी है कि सरकारी नौकरियों में सीमित अवसर होने लगे हैं,लेकिन उम्मीदवारों की सरकारी नौकरी पाने की चाहत बढ़ने लगी है। खासकर उत्तर भारत में सरकारी नौकरी को लेकर युवाओं में ज्यादा क्रेज है। सरकारी नौकरी के लिए निर्धारित आयु सीमा के पार होने के भी खतरे कम नहीं। निराश-हताश युवा निजी क्षेत्र में काम तलाशता है,पर वहां भी उसे योग्यता के अनुरूप वेतन मिल जाए इसकी कोई गारंटी नहीं।

बेरोजगारों के लिए सरकारें बेरोजगारी भत्ता जैसी योजनाएं भी शुरू करती हैं। हाल ही महाराष्ट्र सरकार ने भी बेरोजगारों को प्रति माह छह से दस हजार रुपए स्टाइपेंड देने का ऐलान किया है, पर यह कोई स्थायी समाधान नहीं कहा जा सकता। हालत यह है कि बजट घोषणाओं में वाहवाही लूटने के लिए सरकारें युवाओं को रोजगार देने की जो घोषणाएं करती हैं,उन्हें पूरा ही नहीं कर पातीं। बाद में सरकारें रोजगार और रोजगार के अवसरों का भेद होने की बात कहते हुए सफाई देने से भी नहीं चूकतीं। भारत की कुल आबादी करीब 143 करोड़ है,लेकिन 2024 तक कुल कार्यबल 64.33 करोड़ है। यह आंकड़ा 2023 में 59.67 करोड़ था। एक साल में 4.67 करोड़ कार्यबल की बढ़ोतरी हुई है। इतने हाथों में नौकरी, रोजगार या दिहाड़ी उपलब्ध है। सरकारी प्रवक्ताओं की ओर से भी यह दावा किया जाता रहा है कि 2017-मार्च 2024 के दौरान 6.2 करोड़ नौकरीपेशा 'कर्मचारी भविष्य निधि संगठन' (ईपीएफओ) से जुड़े हैं। जाहिर है कि इतने लोगों को सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियां मिली होंगी! ईपीएफओ की निरंतरता पर भी सवाल किए जाते रहे हैं। 2021 से अब तक करीब 7.8 करोड़ रोजगार का सृजन किया जा चुका है। रोजगार के आंकड़े तैयार करने में भी भ्रष्टाचार किया जाता है। मसलन कृषि में करीब 6 करोड़ रोजगार ऐसे हैं,जहां महिला अपने पति का हाथ बंटाने खेत पर जाती है। उसे 'स्वतंत्र रोजगार' नहीं मान सकते, क्योंकि उसका कुछ भी मानदेय या वेतन अथवा दिहाड़ी तय नहीं है।

बहरहाल, देश भर में बेकाबू होती बेरोजगारी की समस्या पर नियंत्रण पाना सरकारों के लिए गंभीर चुनौती है। केन्द्र व राज्य की सरकारों को युवाओं को लुभाने के इरादे से की जाने वाली रोजगार देने की घोषणाओं को अमलीजामा तो पहनाना ही होगा, यह भी ध्यान रखना होगा कि पात्र लोगों को समय पर अवसर मिलें। साथ ही युवाओं के कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाए। इस बार के बजट में सरकार की सबसे प्रमुख प्राथमिकता रोजगार सृजन ही माना जा रहा। केंद्र सरकार को उम्मीद है कि निजी क्षेत्र के रोजगार और नौकरी में इजाफे को लेकर सकारात्मक कदम बजट में उठाए गए हैं। इससे निजी कंपनियां ज्यादा से ज्यादा लोगों को नौकरियां देने के लिए प्रोत्साहित होंगी। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि रोजगार सृजन के लिए बजट के इस दृष्टिकोण का परिणाम क्या निकलता है?

## सोशल फोरम

# शिक्षा के केंद्र में प्रेम या प्रतियोगिता

मेरा छात्र-जीवन तनावग्रस्त और दुखमय रहा। कारण यह था कि मेरे भीतर महत्वाकांक्षा नामक एक बीमारी प्रवेश करा दी गई थी। वह बीमारी थी कक्षा में प्रथम आने की चाह। यह बात सुनकर लोग कहेंगे कि यह तो बहुत अच्छी बात है। बीमारी कैसे? जी,जो ऐसा कहेंगे उन्हें भी बीमार समझा जाए।

दरअसल पूरा समाज इस बीमारी से ग्रस्त है। प्रत्येक को दूसरों से आगे निकलना है। निश्चित ही दूसरों से आगे निकलने में थोड़ा रस है,लेकिन इस छोटे रस ने बड़े रस का दरवाजा बंद कर रखा है,इसका जरा-सा भी ख्याल हमारे मन में नहीं आता है। ख्याल भी कैसे आए? बड़े रस का स्वाद तो कभी चखा नहीं।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सातवीं,आठवीं और नौवीं में लगातार फर्स्ट करता गया। थोड़ा रस मिलता था, क्योंकि कुछ लोग इशारे से किसी अपने को बतलाते थे-यही है,जो अपनी कक्षा में फर्स्ट करता है। जहां-तहां थोड़ा सम्मान भी मिलता था। इस लालच में जी-तोड़ मेहनत करता था। मन हमेशा आशंकित रहता था कि अगर फर्स्ट नहीं आया तो लोगों के सामने कौन सा मुंह दिखाऊंगा। समाज में ऐसा कोई था ही नहीं जो बता सके कि प्रतियोगी मन को छोड़कर आनंदपूर्वक पढ़ा जा सकता है। दसवीं कक्षा में आते ही मेरे एक विद्वान एवं बेहतरीन शिक्षक ने सलाह दी कि प्री में तुम साइंस छोड़कर आर्ट्स लेना। विषय के रूप में लॉजिक, संस्कृत और गणित रखना। सब में 95-95 नंबर लाना और यूनिवर्सिटी में टॉप कर जाना।

यूनिवर्सिटी में टॉप शब्द ने मेरे भीतर सनसनी फैला दी। मैं मधुर कल्पना में डुबकी लगाने लगा। इसी बीच मेरा हिंदी प्रेम बढ़ा और एक द्वंद्व छिड़ गया। हिंदी अगर रखूंगा तो टॉप की आशा छोड़नी पड़ेगी,क्योंकि इसमें अधिक अंक नहीं आते हैं। अब क्या करूं? बहुत दिनों तक बड़ी दुविधा में रहा। दुविधा दुःख है। यह दुख टॉप की प्रबल इच्छा नामक बीमारी से पैदा हुआ था। वरना दुख का कोई कारण नहीं था। मजे में हिंदी पढ़ता और झूमता। इस परीक्षा ने झूमकर पढ़ने का आनंद ही छीन लिया है। अंत में हिंदी प्रेम की विजय हुई।

**-फेसबुक वॉल से**

# पर्यटन स्थलों में अनियंत्रित विकास के नकारात्मक नतीजे

उत्तराखंड के सभी शांत कहे जाने वाले पर्यटन स्थल आज भू-कानून तथा एक मजबूत पर्यटन नीति न होने के कारण अनियंत्रित और अनियोजित विकास का दंश झेल रहे हैं,जिसके नतीजे इन स्थानों की भौगोलिक संरचना तथा वहां के जनजीवन को नष्ट कर रही हैं। पर्यटन स्थलों में इस अंधाधुंध कथित विकास के नतीजे प्रायः अराजक ही देखे गए हैं,जिसके कारण कभी शांत कहलाए जाने वाले यह तमाम स्थल आज बाहरी लोगों की आवाजाही तथा बसासत के चलते कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं।

कुमाऊं के नैनीताल जनपद के दो ही स्थानों की बात करें तो स्थिति की सत्यता को आसानी से समझा जा सकता है। बात रामगढ़ व मुक्तेश्वर की हो रही है। ठंडे व पहाड़ी स्थल होने के कारण ब्रिटिश काल में ये अंग्रेजों के पसंदीदा स्थल रहे हैं। मुक्तेश्वर व रामगढ़ जाने का रास्ता एक ही है तथा दोनों ही जगह अंग्रेजों द्वारा विकसित किए गए,इसलिए यहां अंग्रेजों के जमाने के कुछ पुराने बंगले देखें जा सकते है। रामगढ़ 4980 फीट की ऊंचाई पर स्थित एक सुंदर गांव है,जो कभी अपने स्वादिष्ट सेबों के लिए प्रसिद्ध था। सेबों की खेती में अब वह बात नहीं रही, क्योंकि एक तो सेबों के खेतों के स्थान पर कंक्रीट के जंगल उग आए हैं,दूसरा इस बढ़ते सीमेंट के जंगल, गाड़ियों के धुएं से उत्पन्न जलवायु परिवर्तन की मार भी सेबों की खेती में पड़ रही है। कभी रामगढ़ बेहद कम रिहाईश वाला शांत जगह थी। यही कारण है कि गीतांजलि



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

एक कटु सत्य यह भी है कि पहाड़ के लोगों को अपनी जमीन बेचना एक मजबूरी भी है,क्योंकि यहां न तो रोजगार उपलब्ध हैं और न ही पहले जैसी खेती-बाड़ी।

के रचयिता गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर तथा महादेवी वर्मा ने अपनी साहित्य साधना के लिए इस जगह को चुना था। रामगढ़ दो भागों में विभाजित है-मल्ला रामगढ़ तथा तल्ला रामगढ़। पिछले 30 सालों में रामगढ़ व मुक्तेश्वर की तस्वीर काफी बदल गई है। जाड़ों में यहां पर्याप्त बर्फबारी होती है तथा यहां से हिमालय की पंचाचुली श्रृंखलाएं साफ देखी जा सकती हैं।

यही कारण है कि पर्यटकों को यह दोनों स्थान काफी भातें हैं। नतीजन उत्तराखंड बनने के बाद यहां रिसोर्ट, होटल, गेस्ट हाउस तथा बंगलों कि जैसे बाढ़ आ गई है। जमीन बेचने खरीदे में कोई रोक-टोक है नहीं तो दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों के पूंजीपतियों ने जमीनें खरीद कर यहां की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया है। ऐसा ही हाल मुक्तेश्वर का है,जो समुद्र सतह से 7500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। भगवान शिव के नाम पर स्थापित इस गांव में अंग्रेजों ने 1889 में इंडियन वेटरिनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईवीआरआई)की स्थापना की। इसे पशुओं को रोगों से बचाने के लिए टीके तैयार करने तथा उन पर शोध करने के उद्देश्य से बनाया गया। यहां भी गांव के लोगों की जमीनें बिक गईं और अब सड़क किनारे रिसोर्ट व होटल ही नजर आते हैं। 24 साल बाद भी उत्तराखंड में पड़ोसी राज्य हिमाचल की तरह सशक्त भू कानून न होने से यहां घरों से ज्यादा होटल व बंगले नजर आते हैं। पहाड़ की सर्पिली सड़कों पर वाहनों का दबाव पहले से कहीं ज्यादा है।

कमोबेश यही स्थिति उत्तराखंड के सभी पर्यटन स्थलों में देखी जा सकती है। इसके लिए इनमें पर्यटन स्थलों के मूल निवासी भी जिम्मेदार हैं,जो पैसों के लालच में अपनी बहुमूल्य जमीनों को बाहरी लोगों को बेच रहे हैं और इस बेचने-खरीदने के खेल में गांव के चंद लोग ही काम करते हैं। दूसरे शब्दों में कहे तो पहाड़ के लोगों ने ही पहाड़ की बर्बादी की कहानी लिखने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बिकी हुई जमीन पर नियमों को ताक पर रखकर सड़के बना दी जाती हैं। बाहरी लोगों के अतिक्रमण से रामगढ़ व मुक्तेश्वर जैसी पहाड़ी जगहों पर वहां के मूल निवासियों के समक्ष पेयजल का संकट पैदा हो गया है। पहाड़ में वैसे ही पानी की कमी है। यहां एक कहावत प्रसिद्ध हैं कि पहाड़ का पानी और जवानी पहाड़ में नहीं टिकता। अवैध निर्माण के कारण अधिकांश जल स्रोत सूख चुके हैं, जो पानी बचा है उसे जिम्मेदार विभागों से गठजोड़ कर रिसॉर्ट व होटल मालिक अपने वहां खींच लाते हैं। सरकारी स्कूलों में भी बच्चों के मिड डे मील के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। पहाड़ में अब कई जगह टैंकरों से पानी सप्लाई किया जाता है। सीधे-साधे गांव वाले करें भी तो क्या करें,क्योंकि पैसे व रसूख के सामने उनकी बात कोई नहीं सुनता। एक कटु सत्य यह भी है कि पहाड़ के लोगों को अपनी जमीन बेचना एक मजबूरी भी है,क्योंकि यहां न तो रोजगार उपलब्ध हैं और न ही पहले जैसी खेती-बाड़ी। अलग राज्य बन जाने के बाद भी बीते दो दशक में विकास के पहिए देहरादून व हल्द्वानी से आगे नहीं बढ़ सके हैं। थोड़ी बहुत जो खेती होती भी है,उसका अधिकांश हिस्सा जंगली जानवरों द्वारा नष्ट कर दिया जाता है। घर के जवान या तो फौज में भर्ती हैं या फिर रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन कर गए हैं।

बीते वर्षों में उत्तराखंड में पलायन बहुत बढ़ा है और गांव के गांव खाली होते जा रहे हैं। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार 2018 से 2022 तक तीन लाख लोग गांव छोड़कर पलायन कर चुके हैं। राज्य में वीरान गांवों की संख्या 1792 तक पहुंच गई है। सालों से भू-कानून बनाने की मांग उत्तराखंड के पर्यावरण प्रेमी व संगठन लगातार कर रहे हैं। हजारों लोग सड़कों पर उतरे,धरना -प्रदर्शन हुए,लेकिन राज्य गठन के चौबीस साल बाद भी उत्तराखंड की सरकार एक सशक्त भू-कानून नहीं बना पाई है।

# लाठी

हमारे घर में सांप निकला था,तो एक पुरातन शस्त्र 'लाठी' की याद आई,जो हमारे घर में उपलब्ध नहीं थी। सर्प समस्या तो किसी तरह हल हुई,पर एक गंभीर विचार छोड़ गई कि यह अति महत्वपूर्ण प्राचीन शस्त्र हमारे यहां क्यों नहीं है? अब माल संस्कृति में तो इसका उपलब्ध होना भी कठिन है। खैर! ध्यान दौड़ाया तो मस्तिष्क में इसका महत्व पर्त दर पर्त खुलता गया।

हमारे गृह जनपद कानपुर में तो एक मोहल्ले का ही नाम है 'लाठी मोहाल' है और गुजरात के 'अमरेली' जिले में 'लाठी' नामक तहसील है। हमसे एक पीढ़ी ऊपर के कवि अवधेश, बैसवारे के थे और ब्राह्मण भी। उन्होंने अपने क्षेत्र के ब्राह्मणों की तारीफ करते हुए लिखा है कि 'यहां के विप्र केवल वेदपाठी ही नहीं हैं, वे लाठी चलाने में भी पारंगत हैं'। साहित्यकारों ने इस आदि शस्त्र के साथ समुचित न्याय नहीं किया है। अलबत्ता गिरधर कवि ने एक कुंडलिया में इसकी महत्ता पर अवश्य प्रकाश डाला है। लाठी में गुन बहुत हैं सदा राखिए संग।/ गहरी नदि नारा जहां,तहां बचावै अंग।।/ तहां बचावै अंग,झपटि कुत्ता कूं मारै।/ दुश्मन दावागीर होय,तिनहूं को झारै।। /कह गिरधर कविराय सुनो हो धूर के बाठी।/सब हथियारन छांड़ि,हाथ मा राखिय लाठी।। अब देखिए। भगवान शंकर के पुत्र कार्तिकेय देवताओं के सेनापति हैं। उनके पास भला कौन सा हथियार नहीं होगा,किंतु वे 'दंडपाणि' कहे गए हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यमराज सबसे बड़े नियामक हैं, वे भी 'दंडपाणि' हैं। 'दंड युद्ध' एक प्राचीन युद्धकला है, जिसके प्रवर्तक अगस्त्य मुनि हैं। उन्होंने इस पर एक पुस्तक "कंपू सूत्रम्" भी लिखी है। विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के गणवेष का हिस्सा भी लाठी है,जिसे वे दंड कहते हैं। लाठी को संस्कृत में यष्टि कहते हैं। कहीं-कहीं छड़ी भी कहा गया है,जो लाठी का छोटा रूप है, यथा 'कनक छरी सी कामिनी काहे कूं कटि छीन। कटि को कंचन काटि विधि कुचन मध्य धरि दीन"। इस तरह लाठी की प्रासंगिकता बहुआयामी है।

### विधानसभा सत्र शुरू होने के एक दिन पहले सपा विधायकों की हुई बैठक

# पीडीए के साथ सवर्ण मतदाताओं को साधने की तैयारी में सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक फार्मूले के जरिये लोकसभा चुनाव में अप्रत्याशित सफलता दर्ज करने वाली सपा ने नेता प्रतिपक्ष पद पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय का चयन कर सवर्ण खासकर ब्राह्मण मतदाताओं का अपने पाले में करने की कोशिश की है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद बन जाने व नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद शिवपाल सिंह यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाने की संभावना बन रही थी, पर विधान परिषद में लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने के बाद शिवपाल के विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाने की संभावना कम हो गई। साथ ही, सपा एक बिरादरी व परिवाद से बचना चाह रही थी। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष के लिए पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज, राम अचल राजभर, मनोज कुमार पारस व तूफानी सरोज के नामों पर कयास लगाये जा रहे थे।

विधानसभा सत्र शुरू होने के एक दिन पहले सपा के विधायकों ने रविवार को हुई बैठक में चर्चा के बाद नेता प्रतिपक्ष के पद का नाम तय करने का फैसला अखिलेश यादव पर छोड़ दिया। इसके बाद अखिलेश यादव ने नेता प्रतिपक्ष के लिए माता प्रसाद पाण्डेय का चयन कर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए सभी को चौका दिया। बताया जा रहा कि प्रदेश में शीघ्र होने जा रहे विधानसभा उप चुनावों व 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा अपने पीडीए फैक्टर के साथ सवर्ण मतदाताओं को विश्वास में लेना चाह रही है। इसी रणनीति के तहत माता प्रसाद पाण्डेय को महत्व दिया गया है।

**हर जाति के नेता को महत्व :** इसके अलावा उप नेता पद पर इंद्रजीत सरोज पर विश्वास बनाए रखने के साथ ही अधिष्ठाता मंडल में महबूब अली, उप सचेतक पद पर राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ.आर के वर्मा को नियुक्त किया है। कार्य मंत्रणा समिति में लखनऊ विधायक रविदास मेहरोत्रा और आजमगढ़ के डॉ. संग्राम सिंह यादव और आशूमलिक को शामिल कर सर्व समाज में अपनी स्वीकार्यता बनाए रखने का काम किया है।

**सपा के कद्दावर नेता है माता प्रसाद पाण्डेय**



सात बार विधायक रह चुके माता प्रसाद पाण्डेय सपा के वरिष्ठ नेताओं में शुमार हैं, प्रदेश में सपा की सरकार के दौरान दो बार विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। साल 2002 से 2007 तक और साल 2012 से 2017 तक विधानसभा अध्यक्ष रहें। वह, पहली बार 1980 में विधानसभा का चुनाव जीते थे। इसके बाद 1985 , 1989, 2002, 2007, 2012 और 2022 में विधानसभा पहुंचे। साल 1991 में वह स्वास्थ्य मंत्री थे और 2003 में वह श्रम और रोजगार मंत्री रह चुके हैं।

## बलिया में घर के पास गड्ढे में गिरने से डेढ़ वर्ष के बच्चे की मौत

**बलिया, एजेंसी :** जिले के सिकंदरपुर थाना इलाके के एक गांव में रविवार दोपहर डेढ़ वर्ष के बच्चे की खेलते-खेलते गड्ढे में गिर जाने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के घुरी बाबा के टोला गांव में रविवार दोपहर अव्यांश यादव खेलते समय अचानक घर के पास बने एक गड्ढे में गिर गया। पुलिस ने बताया कि बच्चे की मां अमृता को जब घर के आंगन में अव्यांश नहीं दिखा तो वह उसकी खोजबीन करने लगी और इस दौरान अमृता गड्ढे के पास गई तो बच्चा उसमें पड़ा मिला। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। जिला चिकित्सालय में चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का कार्यकाल आज पूरा हो जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का कार्यकाल 29 जुलाई को समाप्त होगा। ऐसे में उन्हें विस्तार मिलेगा या उनकी जगह कोई और राज्यपाल नियुक्त होगा, इसको लेकर रविवार को कयास लगाये जाते रहे। फिलहाल प्रदेश विधानमंडल सत्र की शुरुआत को देखते हुए उनके अभी पद पर बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

मूल रूप से गुजरात की रहने वाली आनंदीबेन पटेल ने 29 जुलाई 2019 को प्रदेश के राज्यपाल का पदभार संभाला। इससे पहले वह गुजरात की पहली महिला मुख्यमंत्री रहीं। प्रदेश में सरोजनी नायडू के बाद वह दूसरी महिला राज्यपाल हैं। वह इससे पहले मध्य प्रदेश व छतीसगढ़ की राज्यपाल रह चुकी है। संवैधानिक व्यवस्था के तहत राज्यपाल की नियुक्ति पांच साल के लिए होती है। नये राज्यपाल की नियुक्त न होने पर उनका कार्यकाल नये राज्यपाल की नियुक्ति होने तक स्वतः बना रहता है।

**किसी को दोबारा कार्यकाल नहीं मिला :** प्रदेश राजभवन का इतिहास बताता है कि यहां अभी तक किसी का कार्यकाल नहीं बढ़ाया गया। प्रदेश में अभी तक 24 राज्यपाल बन चुके हैं। आनंदीबेन 25वीं राज्यपाल हैं। मोहम्मद उस्मान आरिफ, टीवी राजेश्वर और राम नाईक समेत अन्य राज्यपाल ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है। बीएल जोशी ने भी यहां लगभग 4 साल 11 महीने बिताए थे।

# महिला को पेड़ से बांधकर कालिख पोती, बाल काटे

### हिरासत में लिए गए पंचायत में शामिल दर्जन भर से अधिक ग्रामीण

संवाददाता, कुंडा(प्रतापगढ़)

- पंचायत से भागे प्रेमी की सूचना पर पहुंची कई थानों की फोर्स

**अमृत विचार :** हथिगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में पंचायत में ग्रामीणों ने तुगलकी फरमान सुनाया। गांव के लड़के से महिला के प्रेम प्रसंग का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने दोनों को पेड़ से बांधकर उनके मुंह पर कालिख पोतने और बाल काटने का फरमान सुनाया।

प्रेमी मौका पाकर भाग निकला, लेकिन ग्रामीणों ने महिला को पकड़कर पेड़ से बांध दिया। उसके मुंह पर कालिख पोत दी और बाल भी काट दिया। ग्रामीणों के चंगुल से भाग निकले प्रेमी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तो हड़कंप मच गया। भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पंचायत में शामिल 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस दर्जन भर से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हथिगवां थाना क्षेत्र के छोटकी इब्राहिमपुर गांव की एक 40 वर्षीय महिला को तीन संतान हैं। बड़ा बेटा करीब 12 साल का है, दो बेटियां छोटी हैं। महिला का पति मुंबई में रहकर नौकरी करता है। आरोप है कि महिला का प्रेम प्रपंच गांव के ही एक युवक से चल रहा है। यह बात धीरे-धीरे गांव में फैल गई।

ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति की, लेकिन युवक का महिला के घर आना जाना बंद नहीं हुआ। गांव का माहौल खराब न हो इस को लेकर लोगों ने इस तरह के प्रेम प्रपंच पर रोक लगाने की बात कही, लेकिन दोनों के बीच संबंध जारी रहा। इसको लेकर कई बार पहले भी पंचायत हो चुकी थी। रविवार को महिला के परिवारीजन व रिश्तेदारों की उपस्थिति में ग्रामीणों की पंचायत हुई। दोनों के प्रेम प्रपंच को गांव के मान सम्मान से जोड़ते हुए दोनों को दंडित करने का फरमान सुनाया गया। पेड़ से बांधकर दोनों के मुंह पर कालिख पोतने और उनके बाल काटने का निर्णय लिया गया। यह सुनकर पंचायत में मौजूद प्रेमी ग्रामीणों के चंगुल से किस तरह भाग निकला।

ग्रामीणों ने विवाहिता को पकड़ लिया और बगीचे में ले जाकर पेड़ से बांध दिया। उसके मुंह पर कालिख पोत दी और बाल भी काट दिया। उधर, ग्रामीणों के चंगुल से छूटकर भागे प्रेमी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना हथिगवां के अलावा अलग - अलग थानों की पुलिस फोर्स गांव में पहुंच गई।

पंचायत में शामिल 15 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, उनसे पूछताछ कर रही है। घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें महिला के बच्चे यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि उन्होंने ही अपनी मां को पेड़ से बांधा है और मुंह पर कालिख पोती है, लेकिन छोटे-छोटे बच्चे इस घटना को कैसे अंजाम दे सकते हैं इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से एहतियातन गांव में फोर्स तैनात है।

> हथिगवां थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में 40 वर्षीय महिला का गांव के युवक से प्रेम प्रसंग के मामले में पंचायत हो रही थी। इस दौरान महिला के चेहरे पर कालिख लगाने व बाल काटने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। 20 लोगों को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज किया गया है। 15 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
>
> –अजीत सिंह, सीओ कुंडा

## विधान भवन के सामने मांझा से कटी युवक की गर्दन

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्कूटी से जा रहे निशातगंज निवासी सोनू उर्फ दिलीप कन्नौजिया (50) की गर्दन रविवार शाम विधान भवन के सामने मांझा से कट गई। एक हाथ से गर्दन के कटे हिस्से को दबाए और दूसरे हाथ से स्कूटी चलाता हुआ वह दारूलशफा चौकी पहुंचा। इंस्पेक्टर ने आनन-फानन सिविल अस्पताल भेजा। डॉक्टर के अनुसार सोनू की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।

प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि शाम करीब पांच बजे स्कूटी सवार सोनू दारूल शफा चौकी के पास पहुंचा। खून को रोकने के लिए वह दाहिने हाथ से गर्दन को दबाए था। स्कूटी पर धुले कपड़ों के दो गट्ठर लदे थे। सोनू कुछ बोल नहीं पा रहा था, लेकिन किसी तरह इतना बताया कि मांझे से गर्दन कट गई है। दो दरोगा और दो सिपाही के साथ ऑटो से उसे सिविल अस्पताल भेज इलाज की व्यवस्था कराई गई।

## पाकिस्तान में खेलने पर सरकार लेगी फैसला: राजीव शुक्ला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी टी-20 लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी देखने पहुंचे बीसीसीआई उपाध्यक्ष



**अमृत विचार :** पाकिस्तान में आयोजित होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने भारतीय टीम वहां जाएगी या नहीं, इसकी चर्चा इन दिनों जोरों पर है। इस मामले में रविवार को बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने स्पष्ट किया कि इस पर सरकार फैसला लेगी। सरकार जो भी फैसला लेगी, हम उसी के अनुसार कार्य करेंगे। बीसीसीआई इस पर अपनी तरफ से कोई फैसला नहीं ले सकता है। उन्होंने बताया कि 2026 के विश्वकप के दौरान भारत आने को लेकर पाकिस्तान जो चाहे वह कह सकता है, हमें सरकार की स्वीकृति का इंतजार रहेगा।

रविवार को राजीव शुक्ला लखनऊ में यूपी टी-20 क्रिकेट लीग के लिए हुई खिलाड़ियों की नीलामी में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हम देश से बंधे हैं। सरकार जो भी फैसला करेगा, उसका पालन किया जायेगा। यूपी टी-20 लीग के बारे में उन्होंने बताया कि इस बार लीग को भव्य रूप दिया गया है। लीग के सभी मुकाबले लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे। रोजाना दो मैच खेले जायेंगे। पूरी लीग में 34 मैच खेले जाएंगे। लीग आईपीएल के फॉर्मेट पर खेली जायेगी। यूपी टी-20 लीग का फायदा खिलाड़ियों को मिल रहा है। आईपीएल में एक भी टीम ऐसी नहीं है, जिसमें उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी न हों। पिछली बार यूपी टी-20 लीग में चमकने वाले समीर रिजवी को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स ने मंहगे दामों में खरीदा था।

## बरेली, पीलीभीत में 24 घंटे में अधिक बारिश की संभावना

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। अगले 24 घंटे में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बहराइच, बरेली, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, जालौन, हमीरपुर, झांसी और ललितपुर में बुधवार को भारी वर्षा का अलर्ट है। इसके अलावा बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, गोंडा, बलरामपुर और आसपास जनपदों में अत्यधिक वर्षा की संभावना है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान हरदोई का 37.6 डिग्री रहा। दूसरे स्थान पर बस्ती रहा, यहां का तापमान 37.5 रहा। 36.8 डिग्री पारा प्रयागराज का रहा।

## सार-संक्षेप

### बलात्कार के आरोप में पीएसी का जवान गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले में पुलिस ने एक महिला के घर में घुसकर उससे बलात्कार करने के आरोप में रविवार को पीएसी के एक जवान को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थाना भवन क्षेत्र के एक कस्बे में पिंटू नाम के पीएसी जवान ने शनिवार को एक महिला के घर में घुसकर उससे कथित रूप से बलात्कार किया। घटना के दौरान महिला का पति मौके पर आ गया तो आरोपी अपना मोबाइल फोन वहीं छोड़कर भाग गया। पुलिस ने पीएसी जवान के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पीएसी जवान मेरठ में तैनात है और छुट्टी पर अपने घर आया था।

### लखनऊ होकर मुंबई-पंजाब चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**लखनऊ, अमृत विचार :** त्योहारों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए लखनऊ होकर मुंबई और पंजाब के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके अलावा अयोध्या कैंट–दिल्ली एक्सप्रेस और पद्मावत में कोच बढ़ाए जाएंगे। उत्तर रेलवे की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन नंबर 14207 मां बेलहा देवी धाम प्रतापगढ़–दिल्ली एक्सप्रेस में 2 अगस्त तक, वापसी में 14208 में दिल्ली से 5 अगस्त तक, ट्रेन नंबर 14205 अयोध्या कैंट में 29 जुलाई से 4 अगस्त तक, ट्रेन नंबर 14206 दिल्ली से अयोध्या कैंट में 28 जुलाई से 3 अगस्त तक स्लीपर कोच लगाया जायेगा। इसके अलावा मुंबई और पंजाब के बीच विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। ट्रेन नंबर 09043 बांद्रा टर्मिनस से गोरखपुर के बीच 27 अगस्त तक चलेगी। वापसी में 09044 गोरखपुर से दहानू रोड तक 28 अगस्त तक चलाई जाएगी।

### बलिया कांड: आरोपी एसएचओ ने किया सरेंडर

**लखनऊ, अमृत विचार :** बलिया कांड में फरार एसएचओ पन्नेलाल कन्नौजिया ने रविवार को गोरखपुर में सरेंडर कर दिया। बताया जा रहा है कि सुबह उसकी पत्नी को पुलिस ने उठाया था, जिसपर दबाव में आकर आरोपी एसएचओ सरेंडर कर दिया। हालांकि इस मामले में अभी भी कई आरोपी गिरफ्तार हैं। बतादें कि बलिया के नरही थाना क्षेत्र स्थित उप्र.–बिहार सीमा पर ट्रकों से अवैध वसूली हो रही थी। एडीजी वाराणसी जोन पियूष मोर्डिया एवं आजमगढ़ के डीआईजी वैभव कृष्ण ने पूरे मामले को उजागर किया था। वसूली गैंग में कई पुलिस कर्मियों के अलावा 16 दलाल भी शामिल पाए गए थे। सात पुलिस कर्मियों समेत 23 पर एफआईआर दर्ज हुआ था। एसएचओ नरही थाना पन्नेलाल कनौजिया मौके से फरार हो गए थे, जिसे पुलिस लगातार तलाश रही थी। रविवार को पन्नेलाल ने गोरखपुर गोला थाने में सरेंडर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची बलिया पुलिस पन्नेलाल को बलिया लेकर चली गई।

## सड़क हादसे में सास व दो बहुओं सहित चार की मौत

**इटावा, अमृत विचार :** फिरोजाबाद में हुए सड़क हादसे में थाना जसवंतनगर क्षेत्र के नगला हुलासी गांव निवासी सास व दो बहुओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। यह परिवार रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में भाग लेकर लौट रहा था। ऑटो पलटने से हादसा हो गया।

जसवंतनगर थाना क्षेत्र के नगला हुलासी गांव के परिवार के आठ लोग गांव के ही भगवान सिंह के ऑटो में सवार होकर फिरोजाबाद जिले में अपनी बेटी की ससुराल में अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। लौटने के दौरान फिरोजाबाद में थाना मक्खनपुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन के कट मारने से ऑटो असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में सास माया देवी व उनकी एक बहू सावित्री की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी बहू अनीता व ऑटो ड्राइवर भगवान सिंह, मातादीन, ज्ञानवती, नन्हूलाल, गुड्डू व 13 वर्षीय परी घायल हो गए। पुलिस ने क्षेत्रीय नागरिकों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान दूसरी बहू अनीता व नन्हूलाल ने भी दम तोड़ दिया।

## व्यवसाय शुरू करने के लिए पति द्वारा वित्तीय अनुरोध दहेज के दायरे में नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महिला द्वारा अपने पति और उसके रिश्तेदारों के खिलाफ दाखिल दहेज क्रूरता के मामले पर विचार करते हुए कहा कि पति और उसके रिश्तेदारों ने मुख्य रूप से व्यवसाय शुरू करने के लिए महिला के माता-पिता से दो लाख रुपए मांगे थे। प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों के अनुसार पति द्वारा अपने ससुराल वालों से व्यवसाय करने के लिए मांगी गई धनराशि दहेज के दायरे में नहीं आती। कोर्ट ने पाया कि महिला द्वारा किए गए अन्य दावे सामान्य, अस्पष्ट और असंगत थे, जिसके आधार पर पति और उसके रिश्तेदारों को परेशान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती थी।

उक्त प्रकरण को दुर्भावना पूर्ण प्रयास मानकर न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की एकलपीठ ने देवदत्त और चार अन्य के खिलाफ कानपुर नगर के फजलगंज पुलिस स्टेशन में आईपीसी और दहेज निषेध अधिनियम, 1961 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले की पूरी कार्यवाही को खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि पति द्वारा इस तरह का वित्तीय अनुरोध भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए या दहेज निषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3/4 के तहत दहेज नहीं माना जाएगा।

मामले के अनुसार याची और शिकायतकर्ता का विवाह वर्ष 2012 में हुआ था। 5 साल बाद महिला ने 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें उसने आरोप लगाया कि उसके पति और उसके ससुराल वालों द्वारा कम दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जाता है, साथ ही और अधिक पैसे की मांग की जा रही है। शारीरिक प्रताड़ना के कारण एक बार उसका गर्भपात भी हो चुका है, साथ ही शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल वाले उसे मारने की साजिश कर रहे हैं। हालांकि कोर्ट द्वारा इस तरह की यातना और उत्पीड़न के दौरान लगी चोटों के बारे में पूछे जाने पर महिला कोई मेडिकल प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सकी। अंत में कोर्ट ने संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया।


## वर्ग पहेली-145

**बाएं से दाएं**

1. चावल तथा उड़द की दाल को पीसकर बनाया जाने वाला एक प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय व्यंजन, चीला।
2. 1. निवेदन, प्रार्थना, अपील, विनती 2. वस्त्र आदि की चौड़ाई।
4. 1. जो मित्रता आदि का निर्वाह न करे 2. कृतघ्न 3. दगाबाज़ 4. वादाख़िलाफ़ 5. वचन भंग करने वाला 6. जिसमें वफ़ा
7. मन की वेदना, मानसिक दुख।
9. 1. पलाश या महुए के पत्तों का सींक खोंसकर बनाया गया कटोरेनुमा पात्र 2. उक्त पात्र में रखी हुई चीज़ 3. करदौना, पतोखा, संपुट 4. द्रोण।

**ऊपर से नीचे**

2. संसद या विधानमंडल का एक सदन– लोकसभा
3. 1. ऊंचाई, ऊंचा करना 2. छोड़ना, अलग करना, दूर करना, निकालना 3. तरक्की 4. पूरा करना 5. मिटाया हुआ 6. समाप्त करना 7. फ़ैसला करना।
5. अभागा, दुर्भाग्यशाली।
6. 1. हथियार आदि से युक्त 2. किसी भी कार्य के लिए आवश्यक सामग्री लेकर हर तरह से तैयार, कटिबद्ध 3. सजा हुआ, सुसज्जित।
8. 1. अस्तित्व की समाप्ति, मिटना 2. मृत्यु, इंतकाल, मौत 3. विनाश, बरबादी 4. (सूफ़ी मत) परमात्मा और आत्मा में भेद न रहना।



### वर्ग पहेली -144 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 कि | | 2 धा | 3 प |
| | 4 टँ | ग | ड़ी | | शु |
| | | मे | | | पा |
| 5 चा | 6 ल | क | मं | ड | ल |
| | 7 प | र | | | न |
| | टा | | | | |
| | 8 ना | र | द | कुं | ड |

## सुडोकू -58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| | 9 | | 7 | | | 2 | | |
| 3 | 4 | | 5 | | 8 | | | 7 |
| 9 | 7 | | | 6 | | 3 | | 8 |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | 8 | | 3 | | | 7 | 2 |
| 2 | | | 6 | | 4 | | 8 | 1 |
| | | 7 | | | 2 | | 5 | |
| 4 | | | | | 9 | | | |

### सुडोकू -57 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 |
| 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 |
| 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जुलाई सोमवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास– श्रावण, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–नवमी 17 .55 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वर्षा।
चन्द्रबल–मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–भरणी 10 .55 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** — आज रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नई संपत्ति खरीदने का विचार कर सकते हैं। आप सभी काम समय पर पूरा कर लेंगे। पुराने मित्रों से अपेक्षित मदद मिलेगी। पति–पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा।

**वृष** — आज किसी पर भी आंख–मूंदकर विश्वास न करें। घर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो सकते हैं। नींद पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। मानसिक अशांति के कारण एकाग्रता में कमी रहेगी। एक साथ कई काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी।

**मिथुन** — आज जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध होंगे। साझेदारी वाले व्यवसाय में विशेष उन्नति की संभावना बन रही है। युवाओं को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहने वाला है। आपको नई जिम्मेदारियां मिल सकती है।

**कर्क** — आज आप बहुत सारा समय आत्ममंथन में व्यतीत कर सकते हैं। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कारोबारी में कुछ कमी महसूस हो सकती है। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है।

**सिंह** — आज भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। आपको दूसरों पर ज्यादा निर्भर होने से बचना चाहिए। अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नई ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी।

**कन्या** — आज प्रेम संबंधों में आपसी विश्वास की भावना कम न होने दें। पिता की सेहत का ध्यान रखें। अपनी वाणी में नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। अनावश्यक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट आदि के दौरान विशेष सावधानी रखें।

**तुला** — आज का दिन पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। थोक व्यापारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। घर के विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें।

**वृश्चिक** — आज समाज में आपको मान–सम्मान की चिंता रहेगी। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नई व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक बयानबाजी करनी चाहिए।

**धनु** — आज पारिवारिक सदस्यों के साथ हंसी–मजाक भरा समय बिताएंगे। मानसिक तनाव और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं।

**मकर** — आज किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आप योजना बना सकते हैं। अपने व्यवहार को लेकर लोगों के बीच केन्द्र बने रहेंगे। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इंफेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है।

**कुंभ** — आज जीवनसाथी की सलाह आपके काफी काम आने वाली है। शाम के समय घर में झगड़ा हो सकता है। किसी का अपमान न करें। आप काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। किसी को बिना मांगे राय न दें।

**मीन** — आज आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। पेट खराब होने की संभावना है। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
जीवन युद्ध — सुबह : 09 .00
आजाद देश का अंधा कानून — रात : 09 .00

**&pictures**
पुलिसगिरी — सुबह : 10 .56
रावणासुर — रात : 08 .00

**SONY PIX**
मैकेनिक : रेज़रेक्शन — सुबह : 11 .28
द रैड 2 — रात : 08 .45

**ZEE CINEMA**
किसी का भाई किसी का जान — सुबह : 11 .40
नं. 1 बिजनेसमैन — शाम : 05 .33

**colors CINEPLEX**
पद्मावत — सुबह : 10 .32
टाइगर नागेश्वर राव — रात : 07 .56

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 05 .33 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)– मुझसे प्यार करोगी
लड़की– शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू– कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज– डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर– सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

# विकसित भारत के लिए विरासत का विकास महत्वपूर्ण : मोदी

## 13 मुख्यमंत्रियों और 15 उप मुख्यमंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के दूसरे दिन के कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी



- देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने पर चर्चा
- कल्याणकारी उपायों में जनता की भागीदारी पर दिया जोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मजबूती के साथ लोक कल्याण के लिए संयुक्त प्रयासों में जुट जाती हैं तो विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। भाजपा के सुशासन प्रकोष्ठ के संयोजक विनय सहस्त्रबुद्धे की ओर से जारी बयान के मुताबिक मोदी ने कहा कि विरासत का विकास और विकास की विरासत का निर्माण करना विकसित भारत की संकल्पना में विशेष महत्व रखता है।

प्रधानमंत्री भाजपा शासित राज्यों के 13 मुख्यमंत्रियों तथा 15 उप मुख्यमंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के दूसरे दिन उन्हें संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के एजेंडे पर विस्तार से बात की और कल्याणकारी उपायों में जनता की भागीदारी पर जोर दिया। सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विभिन्न समूहों को लक्षित करते हुए सरकारी योजनाओं की अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा सहित भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री परिषद में भाग लिया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति और इसके क्रियान्वयन पर बात की। राज्यों ने अपनी प्रमुख और महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रस्तुति दी। प्रधानमंत्री ने कल्याणकारी योजनाओं की कवरेज की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों को सुशासन के उदाहरण के तौर पर देखा जाना चाहिए। भाजपा द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक का उद्देश्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करना है। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, राजस्थान के भजनलाल शर्मा और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल हुए। मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हरियाणा, मणिपुर और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने भी हिस्सा लिया।

### खादी ग्रामोद्योग पहली बार पहुंचा डेढ़ लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ के पार पहुंच गया है। खादी एवं हथकरघा की बढ़ती बिक्री रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। आकाशवाणी पर मन की बात की 112वीं कड़ी में उन्होंने कहा कि जो पहले खादी के उत्पादों का उपयोग नहीं करते थे, वह भी आज गर्व से खादी पहनते हैं। उन्होंने कहा कि खादी की बिक्री 400 प्रतिशत बढ़ी है।

**मन की बात की 112वीं कड़ी**

उन्होंने लोगों से भारत को नशा मुक्त बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे के शिकार लोगों के लिए सरकार ने मानस नामक अभियान की शुरुआत की है। इसके लिए हेल्पलाइन और पोर्टल को लांच हुआ है और टोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पेरिस ओलंपिक की शुरुआत के साथ खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का मौका मिलता है। प्रधानमंत्री ने उन भारतीय छात्रों से बात की जिन्होंने गणित ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसमें भारतीय टीम ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। उन्होंने असम के मोइदाम्स को यूनेस्को की विश्व धरोहर में शामिल करने की सराहना की। उन्होंने लाचित बोरफुकन की सबसे ऊंची प्रतिमा के अनावरण का भी स्मरण किया।

# योगी के बाघ मित्र की मोदी ने की तारीफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सोमवार को विश्व बाघ दिवस है। इसके पूर्व रविवार को मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम की तारीफ की। पीलीभीत में पहले मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं होती थीं। इस पर अंकुश के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में बाघ मित्र कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष अक्टूबर में मुख्यमंत्री ने पीलीभीत में बाघ मित्र ऐप की शुरुआत की थी। वर्तमान में पीलीभीत में 120 से अधिक बाघ मित्र हैं। इनमें चार महिलाओं समेत कई युवा, बुजुर्ग भी हैं। जो व्हाट्सएप ग्रुप पर बाघ या अन्य जानवरों की जानकारी देते हैं। जिस पर वन विभाग की टीम बाघ की लोकेशन लेते हुए आमजन की सुरक्षा में जुट जाती है।



### प्रधानमंत्री की सराहना बाघ मित्रों में उत्साह का संचार करेगी : योगी

प्रधानमंत्री के बाघ मित्र कार्यक्रम की सराहना किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री द्वारा बाघ मित्र कार्यक्रम की सराहना निश्चित रूप से सभी बाघ मित्रों में नवीन उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगी।

**8 वर्ष में तीन गुना बढ़े बाघ :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की स्थापना 2014 में हुई थी। उस समय 24 बाघ थे। प्रदेश सरकार के निर्देश पर बाघ के संरक्षण व संवर्धन पर कार्यक्रम शुरू किए गए। दुनिया के 70 फीसदी बाघ भारत में हैं। इसमें प्रदेश का भी अमूल्य योगदान है। 2022 में पीलीभीत में बाघों की गणना हुई थी। 8 वर्ष में यहां तीन गुना बाघ बढ़ गए। उस समय हुई गणना के मुताबिक अभी भी यहां 72 बाघ हैं।

## एक नजर

### दंतेवाड़ा में नक्सलियों का शहीद स्मारक किया ध्वस्त

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) बस्तर फाईटर्स ने नक्सलियों के 'शहीद सप्ताह आयोजन' के पहले ही उनके 'स्मारक' को ध्वस्त कर दिया है। नक्सली हर साल 28 जुलाई से तीन अगस्त तक अपने मारे गए नक्सली साथियों की याद में 'नक्सल शहीद स्मृति सप्ताह' मनाते हैं। थाना बारसूर क्षेत्र के ग्राम कोसलनार मंगनार में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना व कोसलनार क्षेत्र में 'शहीद सप्ताह' के आयोजन किए जाने की सूचना मिली थी।

### रामदेव के खिलाफ याचिका पर आज आएगा फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट कोरोनिल से कोविड-19 के उपचार के दावे को लेकर योग गुरु रामदेव के खिलाफ कई चिकित्सक संघों की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। यह याचिका चिकित्सक संघों द्वारा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ 2021 में दायर एक मुकदमे का हिस्सा है।

### फुफेरे भाई सहित 3 के खिलाफ दुष्कर्म केस

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के गांव में बुआ के घर आई नाबालिग से फुफेरे भाई और उसके दो साथियों के सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला अपने पति और पीड़िता के साथ रामगढ़ थाना पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी मई में बुआ के घर गई थी। बुआ के लड़के ने नहाते उसकी फोटो खींच ली। ब्लैकमेल कर उससे दुष्कर्म किया।

# कोचिंग के मालिक और समन्वयक गिरफ्तार

- बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से हुई थी तीन छात्रों की मौत

**नियम का उल्लंघन : बेसमेंट में स्टोर रूम की थी अनुमति, बना रखा था पुस्तकालय**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने रविवार को उस कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार किया, जिसके बेसमेंट में शनिवार को पानी भरने से तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत हो गई। इसे लेकर इलाके में विरोध-प्रदर्शन हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि कोचिंग सेंटर ने बेसमेंट का उपयोग स्टोर की बजाय पुस्तकालय के रूप में किया, जो नियम विरुद्ध है। महापौर शैली ओबेरॉय ने दिल्ली नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया कि ऐसे कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई करें, जो बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां चला रहे हैं। घटना के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि संस्थान मानदंडों का उल्लंघन कर रहा था। आरोपियों में कोचिंग का मालिक अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह है।

### लोग जान देकर चुका रहे लापरवाही की कीमत : राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने घटना पर शोक जताते हुए कहा कि आम लोग असुरक्षित निर्माण, खराब नगर नियोजन और संस्थानों के गैर-जिम्मेदाराना रुख की कीमत जान गंवाकर चुका रहे हैं। घटना को मानव निर्मित आपदा करार देते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि अवैध को वैध ढांचों से अलग करने की क्या व्यवस्था है? क्या एमसीडी इस पर गौर कर रहा है? जल निकासी की क्या स्थिति है? क्या हमें दिल्ली आने वाले छात्रों से ऐसा व्यवहार करना चाहिए? जवाबदेही तय होनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घटना को बेहद दुखद बताया।

### श्रेया यादव के परिजनों को बंधाया ढांढस

**अंबेडकरनगर।** राव आईएएस स्टडी सेंटर में हुए हादसे में अकबरपुर कोतवाली के ग्राम हासिमपुर बरसावा की श्रेया यादव की भी मौत हो गई।



रविवार सुबह एसडीएम सौरभ शुक्ला ने श्रेया के घर पहुंच परिजनों को ढांढस बंधाया। श्रेया के चाचा धर्मेंद्र यादव सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता है।

# कर्नाटक की उपेक्षा का आरोप लगाकर झूठा प्रचार कर रही कांग्रेस : सीतारमण

बेंगलुरु, एजेंसी



- कर्नाटक को 50 वर्षों के लिए 10 हजार 041 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण मिलने वाला

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस के इन आरोपों को झूठा प्रचार करार देते हुए खारिज कर दिया कि केंद्र ने कर्नाटक की उपेक्षा की है। सीतारमण ने मीडिया सम्मेलन में कहा कि कर्नाटक को केंद्र सरकार से 50 वर्षों के लिए 10 हजार 041 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋृण मिलने वाला है।

सीतारमण ने बताया कि कर्नाटक को रेलवे के विकास के लिए 7,559 करोड़ का आवंटन किया गया है, जो उसके समर्थन में नाटकीय वृद्धि दर्शाता है। कलबुर्गी को मित्रा पार्क के लिए 200 करोड़ मिलने वाले हैं। आईआईटी धारवाड़, तुमकुर में पहले औद्योगिक गलियारे और स्मार्ट सिटीज मिशन के लिए 7 शहरों के चयन जैसी परियोजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल के लिए 6 हजार करोड़ से अधिक आवंटित किए गए। इसके अतिरिक्त, 15 हजार करोड़ की 904 परियोजनाओं को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है और बोइंग इंडिया ने बेंगलुरु में सबसे बड़ा परिसर स्थापित किया है। उड़ान योजना के तहत 4,600 किमी लंबी सड़कों और 7 हवाई अड्डों के निर्माण के साथ बुनियादी ढांचे का विकास भी उतना ही मजबूत है।

# देश को 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

**नीति दस्तावेज**

- प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 18 हजार अमेरिकी डॉलर करने पर जोर

भारत को 2047 तक 18,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति आय के साथ 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में प्रयास करने की जरूरत है। वर्ष 2047 में विकसित भारत के लिए दृष्टिकोण पत्र में यह बात कही गई है।

नीति आयोग ने 2047 में विकसित भारत के लिए सोच : एक दृष्टिकोण पत्र शीर्षक वाले एक पत्र में कहा कि भारत को मध्यम आय के जाल से बचने और इससे बाहर निकलने की दिशा में सावधानी के साथ काम करने की जरूरत है। इसके मुताबिक, एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें 2047 तक 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करना होगा, जिसमें प्रति व्यक्ति आय 18,000 अमेरिकी डॉलर सालाना हो। दृष्टिकोण पत्र के मुताबिक, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को आज के 3,360 अरब अमेरिकी डॉलर से नौ गुना और प्रति व्यक्ति आय को आज के 2,392 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष से आठ गुना बढ़ाना होगा। इसमें यह भी कहा गया है कि मध्यम आय से उच्च आय स्तर तक प्रगति करने के लिए 20-30 साल तक 7-10 प्रतिशत की सीमा में लगातार वृद्धि की जरूरत होगी और बहुत कम देश ऐसा करने में सफल रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि यह एक ऐसा भारत होगा, जिसमें विकसित देश की विशेषताएं होंगी और जिसकी प्रति व्यक्ति आय उच्च आय वाले देशों के बराबर होगी।

### दुष्कर्म के झूठे मामले में महिला पर कार्रवाई का कोर्ट ने दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज कराने वाली महिला पर पुलिस को कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि महिलाओं को दिए विशेषाधिकारों का इस्तेमाल व्यक्तिगत बदला लेने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शेफाली बरनाला टंडन ने कहा कि ऐसे झूठे आरोप आरोपी के जीवन और सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाते हैं। अदालत आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कहा कि 14 जुलाई को व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी लेकिन अगले दिन महिला ने मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दिया कि वह स्वेच्छा से आरोपी के साथ होटल में गई थी, जहां उन्होंने सहमति से यौन संबंध बनाए। कोर्ट ने कहा कि आरोपी से झगड़े के बाद महिला ने पुलिस को बुलाया तथा दुष्कर्म का आरोप लगा दिया।

# सभी भारतीयों पर बाल विवाह निषेध अधिनियम लागू होता है : न्यायालय

कोच्चि, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने बाल विवाह के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने की याचिका पर की सुनवाई

केरल हाईकोर्ट ने व्यवस्था दी कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 सभी भारतीयों पर लागू होता है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। हर भारतीय पहले एक नागरिक है और फिर किसी धर्म का सदस्य बनता है।

न्यायमूर्ति पीवी कुन्हिकृष्णन ने बाल विवाह के खिलाफ पलक्कड़ में 2012 में दर्ज मामले को रद करने की याचिका पर दिए आदेश में कहा कि चाहे व्यक्ति किसी धर्म का हो, यह अधिनियम सभी पर लागू होता है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट के समक्ष दलील दी कि मुस्लिम होने के नाते लड़की को 15 वर्ष की आयु में शादी करने का धार्मिक अधिकार प्राप्त है। इन याचिकाकर्ताओं में उस समय नाबालिग रही लड़की का पिता भी शामिल था। कोर्ट ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को पहले भारत का नागरिक होना चाहिए, उसके बाद उसका धर्म आता है। मेरा यह मानना है कि व्यक्ति चाहे किसी भी धर्म का हो, चाहे वह हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, पारसी आदि कुछ भी हो, अधिनियम 2006 सभी पर लागू होता है। इसने यह भी कहा कि बाल विवाह के खिलाफ शिकायत मुस्लिम समुदाय के ही एक व्यक्ति ने दायर की थी।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### एनएफआईआर के लिए विधेयक अगले सत्र में होगा पेश : डीईए सचिव

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा है कि राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री (एनएफआईआर) की स्थापना के लिए विधेयक अंतिम चरण में है और इसे संसद के अगले सत्र में पेश किया जा सकता है। बजट के बाद दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि यह अंतिम चरण में है। यह अंतर-मंत्रालयी परामर्श के अंतिम चरण में है। हम जल्द ही विधेयक को अंतिम रूप देंगे। उन्होंने कहा कि इसे संसद के चालू सत्र में पेश नहीं किया जा सकता है, लेकिन अगले सत्र में पेश किया जा सकता है। एनएफआईआर का मकसद ऋण संबंधी जानकारी के लिए सार्वजनिक अवसंरचना का निर्माण करना और ऋण देने वाली एजेंसियों को सही जानकारी उपलब्ध कराना है

### अल्ट्राटेक 3,954 करोड़ में इंडिया सीमेंट में 32.72% अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदेगी

**नई दिल्ली।** प्रमुख सीमेंट विनिर्माता अल्ट्राटेक 3,954 करोड़ रुपये में इंडिया सीमेंट लिमिटेड में 32.72% अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदेगी। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी के निदेशक मंडल ने रविवार को इंडिया सीमेंट लिमिटेड (आईसीएल) के प्रवर्तकों की 32.72% हिस्सेदारी 390 रुपये प्रति शेयर के भाव पर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अल्ट्राटेक ने रविवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, श्रीनिवासन एन और गुरुनाथ की अगुवाई वाले प्रवर्तक परिवार तथा होल्डिंग संस्थाओं से आईसीएल की इक्विटी शेयर पूंजी का 32.72% हिस्सा खरीदने के लिए तीन शेयर खरीद समझौते किए हैं। इस 3,954 करोड़ के सौदे के पूरा होने के बाद, आईसीएल में अल्ट्राटेक की हिस्सेदारी 55% से अधिक होगी। ऐसे में उसे सेबी के नियमों के अनुसार खुली पेशकश लानी होगी।

# 6 कंपनियों की पूंजी 1.85 लाख करोड़

## भारतीय जीवन बीमा निगम और इन्फोसिस सबसे अधिक लाभ में रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,85,186.51 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और इन्फोसिस रहीं।

गत सप्ताह सेंसेक्स 728.07 अंक या 0.90% चढ़ गया। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 44,907.49 करोड़ बढ़कर 7,46,602.73 करोड़ रुपये हुआ। इन्फोसिस 35,665.92 करोड़ बढ़कर 7,80,062.35 करोड़ रुपये पहुंचा। आईटीसी 35,363.32 करोड़ चढ़कर 6,28,042.62 करोड़ रुपये बढ़ा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 30,826.1 करोड़ का उछाल लेकर 15,87,598.71 करोड़ रुपये पहुंच गया। भारती एयरटेल 30,282.99 करोड़ बढ़कर 8,62,211.38 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक 8,140.69 करोड़ बढ़कर 12,30,842.03 करोड़ रुपये हो गया।

वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज 62,008.68 करोड़ घटकर 20,41,821.06 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 28,511.07 करोड़ गिराकर 8,50,020.53 करोड़, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 23,427.1 करोड़ घटकर 7,70,149.39 करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर 3,500.89 करोड़ घटकर 6,37,150.41 करोड़ रुपये आ गया।

### फेडरल रिजर्व के ब्याज दर से तय होगी बाजार की दिशा



**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, कंपनियों के तिमाही नतीजे, वृहद आर्थिक आंकड़े और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों का कहना है कि निवेशक आगे के संकेतकों के लिए वैश्विक बाजार के रुझान और कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव पर भी नज़र रखेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह सभी का ध्यान वैश्विक संकेतकों विशेषरूप से अमेरिकी बाजारों पर रहेगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व 31 जुलाई को ब्याज दर पर अपने निर्णय की घोषणा करेगा। बाजार इस साल ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कर रहा है। अमेरिका और चीन के आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे महत्वपूर्ण रहेंगे। इस सप्ताह गेल, अदाणी पावर, बैंक ऑफ बड़ौदा, बीएचईएल, कोल इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, टाटा स्टील, अदाणी एंटरप्राइजेज और टाटा मोटर्स तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी।

### सभी के लिए कर क्लियरेंस प्रमाणपत्र जरूरी नहीं : विभाग

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने स्पष्ट किया है कि वित्त विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों के मद्देनजर सभी लोगों को विभाग से कर भुगतान प्राप्त करने की जरुरत नहीं है बल्कि कालाधन अधिनियम 2015 में किए गए प्रावधानों के दायरे में आने वालो को यह प्रमाण पत्र हासिल करना होगा।

मीडिया और सोशल मीडिया पर आ रही खबरों के बीच केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने रविवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 230 के अनुसार, हर व्यक्ति को कर क्लियरेंस प्रमाणपत्र प्राप्त करना जरुरत नहीं है। कुछ मामले में जिनके संबंध में ऐसी परिस्थितियाँ मौजूद हैं जो कर क्लियरेंस प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक बनाती हैं, उन्हें ऐसा प्रमाणपत्र प्राप्त करने की जरुरत होगी।

# उत्पादन बढ़ाने को 119 प्रोजेक्ट पर काम कर रही है कोल इंडिया

कोलकाता, एजेंसी

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) 89.6 करोड़ टन सालाना क्षमता और 1,33,576 करोड़ की स्वीकृत पूंजी वाली 119 परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है। खनन कंपनी ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि ये परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरण में हैं और उत्पादन क्षमता बढ़ाने व भविष्य की कोयला मांग को पूरा करने के लिए सक्रिय रणनीति का हिस्सा हैं।

कंपनी ने पूंजीगत व्यय के लिए कोई समयसीमा नहीं बताई, लेकिन उसने कहा कि इन परियोजनाओं के विकास में उन्नत खनन प्रौद्योगिकियों और बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश शामिल है, जिसका उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाना और टिकाऊ खनन प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करना है। कोलकाता मुख्यालय वाली कंपनी ने देश की कोयला मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य का समर्थन करने के लिए 2025-26 तक 1 अरब टन का उत्पादन हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष (2023-24) में कंपनी का उत्पादन 77.36 करोड़ टन रहा था। सीआईएल ने कहा कि 2023-24 में दो करोड़ टन की स्वीकृत क्षमता और 1,783.09 करोड़ रुपये की स्वीकृत पूंजी वाली एक कोयला खनन परियोजना पूरी हो गई है। यह निर्धारित समयसीमा के भीतर बड़े पैमाने पर परियोजनाओं को निष्पादित करने की हमारी क्षमता को प्रदर्शित करती है।



- कंपनी ने 1 अरब टन कोयला उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा

# व्यापार मुद्दों पर रूस, यूएई के मंत्रियों के साथ की वाणिज्य सचिव ने बैठक

- रूस के साथ 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने द्विपक्षीय व्यापार मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए रूस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। अधिकारी ने रविवार को बताया कि बर्थवाल ने ये बैठकें 26 जुलाई को मास्को में 14वें ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के वाणिज्य मंत्रियों की बैठक से इतर कीं।

सचिव ने रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेत्निकोव, यूरेशियन आर्थिक आयोग के व्यापार बोर्ड के सदस्य (मंत्री) आंद्रेई स्लेपनेव, उद्योग और व्यापार उप मंत्री एलेक्सी ग्रुज़देव, एफएसवीपीएस (पशु चिकित्सा और पादप स्वच्छता पर्यवेक्षण) के प्रमुख सर्गेई डैंकवर्ट के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के व्यापार, उद्योग एवं प्रतिस्पर्धा विभाग के उप मंत्री जुको गोडलिंपी और यूएई के विदेश व्यापार मंत्री थानी बिन अहमद अल जेयौदी से भी मुलाकात की। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि इन बैठकों में द्विपक्षीय व्यापारिक मुद्दों पर उनके शीघ्र समाधान के लिए चर्चा की गई। रूस के साथ बैठकें महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, झींगा और फार्मा जैसे क्षेत्रों में गैर-व्यापार बाधाओं के मुद्दों को उठा रहा है ताकि रूस को निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके और लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ा जा सके।

### एफपीआई ने जुलाई में 33,600 करोड़ किए निवेश

**नई दिल्ली।** नीतिगत सुधार की उम्मीद, सतत आर्थिक वृद्धि और कंपनियों के बेहतर नतीजों के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने भारतीय शेयर बाजार में 33,600 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

बजट में वायदा और विकल्प व्यापार और इक्विटी निवेश से पूंजीगत लाभ पर कर में बढ़ोतरी के बाद एफपीआई ने 3 कारोबारी सत्रों में शेयरों से 7,200 करोड़ से अधिक की निकासी की है। शेयर बाजार इस साल विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 5 गुना बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

**निवेश जून में समाप्त तिमाही में 94,151 करोड़ रुपये पहुंचा**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश जून, में समाप्त तिमाही में पांच गुना बढ़कर 94,151 करोड़ पहुंच गया है। एक साल पहले समान तिमाही में यह आंकड़ा 18,358 करोड़ था। मजबूत आर्थिक माहौल, सरकार की अनुकूल राजकोषीय नीतियां, निवेशकों का भरोसा और शेयर बाजारों में तेजी के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड को लेकर आकर्षण बढ़ा है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार, जून में उद्योग के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 59% बढ़कर 27.68 लाख करोड़ हो गईं, जो एक साल पहले 17.43 लाख करोड़ थीं। परिसंपत्ति आधार में मजबूत वृद्धि के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड के निवेशकों की संख्या भी बढ़ी है। निवेशक आधार 3 करोड़ बढ़ा है और फोलियो की संख्या बढ़कर 13.3 करोड़ हुई है। स्टॉक ट्रेडिंग मंच ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) त्रिवेश डी ने बताया कि इक्विटी फोलियो की संख्या से पता चलता है कि विभिन्न निवेशक खंडों में भागीदारी व्यापक है। इसकी वजह वित्तीय जागरूकता तथा निवेश मंचों तक सुगम पहुंच है। एम्फी के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड में जून 2024 को समाप्त तिमाही में 94,151 करोड़ का निवेश हुआ। अप्रैल में 18,917 करोड़, मई में 34,697 करोड़ और जून में 40,537 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इक्विटी फंड में निवेश जून तिमाही में पांच गुना बढ़कर 94,151 करोड़ रुपये हो गया। यह जून, 2023 को समाप्त तिमाही में 18,358 करोड़ था। मार्च, 2024 की पिछली तिमाही की तुलना में जून तिमाही में निवेश 32% अधिक रहा है।



- निवेशकों का भरोसा और शेयर बाजारों में तेजी से फंड को लेकर बढ़ा आकर्षण



# पेरिस ओलंपिक 2024

## तीसरे दिन भारत के मुकाबले

**तीरंदाजी :** पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल : तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव – शाम 6 :30 बजे

**बैडमिंटन :** पुरुष युगल (ग्रुप चरण) : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल (जर्मनी) – दोपहर 12 बजे

**महिला युगल (ग्रुप चरण) :** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा (जापान) – दोपहर 12 :50 बजे

**पुरुष एकल (ग्रुप चरण) :** लक्ष्य सेन बनाम जूलियन कैरेगी (बेल्जियम) – शाम 5 :30 बजे

**निशानेबाजी :** 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन : मनु भाकर और सरबजोत सिंह, रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा – दोपहर 12 :45 बजे

**पुरुष ट्रैप क्वालीफिकेशन :** पृथ्वीराज तोंडईमान– 1 :00 बजे

**10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल :** रमिता जिंदल – दोपहर 1 :00 बजे

**10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल :** अर्जुन बबूता – दोपहर 3 :30 बजे

**हॉकी :** पुरुष पूल बी मैच : भारत बनाम अर्जेन्टीना– शाम 4 :15 बजे

**टेबल टेनिस :** महिला एकल (राउंड ऑफ 32) : श्रीजा अकुला बनाम जियान जेंग (सिंगापुर)– रात 11 :30 बजे

## खेल डायरी

### सुमित नागल पुरुष एकल के पहले दौर में बाहर

**पेरिस।** भारत के नंबर एक खिलाड़ी सुमित नागल रविवार को यहां ओलंपिक पुरुष एकल टेनिस प्रतियोगिता के तीन सेट तक चले पहले दौर के मुकाबले में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से हारकर बाहर हो गए। भारत के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को दो घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 2–6, 6–2, 5–7 से हार मिली। दोनों खिलाड़ियों ने पहले दो सेट 6–2 के समान स्कोर से जीते। पर 65 मिनट तक चले निर्णायक सेट में फ्रांस के खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी की चुनौती पस्त कर दी।

### श्रीहरि, धिनिधि सेमीफाइनल में पहुंचने से चूके

**नांटेरे (फ्रांस)।** पेरिस ओलंपिक की तैराकी स्पर्धा में भारत की चुनौती रविवार को खत्म हो गई जब श्रीहरि नटराज और धिनिधि देसिंघु अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके। नटराज 55 .01 सेकंड की टाइमिंग के साथ 100 मीटर बैकस्ट्रोक में संयुक्त दूसरे और ओवरआल तालिका में 33वें स्थान पर रहे। शीर्ष 16 तैराक ही सेमीफाइनल में पहुंचते हैं। नटराज का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53 .77 सेकंड का है। पहली बार ओलंपिक में उतरी भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य 14 वर्ष की देसिंघु 200 मीटर महिला फ्रीस्टाइल हीट में अव्वल रही। पहली हीट में उन्होंने 2 :06 .96 का समय निकाला लेकिन 30 प्रतियोगियों में वह 23वें स्थान पर रहीं।

### भारतीय महिला तीरंदाजी टीम क्वार्टर फाइनल में हारी

**पेरिस।** भारतीय महिला तीरंदाजी टीम पेरिस ओलंपिक में रविवार को क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 0–6 से हार गई। अपना चौथा ओलंपिक खेल रही दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और भजन कौर की तिकड़ी 51–52, 49–54, 48–53 से हार गई। अंकिता और दीपिका ने बेहद खराब जबकि भजन ने अच्छा स्कोर बनाया। भारत ने क्वालीफिकेशन में चौथे स्थान पर रहने के बाद क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाई थी।

# मनु भाकर ने टोक्यो के आंसुओं को जश्न में बदला

## पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता भी खोला, 0.1 अंक से रजत पदक से चूकीं

शेटराउ (फ्रांस), एजेंसी

- दक्षिण कोरियाई खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण और रजत पदक
- लंदन ओलंपिक 2012 के बाद निशानेबाजी में पहला पदक



तीन बरस पहले टोक्यो में अपने पहले ओलंपिक में पिस्टल में खराबी आने के कारण निशानेबाजी रेंज से रोते हुए निकलीं मनु भाकर ने जुझारूपन और जीवट की नई परिभाषा लिखते हुए पेरिस में पदक के साथ उन सभी जख्मों पर मरहम लगाया और हर खिलाड़ी के लिये एक नजीर भी बन गईं। टोक्यो ओलंपिक के बाद कुछ दिन अवसाद में रही मनु ने करीब एक महीने तक पिस्टल नहीं उठाई। लेकिन फिर उस बुरे अनुभव को ही अपनी प्रेरणा बनाया और पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल में कांसे के साथ भारत का खाता भी खोला। वह ओलंपिक के इतिहास में भारत के लिए पदक जीतने वाली पहली महिला निशानेबाज बन गईं।

मनु का टोक्यो ओलंपिक में इसी स्पर्धा के क्वालिफिकेशन के दौरान पिस्टल में खराबी के कारण आंसुओं के साथ अभियान समाप्त हो गया था लेकिन आज उनके चेहरे पर मुस्कान थी। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद भारत का निशानेबाजी में यह पहला ओलंपिक पदक है। हरियाणा के झज्जर की रहने वाली 22 साल की मनु ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 221.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज जब बाहर हुईं तो दक्षिण कोरिया की येजी किम से सिर्फ 0.1 अंक पीछे थीं, जिन्होंने अंततः 241.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। किम की हमवतन ये जिन ओह ने 243.2 अंक से फाइनल के ओलंपिक रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

कांटे के फाइनल में जब तीसरे स्थान के लिए उनके नाम का ऐलान हुआ तो उनके चेहरे पर सुकून की एक मुस्कान थी और एक कसक भी कि 0.1 अंक और होते तो पदक का रंग कुछ और होता। लेकिन ओलंपिक पदक तो ओलंपिक पदक है। इसलिये भी अहम है क्योंकि पिछले 12 साल से भारतीय निशानेबाज ओलंपिक से खाली हाथ लौट रहे थे। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में दर्जनों पदक जीत चुके पिस्टल निशानेबाजी के लीजेंड जसपाल राणा के साथ मनु का खट्टा मीठा रिश्ता रहा है। वह 2018 एशियाई खेलों से पहले मनु के कोच बने और उनके मार्गदर्शन में मनु ने सीनियर विश्व कप के दस पदक (2018 से 2021) जीते। टोक्यो ओलंपिक से पहले मार्च 2021 में मनमुटाव के कारण दोनों अलग हो गए थे। पिछले साल मनु ने एक बार फिर द्रोणाचार्य सम्मानित कोच राणा के साथ जुड़ने का फैसला किया।

**पदक तालिका**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 0 | 6 |
| कोरिया | 3 | 2 | 1 | 6 |
| चीन | 3 | 1 | 1 | 5 |
| जापान | 3 | 1 | 1 | 5 |
| फ्रांस | 2 | 2 | 2 | 6 |
| अमेरिका | 1 | 3 | 2 | 6 |
| कजाखस्तान | 1 | 0 | 2 | 3 |
| बेल्जियम | 1 | 0 | 1 | 2 |
| जर्मनी | 1 | 0 | 0 | 1 |
| हांगकांग | 1 | 0 | 0 | 1 |
| उज्बेकिस्तान | 1 | 0 | 0 | 1 |
| इटली | 0 | 2 | 3 | 5 |
| भारत | 0 | 0 | 1 | 1 |

## प्रणय ने रोथ को हराकर जीत से किया आगाज

**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय ने रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप के मैच में जर्मनी के फैबियन रोथ खिलाफ सीधे गेमों में जीत से की। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज प्रणय ने 45 मिनट तक चले इस मैच को 12-18, 21-12 से अपने नाम किया। जर्मनी के खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में प्रणय को कड़ी टक्कर दी लेकिन दूसरे गेम में आसानी से मुकाबला अपने नाम किया।

## अर्जुन और रमिता 10 मी. एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में



**शेटराउ (फ्रांस)।** भारतीय निशानेबाज अर्जुन बबूता ने रविवार को यहां क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। 25 साल के बबूता ने 105 .7, 104 .9, 105 .5, 105 .4, 104 .0 और 104 .6 अंक की सीरीज के साथ कुल 630 .1 अंक जुटाए। बबूता सोमवार को आठ निशानेबाजों के फाइनल में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। वहीं रमिता जिंदल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में फाइनल में जगह बना ली हैं। रमिता 60 शॉट के क्वालीफाइंग राउंड में 631 .5 का स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की। रमिता ने पहली सीरीज में 104 .3, दूसरी में 106 .0, तीसरी में 104 .9, चौथी में 105 .3, पांचवीं में भी 105 .3 और छठी सीरीज में 105 .7 अंक हासिल किए। रमिता की हमवतन इलावेनिल वलारिवन ने कड़ी टक्कर दी लेकिन वह बहुत कम अंतर से पीछे रह गईं। 630 .7 के स्कोर के साथ वलारिवन की उम्मीदें अंतिम सीरीज में धराशायी हो गईं।

## पीवी सिंधु ने पहला मुकाबला जीता



**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन स्टार और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए मालदीव की फतिमाथ अब्दुल रज्जाक पर मात्र 29 मिनट में जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। सिंधु ने आज यहां ग्रुप एम के मुकाबले में फतिमाथ अब्दुल रज्जाक को 21–9, 21–6 से हराया। सिंधु ने पहले गेम में दबदबा बनाते हुए शुरुआती बढ़त हासिल की और पूरे समय मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। फ़तिमाथ को सिंधु की गति और सटीकता का सामना करने में संघर्ष करना पड़ा। सिंधु ने पहला सेट 21–9 से आसानी से जीत लिया। इसके बाद दूसरे गेम में भी सिंधु ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए मध्य–खेल अंतराल पर 11–3 की बढ़त हासिल की और दूसरा सेट 21–6 से जीतकर मुकाबला भी जीत लिया। सिंधु बुधवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा से भिड़ेंगी।

## निकहत जरीन मुक्केबाजी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



**पेरिस।** दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने रविवार को यहां जर्मनी की मैक्सी करीना क्लोएट्जर पर जीत के साथ महिलाओं के 50 किग्रा ओलंपिक के प्री–क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस 28 साल की गैरवरीय मुक्केबाज ने यहां नॉर्थ पेरिस एरेना अंतिम 32 दौर के मुकाबले में जर्मनी की मुक्केबाजी के खिलाफ 5–0 से जीत हासिल की। निकहत के सामने गुरुवार को खेल जाने वाले प्री–क्वार्टर फाइनल में एशियाई खेलों और मौजूदा फ्लाईवेट विश्व चैंपियन चीन की वू यू की चुनौती होगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त वू यू को पहले दौर में बाई मिली है। ओलंपिक में पदार्पण कर रही निकहत पदक की मजबूत दावेदार है। क्लोएट्जर के खिलाफ अपने मुकाबले में वह अच्छी शुरुआत करने में विफल रही। जर्मनी की मुक्केबाज ने शुरुआत में आक्रामक रुख अपनाकर निकहत को चौंकाया। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों ने एक–दूसरे को कुछ सटीक पंच लगाये।

# नौकायन: पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में बलराज

पेरिस, एजेंसी

- रेपेचेज से शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल के लिए करते हैं क्वालीफाई

भारत के बलराज पंवार रविवार को पेरिस ओलंपिक में रेपेचेज दो में दूसरे स्थान पर रहते हुए नौकायन की पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। बलराज ने सात मिनट 12.41 सेकेंड का समय लिया और मानाको के क्वेंटिन एंटोगनेली से पीछे रहे जो सात मिनट 10:00 सेकेंड के समय से शीर्ष पर रहे।

प्रत्येक रेपेचेज से शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। पंवार पूरी रेस के दौरान दूसरे स्थान पर बने रहे। उन्होंने 500 मीटर की दूरी को एक मिनट 44:13 सेकेंड, 1000 मीटर की दूरी को तीन मिनट 33:94 सेकेंड और फिर 1500 मीटर की दूरी को पांच मिनट 23:22 सेकेंड में पार किया। इसके बाद उन्होंने 2000 मीटर की दूरी की रेस सात मिनट 12.41 सेकेंड में पूरी की। शनिवार को बलराज इसी स्पर्धा में सात मिनट 07:11 सेकेंड के समय से चौथे स्थान पर रहे थे। रेपेचेज एक में स्लोवेनिया के इवान इसाक जवेगेल्ज और पैराग्वे के जेवियन इन्सफ्रान क्रमशः सात मिनट 6.90 सेकेंड और सात मिनट 8.29 सेकेंड से शीर्ष दो स्थान पर रहे।

# मनिका व श्रीजा राउंड 32 में पहुंचीं

पेरिस, एजेंसी



- शरत कमल हारकर पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल प्रतियोगिता से बाहर हो गए



भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल प्रतियोगिता से बाहर हो गए जबकि स्टार महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा ने राउंड 64 में अपनी प्रतिद्वंद्वी को 4-1 से हराकर अपना अभियान शुरू किया। अपना पांचवा ओलंपिक खेल रहे 42 वर्षीय शरत को 53 मिनट तक चले मैच में अपने से 86 पायदान नीचे के प्रतिद्वंद्वी स्लोवेनिया के डेनी कोजुल से 2-4 (12-10 9-11 6-11 7-11 11-8 10-12) से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज शरत ने पहला गेम जीता लेकिन इसके बाद अगले तीन गेम में उन्हें हार झेलनी पड़ी। यह भारतीय खिलाड़ी जब पीछे चल रहा था, तब उन्होंने पांचवा गेम जीत कर स्कोर 2-3 किया लेकिन आखिर में वह विश्व में 126वें नंबर के खिलाड़ी को जीत से नहीं रोक सके।

महिला एकल मैच में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन और 18वीं वरीय मनिका ने 41 मिनट में हर्से को 11-8 12-10 11-9 9-11 11-5 से मात दी। अब मनिका का सामना 31 जुलाई को राउंड 32 मैच में फ्रांस की 12वीं वरीय प्रीथिका पवाडे से होगा। इससे पहले श्रीजा अकुला ने स्वीडन की क्रिस्टीना कल्बर्ग पर 4-0 की शानदार जीत के साथ राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया। डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचने वाली श्रीजा ने स्वीडन की खिलाड़ी को 30 मिनट में 11-4, 11-9, 11-7, 11-8 से पराजित किया।

## नडाल एकल के पहले दौर में जीते

**पेरिस।** स्पेनिश स्टार राफेल नडाल ने पेरिस ओलंपिक में अंतिम मिनट में एकल में खेलने का फैसला करते हुए रविवार को पहले दौर के मैच में मार्टन फुकसोविक्स पर जीत दर्ज की और अब उनका सामना सर्बिया नोवाक जोकोविच से होगा। नडाल ने यहां 14 बार रोलां गैरों की लाल बजरी पर रिकॉर्ड फ्रेंच ओपन खिताब जीते हैं। उन्होंने फुकसोविक्स पर 6-1, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। नडाल और अल्काराज की जोड़ी ने युगल के पहले दौर में शनिवार को अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी को 7-6, 6-4 से मात दी थी और साढ़े 18 घंटे बाद नडाल फिर से एकल खेलने कोर्ट पर थे, जिसमें खेलने को लेकर पहले स्पष्टता नहीं थी।

# जीत की लय कायम रखने उतरेगी हॉकी टीम

पेरिस, एजेंसी

जीत के साथ शुरुआत करने वाली भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक पुरुष हॉकी स्पर्धा के दूसरे मैच में रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना के खिलाफ इस लय को कायम रखने उतरेगी। भारत ने रोमांचक पहले मैच में शनिवार को आखिरी सीटी बजने से डेढ मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर न्यूजीलैंड को हराया।

अर्जेंटीना की टीम मैन टू मैन मार्किंग में मुस्तैद है और भारत को इसमें सेंध लगानी होगी। भारत को ओलंपिक में कठिन पूल बी मिला है जिसमें मौजूदा चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड हैं। भारत के लिए न्यूजीलैंड, अर्जेंटीना और आयरलैंड के खिलाफ पहले तीनों मैच काफी अहम है, जिसके बाद सामना बेल्जियम और आस्ट्रेलिया से होगा। अर्जेंटीना को हराने पर क्वार्टर फाइनल की राह पक्की हो जायेगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश एक बार फिर दीवार की तरह गोल के सामने खड़े रहे। श्रीजेश का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट है। भारत अभी पूल बी में बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर है लेकिन अभी सभी टीमों ने एक एक मैच ही खेला है।

## नाइजीरिया की मुक्केबाज डोपिंग के कारण निलंबित


**पेरिस।** नाइजीरिया की मुक्केबाज सिंथिया ओगुनसेमिलोर को प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थ के सेवन का दोषी पाए जाने के बाद पेरिस ओलंपिक खेलों से बाहर कर दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के अनुसार अफ्रीकी खेलों की लाइटवेट चैंपियन ओगुनसेमिलोर का गुरुवार को परीक्षण किया गया था और उनके मूत्र में फ़्यूरोसेमाइड पाया गया है। फ़्यूरोसेमाइड एक मास्किंग एजेंट है जो अन्य दवाओं की उपस्थिति को छिपा सकता है। एजेंसी के अनुसार ओगुनसेमिलोर को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और वह ओलंपिक में भाग नहीं ले सकती हैं। इस 22 वर्षीय मुक्केबाज को 60 किग्रा भार वर्ग में चौथी वरीयता दी गई थी तथा उन्हें अपना पहला मुकाबला सोमवार को खेलना था। ओगुनसेमिलोर ने पिछले साल अफ्रीकी खेलों का खिताब जीता था।

# श्रीलंका बना एशिया का चैंपियन

**महिला टी20 एशिया कप**

दाम्बुला, एजेंसी

- समरविक्रमा और चमारी अटापट्टू की पारी से आठ विकेट से जीता
- लचर क्षेत्ररक्षण व खराब प्रदर्शन बना भारत की हार का कारण




हर्षिता समरविक्रमा चमारी अटापट्टू

हर्षिता समरविक्रमा और कप्तान चमारी अटापट्टू की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 63 गेंद में 87 रन की साझेदारी के दम पर श्रीलंका ने महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में रविवार को यहां भारत को आठ विकेट से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया। भारत को छह विकेट पर 165 रन पर रोकने के बाद श्रीलंका ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 167 रन बनाकर यादगार जीत दर्ज की।

भारतीय टीम की इस हार में खराब गेंदबाजी के साथ बेहद लचर क्षेत्ररक्षण का भी हाथ रहा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने समरविक्रमा का आसान कैच टपकाया जिन्होंने 51 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और दो छक्के की मदद से 69 रन बनाये। चमारी ने 43 गेंद में नौ चौके और दो छक्के की मदद से 61 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को हावी होने का मौका नहीं दिया। कप्तान के आउट होने के बाद समरविक्रमा ने कविशा दिलहारी के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 गेंद में 73 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। विजयी छक्का लगाने वाली दिलहारी ने 16 गेंद की नाबाद पारी में 30 रन बनाये। दिलहारी ने इससे पहले गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए 36 रन देकर दो विकेट चटकाये थे। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 47 गेंद की अपनी पारी 10 चौके की मदद से 60 रन की पारी खेल बड़े स्कोर की नींव रखी। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (16) के साथ 44 रन की साझेदारी कर टीम को सधी शुरुआत दिलाई जबकि जेमिमा रोड्रिग्स के साथ चौथे विकेट के लिए तेजी से 41 रन रन जोड़े।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर श्रृंखला क्लीन स्वीप की

**बर्मिंघम (इंग्लैंड)।** बेन स्टोक्स के अपने देश के लिए सबसे तेज अर्धशतक और मार्क वुड के पांच विकेट से इंग्लैंड ने रविवार को यहां तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की। इंग्लैंड के कप्तान ने 28 गेंद में 57 रन बनाए और क्रेग ब्रैथवेट की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। बेन डकेट ने 16 गेंद में 25 रन का योगदान दिया। इस सलामी जोड़ी ने लगभग 12 के रन रेट से रन जुटाये जिससे इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 7.2 ओवर में बिना विकेट गंवाये 87 रन बनाकर जीत हासिल की। वेस्टइंडीज ने दो विकेट पर 33 रन से खेलना शुरू किया लेकिन वुड की गेंदबाजी के सामने पूरी टीम 175 रन पर ढेर हो गई जिन्होंने 40 रन देकर पांच विकेट झटके। इससे इंग्लैंड को जीत के लिए 82 रन का लक्ष्य मिला।

# वर्षा बाधित मैच में भारत की जीत

पल्लेकेले, एजेंसी

- डकवर्थ लुईस नियम से श्रीलंका को सात विकेट से रौंदा
- भारत की ओर से गेंदबाज रवि विश्नोई ने तीन विकेट झटके




रवि विश्नोई

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद यशस्वी, सूर्या और हार्दिक की तूफानी पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को वर्षा बाधित दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को सात विकेट से हरा दिया है। इसी के भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के स्कोर छह रन था कि बारिश ने दोबारा शुरु हो गई। इसके बाद डकवर्थ लुईस नियम के तहत बारिश से बाधित मुकाबले में भारतीय टीम को आठ ओवर में 78 रन का लक्ष्य मिला। जिसे उसने 6.3 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 81 रन बनाकर हासिल कर लिया।

यशस्वी ने 15 गेंदों में 30 रन बनाए जबकि कप्तान सूर्याकुमार ने 12 गेंदों पर ताबड़तोड़ 26 रन की पारी खेली। हार्दिक पंड्या नौ गेंदों में 22 रन और ऋषभ पंत दो रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा, वानिंदु हसरंगा और मतीशा पतिराना ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारत ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। श्रीलंका ने कुशल परेरा के शानदार अर्द्धशतक (53) और पतुम निसंका के (32) रनों की बदौलत भारत को जीत के लिए 162 रनों का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। इसके बाद पतुम निसंका एवं कुसल परेरा ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। भारत की ओर से रवि विश्नोई ने तीन विकेट झटके वहीं अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल, हार्दिक पांडया ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

